| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 36.2 | 20.4 |
| डालटनगंज | 40.8 | 20.1 |
| धनबाद | 38.6 | 25.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 16 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण 06, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 99 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### एक्टर और प्रोड्यूसर धीरज का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड और टेलीविजन की दुनिया के एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर धीरज कुमार का निधन हो गया है. उन्हें 3 दिन पहले कोकिला बेन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था. 79 साल के धीरज एक्यूट निमोनिया से पीड़ित थे जिसके चलते उन्होंने अब दुनिया को अलविदा कह दिया. धीरज कुमार बीती रात से ही वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे. धीरज कुमार के एक करीबी ने बताया, वो बीते शनिवार को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराए गए थे.

### बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के ई-मेल पर मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी अज्ञात शख्स ने दी. जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज परिसर की गहन छानबीन की. एक्सचेंज को मिले धमकी भरे ई-मेल में दावा किया गया था कि बीएसई टावर की इमारत में चार आरडीएक्स आईईडी बम लगाए गए हैं और ये दोपहर 3 बजे फटेंगे. यह धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले शख्स ने अपना नाम कॉमरेड पिनाराई विजयन बताया था.

### नक्सलियों ने माना, मारे गए 357 साथी

**बीजापुर।** सालभर में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 357 नक्सली मारे गए हैं. नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने मंगलवार को जारी बुकलेट में यह स्वीकार किया है. मंगलवार को नक्सलियों ने 24 पेज का गोंडी बोली और अंग्रेजी में बुकलेट भी जारी किया. बुकलेट में लिखा है कि सालभर में नक्सलियों के पोलित ब्यूरो मेंबर और नक्सल संगठन के महासचिव बसवा राजू समेत सेंट्रल कमेटी के 4 सदस्य, स्टेट कमेटी के 16 सदस्य मारे गए हैं.

### आप को महंगी दवाओं से अब मिलेगी राहत

**नयी दिल्ली।** जब बीमारी दस्तक देती है, तो इलाज की चिंता के साथ दवा की कीमतें भी जेब पर बोझ बन जाती हैं. खासकर गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, डायबिटीज के इलाज में दवाएं आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाती हैं. लेकिन अब केंद्र सरकार ने एक अहम फैसला लिया है जो मरीजों को बड़ी राहत देगा. सरकार ने 71 दवाओं की कीमत तय करने का फैसला लिया है. इसमें कैंसर, डायबिटीज और इंफेक्शन जैसी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली प्रमुख दवाएं शामिल हैं.

### हजारीबाग में करंट लगने से दो बच्चे मरे

**हजारीबाग।** जिले के विष्णुगढ़ के कुसुंबा पंचायत के डूमरडीहा गांव में दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई. सीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध रूप से ईंट भट्ठा का संचालन हो रहा था जिसमें अनाधिकृत रूप से बिजली की तार बिछाई गयी थी. इस तार की चपेट में आने से 8 वर्षीय बालक और 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई. दोनों पास के खेत में घूमने गए थे. इसी दौरान दोनों बच्चे करंट की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई.

# 'गगन' जीतकर लौटे शुभांशु शुक्ला

## समंदर में स्प्लैशडाउन...18 दिन बाद धरती पर रखा कदम

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला मंगलवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से धरती पर लौट आए हैं. वह एक्सिओम-4 मिशन पूरा करके साढ़े 22 घंटे की यात्रा के बाद पृथ्वी पर आए हैं. उनकी वापसी का इंतजार पूरे देश को बेसब्री से है. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पोस्ट करके शुभांशु को वापसी के लिए बधाई दी. शुभांशु शुक्ला भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री हैं, जो स्पेस मिशन पूरा करके वापसी किए हैं. वह एक्सिओम-4 मिशन पर गए थे. इस मिशन के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रयोग भी किए. एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ कमांडर पैगी व्हिट्सन, मिशन एक्सपर्ट पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू भी शामिल हैं. ये ड्रैगन 'ग्रेस' अंतरिक्ष यान भारतीय समयानुसार सोमवार शाम 4:45 बजे अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो गया था.

### लैंडिंग का रोमांच

ग्रेस यान की लैंडिंग से पहले एक जोरदार सोनिक बूम सुनाई दिया, जो इसकी तेज गति का संकेत था. लैंडिंग के दौरान संचार कुछ देर के लिए रुका, क्योंकि प्लाज्मा की परत सिग्नल को ब्लॉक कर रही थी. लेकिन रिकवरी टीम नौकाएं और हेलीकॉप्टर तुरंत कार्रवाई में आए. शुभांशु समेत एएक्स-4 क्रू को सुरक्षित बाहर निकाला. इस टीम में पैगी व्हिटसन (कमांडर), स्लावोश उज़नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और टिबोर कपु (हंगरी) भी शामिल थे.



### सफर और लौटने की तैयारी

- 15 जुलाई, दोपहर 3:00 बजे वह पल आया जब भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 18 दिन की आईएसएस यात्रा के बाद धरती पर लौट आए. यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम मिशन 4 का हिस्सा थी. शुभांशु स्पेसएक्स के ग्रेस यान से लौटे और कैलिफोर्निया तट के पास प्रशांत महासागर में सुरक्षित लैंडिंग की.
- 14 जुलाई को शाम 4:45 बजे ग्रेस यान आईएसएश से अलग हुआ. पृथ्वी की ओर बढ़ा. लैंडिंग से पहले, कई चरणों से गुजरा...
- डीऑर्बिट बर्न : यान ने कक्षा से बाहर निकलने के लिए इंजन जला कर गति कम की.
- वायुमंडल में प्रवेश : 27,000 किमी/घंटा की रफ्तार से प्रवेश के दौरान तापमान 1,600 डिग्री तक पहुंचा, जिसे हीट शील्ड ने सहन किया.
- पैराशूट तैनात : वायुमंडल से बाहर निकलने पर पैराशूट खुल कर यान को धीमा किया.
- स्प्लैशडाउन : 15 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे आईएसटी, यान प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतरा.

### पीएम नरेंद्र मोदी ने दी शुभांशु शुक्ला को बधाई

शुभांशु शुक्ला की वापसी पर पीएम मोदी ने खुशी जताई और इस्तकबाल किया है. पीएम ने एक्स लिखा, मैं देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौटे हैं. स्पेस स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है.

### एसआईआरः एनडीए के घटक टीडीपी ने चुनाव आयोग को धर्मसंकट में डाला, कहा

# सबूत देने की जिम्मेदारी वोटर की नहीं



एजेंसियां। नयी दिल्ली

तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने मंगलवार को चुनाव आयोग (ईसी) से अपील की कि आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और यह प्रक्रिया किसी बड़े चुनाव से छह महीने पहले तक न कराई जाए. टीडीपी ने कहा कि जो लोग पहले से ही ताजा वोटर लिस्ट में शामिल हैं, उन्हें दोबारा अपनी पहचान या पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए. यह मांग ऐसे समय में आई है जब बिहार में इसी तरह की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर विवाद चल रहा है. वहां विपक्षी दलों ने आरोप लगाए हैं कि चुनाव से ठीक पहले की जा रही इस प्रक्रिया में नए वोटरों पर सबूत देने की जिम्मेदारी डाल दी गई है, जिससे भ्रम और असंतोष फैल रहा है.

## टीडीपी ने चुनाव आयोग से कर दी बड़ी मांग... पुराने वोटरों की दोबारा पहचान न कराएं

**विशेष सघन पुनरीक्षण का मकसद साफ हो :** टीडीपी ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल वोटर लिस्ट में सुधार और नए नाम जोड़ना होना चाहिए, न कि नागरिकता की जांच. इसके लिए फील्ड अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं.

**वोटर लिस्ट में नाम है तो पात्रता साबित क्यों करें :** अगर कोई व्यक्ति पहले से वोटर लिस्ट में दर्ज है, तो उसे दोबारा अपनी पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, जब तक कोई ठोस वजह न हो. सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए पार्टी ने कहा कि नाम हटाने से पहले जांच जरूरी है और सबूत देने की जिम्मेदारी वोटर की नहीं, बल्कि अधिकारी या आपत्ति करने वाले की होनी चाहिए.

**वक्त से पहले एसआईआर की शुरुआत हो :** चूंकि आंध्र प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव 2029 में है, इसलिए विशेष सघन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए, ताकि पर्याप्त समय मिल सके और पारदर्शी तरीके से काम हो सके.

**माइग्रेशन को ध्यान में रखा जाए :** राज्य में बड़ी संख्या में लोग खासकर ग्रामीण और तटीय इलाकों से अन्य जगहों पर जाते हैं. ऐसे में मोबाइल बीएलओ टीमें लगाई जाएं और अस्थायी पते वाले लोगों को भी वोटर लिस्ट में शामिल किया जाए.

**नाम हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी हो :** अगर किसी का नाम हटाना है, तो उसका कारण साफ बताया जाए और उस व्यक्ति को जवाब देने का मौका दिया जाए.

### राष्ट्रीय स्तर पर टीडीपी ने दिए ये सुझाव

हर साल सीएजी के तहत तीसरे पक्ष द्वारा वोटर लिस्ट का ऑडिट हो. एआई टूल्स का इस्तेमाल कर डुप्लीकेट नामों को रीयल टाइम में पकड़ा जाए. ईपीआईसी कार्ड की डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जाए और एक व्यक्ति को एक यूनिक वोटर आईडी दी जाए. स्याही आधारित सत्यापन की जगह बायोमेट्रिक मॉडल अपनाया जाए. हर इलाके में स्थानीय स्तर पर शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था हो. बीएलए सभी मान्यता प्राप्त पार्टियों से नियुक्त किए जाएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे. जिला स्तर पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने की जानकारी सार्वजनिक की जाए और एक रियल-टाइम डैशबोर्ड बनाया जाए. हर महीने राजनीतिक दलों के साथ बैठकें हों, खासकर डीईओ और ईआरओ स्तर पर. प्रवासी मजदूरों, आदिवासी समुदायों, बुजुर्गों और बेघर लोगों के लिए विशेष नामांकन अभियान चलाए जाएं. अस्थायी पते पर भी वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके, इसके लिए मूल दस्तावेजों के आधार पर अनुमति दी जाए.

**जेडीयू की सफाई :** जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए. जो भी नाम हटाए जाएं, उनका सार्वजनिक तौर पर ब्यौरा होना चाहिए. लोग देखें कि उनका नाम क्यों हटा. जिन्हें नाम हटाने पर आपत्ति है, वे अपनी बात रखें. दूसरी बात कि दस्तावेज अनिवार्य नहीं होने चाहिए. जन्म प्रमाण पत्र या आधार देना अनिवार्य नहीं है. इस प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है. बीएलओ को यह साफ निर्देश होना चाहिए कि दस्तावेज मांगना अनिवार्य नहीं है. पर जमीनी स्तर पर बीएलओ दस्तावेज मांग रहे हैं. तीसरी बात यह कि चुनावी प्रक्रिया के अंतिम समय में इतनी जल्दबाजी क्यों हो रही है?



**विपक्ष का हमला :** माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि यह कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं है. हमें इसकी जानकारी तब मिली, जब बीएलओ घर-घर जाकर दस्तावेज मांगने लगे. आधार, जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का नाम और उनके दस्तावेज भी मांगे जा रहे हैं. पूरे बिहार में इस प्रक्रिया के कारण दहशत का माहौल है.

**चुनाव आयोग की सफाई :** चुनाव आयोग की तरफ से कहा गया है कि यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिसमें किसी को डरने की जरूरत नहीं है. दस्तावेज देना अनिवार्य नहीं है. लेकिन जब आयोग कहता है कि दस्तावेज अनिवार्य नहीं हैं, और बीएलओ दस्तावेज मांग रहे हैं, तो लोगों को भ्रम होता है. इसमें आयोग की जवाबदेही बनती है कि वह अपने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दे और राज्य सरकार से भी कहे कि बीएलओ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता हो.



### गुरुजी से मिलने अस्पताल पहुंचे गडकरी

# सीएम हेमंत सोरेन से ली स्वास्थ्य की जानकारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संरक्षक शिबू सोरेन इन दिनों अस्वस्थ हैं और उनका इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा है. मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अस्पताल पहुंच कर शिबू सोरेन से मुलाकात की और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. नितिन गडकरी ने शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और उनके परिवार को ढांढस बंधाया. इस दौरान उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री और शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन से भी बातचीत की और परिवार की स्थिति को समझा. उन्होंने काफी देर तक हेमंत सोरेन के साथ गुरुजी के स्वास्थ्य को चर्चा की. गडकरी ने कहा कि शिबू सोरेन न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश की राजनीति के एक मजबूत स्तंभ रहे हैं और उनके बेहतर स्वास्थ्य की सबको चिंता है.

### झारखंड की कोल परियोजना का मामला

# भ्रष्टाचार में सीसीएल के मैनेजर समेत 4 गिरफ्तार

एजेंसियां। नयी दिल्ली

झारखंड के हजारीबाग में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के गिद्दी-ए कोलियरी प्रोजेक्ट से जुड़े मैनेजर, दो क्लर्क और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर कोयला उठाने और उसके परिवहन में रिश्वत लेकर फायदा पहुंचाने का आरोप है.

सीबीआई की ओर से इसी साल 6 मार्च को संयुक्त आकस्मिक जांच के बाद यह मामला दर्ज किया गया था. जांच में सामने आया था कि आरोपितों ने निजी लाभ के लिए कई कोयला उठाने वालों को अवैध तरीके से मदद दी. इस मामले में कुछ अज्ञात सरकारी और निजी लोगों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है. गिरफ़्तार किए लोगों में अयोध्या करमाली (मैनेजर), मुकेश कुमार (क्लर्क), प्रकाश महली (क्लर्क) और विजय कुमार सिंह शामिल हैं, चारों आरोपितों को रांची में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश के सामने पेश किया जाएगा. सीबीआई की तरफ से बताया गया है कि मामले की जांच अभी जारी है और आगे अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है.

### निमिषा को राहत, टल गई सजा-ए-मौत सजा

**नयी दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बड़ी राहत मिली है. भारत सरकार के प्रयासों के चलते फिलहाल स्थानीय प्रशासन ने उनकी सजा को टाल दिया है. निमिषा प्रिया के वकील और परिजनों को वक्त दिया है कि वे मृतक तलाल अबदो मेहदी के परिवार से डील कर सकें. उन्हें ब्लड मनी लेने के लिए राजी कर सकें ताकि निमिषा प्रिया की सजा माफ हो जाए. मंगलवार सुबह 10:30 बजे मीटिंग थी, जिसके बाद यह फैसला हुआ है. इस मीटिंग में केरल के एक मुफ्ती अबू बकर मुसलियार के दोस्त शेख हबीब उमर भी मौजूद थे. अब तक यमन की अदालत पर तय था कि निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जाएगी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है.

# झारखंड में चतुर्थ वर्गीय पदों की नियुक्ति पर लगी रोक

- बिहार की नियुक्ति नियमावली पर चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति की जा रही थी. बिहार की नियुक्ति नियमावली 1975 की बनी हुई है, जिसमें 1980 में आंशिक संशोधन किया गया था.

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने पूरे राज्य में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति पर रोक लगा दी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग इससे संबंधित आदेश जारी करने जा रहा है. फिर राज्य के सभी 24 जिलों को इस आदेश से अवगत कराया जाएगा. पलामू में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति को लेकर उठे विवाद के बाद राज्य सरकार ने यह फैसला किया है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को कैबिनेट की बैठक में पलामू में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति संबंधी विवाद पर लंबी चर्चा हुई. उसमें विचार-विमर्श के बाद चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए नयी नियमावली का गठन होने तक पूरे राज्य में नियुक्ति पर रोक लगाने का फैसला किया गया. कैबिनेट की बैठक में अन्यान्य में लिए गए फैसले से अब कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को अवगत करा दिया गया है.

जानकारी के अनुसार झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से यहां बिहार की नियुक्ति नियमावली पर चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति की जा रही थी. बिहार की नियुक्ति नियमावली 1975 की बनी हुई है, जिसमें 1980 में आंशिक संशोधन किया गया था. उसी संशोधित नियुक्ति नियमावली के आधार पर झारखंड में भी नियुक्ति की जा रही थी. पलामू में भी चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया उसी नियमावली के तहत जारी थी. नियमावली में मैट्रिक परीक्षा में अभ्यर्थी को आए अंक के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाने का प्रावधान था. लेकिन कैबिनेट की बैठक में बिहार की नियुक्ति नियमावली को झारखंड के अनुरूप नहीं मानते हुए नये सिरे से नियुक्ति नियमावली बनाने का फैसला किया गया और नियमावली बनने तक नियुक्ति पर पूरी तरह रोक लगाने का सरकार ने आदेश दिया है.

### नयी नियुक्ति नियमावली में कई तरह के प्रावधान होंगे



कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को दिए गए निर्देश में अन्य राज्यों की चतुर्थ वर्गीय पदों पर होनेवाली नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी लेने और उसके बाद झारखंड के अनुरूप नियुक्ति नियमावली बनाने का आदेश दिया गया है. नयी नियुक्ति नियमावली में अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट की जगह लिखित और शारीरिक परीक्षा के प्रावधान किए जा सकते हैं. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अब नयी नियुक्ति नियमावली का क्या स्वरूप होगा, यह बनने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. इसके बाद ही नई नियुक्तियां की जाएंगी.

### दिल का रोग : अध्ययन में हृदय रोगों के 'हिडेन रिस्क' का खुलासा

# डायबिटीज से पीड़ित महिलाएं हो जाएं सावधान

शुभम संदेश डेस्क

हृदय रोगों के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं. यहां तक कि हाल के वर्षों में 20 से कम उम्र के लोगों में न सिर्फ हार्ट अटैक बल्कि इससे मौत के मामले भी बढ़े हैं. इन जोखिमों को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधान रहने की सलाह देते हैं. लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी हृदय रोगों का प्रमुख कारण है. इसके अलावा हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज जैसी स्थितियां भी आपमें हृदय संबंधित समस्याओं के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती हैं. अध्ययनकर्ता बताते हैं, जिन लोगों को पहले से डायबिटीज की समस्या रही है उन्हें हृदय स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए. एक हालिया शोध की रिपोर्ट में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित महिलाओं में हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा पुरुषों की तुलना में अधिक होता है, ऐसी महिलाओं को विशेष सावधान रहना चाहिए.




### डायबिटीज और हृदय रोगों का कनेक्शन

डॉक्टर बताते हैं, डायबिटीज केवल ब्लड शुगर बढ़ने से जुड़ी बीमारी नहीं है, बल्कि ये पूरे शरीर को प्रभावित करती है, खासकर दिल को. कई शोध बताते हैं कि डायबिटीज से ग्रसित लोगों में दिल की बीमारियों का खतरा सामान्य लोगों के मुकाबले 2 से 4 गुना ज्यादा होता है. ये सिर्फ हार्ट अटैक या स्ट्रोक तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और रक्त नलिकाओं से जुड़ी समस्याएं भी इसमें शामिल हैं. पर सवाल है, ऐसा क्यों होता है? इसका जवाब छिपा है हमारे शरीर के अंदर चल रही सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में.

- असल में जब शरीर में शुगर ज्यादा समय तक बढ़ा रहता है, तो ये रक्त धमनियों की दीवारों को नुकसान पहुंचाने लगता है. इससे धमनियां सख्त और संकरी हो जाती हैं, जो दिल तक ऑक्सीजन की सप्लाई को रोकती हैं.
- इसके अलावा टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है. इससे धमनियों में प्लाक जमने लगता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है.

**क्या कहते हैं अध्ययनकर्ता :** अध्ययनकर्ता बताते हैं, रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि हमें हृदय संबंधी जोखिमों के आकलन के तरीके पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है. इन निष्कर्षों के भविष्य की रोकथाम रणनीतियों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं.

### सुप्रीम कोर्ट का नियामक को निर्देश


## पैकेटबंद खाने पर पोषण लेबल कीजिए अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को पैक्ड खाद्य पदार्थों पर फ्रंट-ऑफ-पैक न्यूट्रिशन लेबल लागू करने का निर्देश दिया है. शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, जो संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने जानकारी एक्स पर साझा की. एफएसएसएआई स्वायत्त निकाय है, जो भारत में खाद्य सुरक्षा और मानकों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। यह सुनिश्चित करता है कि देश में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थ सुरक्षित और स्वस्थ हैं. फ्रंट-ऑफ-पैक पोषण लेबल, खाद्य पदार्थों के पैकेज के सामने की तरफ दी गई जानकारी है, जो यह समझने में मदद करती है कि कोई उत्पाद कितना स्वस्थ है. यह जानकारी सरल, संक्षिप्त और ग्राफिक प्रारूप में प्रस्तुत की जाती है.

### भारतीय सेना पर टिप्पणी का मामला

# लखनऊ कोर्ट में राहुल ने किया सरेंडर, मिली बेल

एजेंसियां। लखनऊ



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सेना पर टिप्पणी मामले में दर्ज केस की सुनवाई मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई. कोर्ट में सरेंडर करने के बाद कोर्ट के विशेष एसीजेएम ने राहुल को हिरासत लिया. इसके बाद जमानत अर्जी पर सुनवाई शुरू हुई. सुनवाई के बाद 20-20 हजार की दो मुचलकों पर उन्हें बेल दे दी गई. यह केस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में केस चल रहा है. विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मानहानि मामले में दायर शिकायत का संज्ञान लेते हुए राहुल को आरोपी के रूप में तलब किया. कांग्रेस नेता ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दायर की थी लेकिन उन्हें वहां से राहत नहीं मिली. बता दें कि यह मानहानि की शिकायत बीआरओ के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दायर की थी. शिकायत में दावा किया गया कि राहुल गांधी ने 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी. यह टिप्पणी 9 दिसंबर को भारत-चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प से जुड़ी थी. राहुल गांधी ने बार-बार जोर देकर कहा था कि चीन की सेना अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों को पीट रही है और भारतीय प्रेस इस संबंध में कोई सवाल नहीं पूछेगा.

### मारवाड़ी कॉलेज, रांची में पांचवें ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन

# जीवन में सिर्फ डिग्री नहीं, दिशा और दृष्टि भी जरूरी होती है : राज्यपाल

**शुभम संदेश। रांची**

मारवाड़ी कॉलेज, रांची में मंगलवार को आयोजित पांचवें ग्रेजुएशन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, विनम्रता और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील की. उन्होंने कहा कि जीवन में सिर्फ डिग्री नहीं, दिशा और दृष्टि भी ज़रूरी होती है. राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई



देते हुए कहा कि डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है और जीवन के नए अध्याय की

**समारोह में कुल 128 गोल्ड मेडल दिए गए और लगभग 11,000 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गईं. डिग्री प्राप्त करनेवालों में स्नातक सत्र 2016-19, 2017-20, 2018-21 और स्नातकोत्तर सत्र 2017-19, 2018-20, 2019-21 के छात्र शामिल थे.**

शुरुआत है. उन्होंने कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है. इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे ज्ञान को केवल नौकरी पाने का जरिया न मानें, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनाएं.

राज्यपाल ने यह भी बताया कि वे राज्य के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं.उन्होंने यह भी साझा किया कि पिछले एक साल में उन्होंने कई दीक्षांत समारोहों में हिस्सा लिया और विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया है. उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की प्रतिभा की सराहना की. राज्यपाल ने बेटियों की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटियां गोल्ड मेडल जीतने में आगे हैं, जो नए भारत की तस्वीर दिखाता है. समारोह में रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार और अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे.

## एक नजर

### इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के डीआईजी का अतिरिक्त प्रभार लंबित मामलों के समाधान के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई



**रांची।** झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. इस आशय का एक आधिकारिक आदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के निर्देश के बाद डीआईजी (कार्मिक) द्वारा जारी किया गया. वर्तमान में इंद्रजीत महथा झारखंड जगुआर में डीआईजी के पद पर कार्यरत हैं. उन्हें यह अतिरिक्त जिम्मेदारी रांची रेंज में डीआईजी का पद रिक्त होने और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक मामलों के लंबित रहने के कारण सौंपी गयी है. इन लंबित मामलों में पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की प्रोन्नति, एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी), मॉडिफायड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एमएसीपी) तथा अन्य प्रशासनिक निर्णय शामिल हैं, जो समय पर निपट नहीं पा रहे थे. जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जब तक रांची रेंज में डीआईजी के पद पर नियमित नियुक्ति नहीं होती, तब तक इंद्रजीत महथा इस पद की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे. यह कदम रांची रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों में पुलिस व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से उठाया गया है.

### झारखंड के 19 प्रशासनिक अफसर बनेंगे आईएएस, केंद्र ने मांगी नामों की सूची

**रांची।** झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में प्रोन्नति मिलेगी. इस संबंध में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से पात्र अधिकारियों की सूची भेजने को कहा है. भारत सरकार के अवर सचिव संजय कुमार चौरसिया ने राज्य की मुख्य सचिव को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है. प्रोन्नति एक जनवरी 2014 से दिसंबर 2024 के बीच रिक्त हुए पदों के विरुद्ध की जाएगी. इन 19 रिक्त पदों के लिए राज्य सरकार 57 अधिकारियों के नाम भेजेगी, क्योंकि एक पद के लिए तीन नामों का पैनल भेजने का प्रावधान है. राज्य सरकार ने विभागों से सूची मंगवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. हाल ही में ओडिशा से 15, राजस्थान से 16 और गुजरात से 15 अधिकारियों को आईएएस कैडर में प्रोन्नत किया गया है. अब झारखंड से नामों की प्रतीक्षा की जा रही है.

### अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को मिले भारत रत्न सम्मान : अजय



**रांची।** अंतरिक्ष में 18 दिन के ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन को सफलतापूर्वक पूर्ण कर पृथ्वी पर लौटे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है. एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शुभांशु शुक्ला ने भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है. यह मिशन केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को सर्वोच्च सम्मान देकर देश की नई पीढ़ी को विज्ञान और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा सकता है. संघ ने शुभांशु को भारत का गौरव और युवाओं की प्रेरणा बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### राज्य सरकार पर बरसे भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव

# विकास कार्यों में लापरवाही और सनातन विरोध का लगाया आरोप

**शुभम संदेश। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव द्वारा मंगलवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला और विभिन्न विभागों में जारी अव्यवस्था, खाली पदों और विकास कार्यों की सुस्ती को लेकर सरकार को घेरा. प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार लगभग 6 साल पूरे करने जा रही है, लेकिन राज्य में विकास कार्यों की हालत बदतर है. पथ निर्माण विभाग में अभियंता प्रमुख का पद लंबे समय से खाली पड़ा है, जिससे कई योजनाएं बाधित हैं. जल संसाधन विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में भी पिछले 4 वर्षों से पद रिक्त है. यही हाल भवन निर्माण विभाग का भी है, जहां कई प्रमुख पद खाली हैं.

**हेमंत सरकार को तमाशा देखने वाली सरकार कहाः** उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज स्थिति यह हो गई है कि चूहे शराब पी जा रहे हैं और सरकार तमाशा देख रही है. उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 5 करोड़ से अधिक की लागत वाले कई



टेंडर आज तक डिस्पोजल नहीं हो सके हैं, जिससे सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठते हैं. साथ ही उन्होंने कहा कि धर्म निभाना अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी होनी चाहिए. प्रवक्ता ने सरकार पर सनातन विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि जमशेदपुर के दालमा पहाड़ स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने आए श्रद्धालुओं से 5 रुपये टैक्स वसूलना पूरी तरह आस्था का अपमान है. प्रेस वार्ता के अंत में प्रतुल शाहदेव ने मांग की कि सरकार तत्काल रिक्त पदों को भरे, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए और जनता की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करे.

### झारखंड में शराब कारोबार में बड़ा बदलाव!

# 1 सितंबर से नई नीति लागू होगी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य में शराब कारोबार को लेकर बड़ा फैसला लिया है. 1 सितंबर 2025 से झारखंड में नई उत्पाद नीति लागू हो जाएगी, जिसके तहत अब खुदरा शराब दुकानों का संचालन निजी हाथों में सौंपा जाएगा. इसके लिए उत्पाद विभाग ने शराब दुकानों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया की समय-सीमा तय कर दी है.

**28 अगस्त तक सभी दुकानों को जेएसबीसीएल वॉलेट से जोड़ा जाएगा :** 28 अगस्त तक झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) द्वारा खुदरा दुकानों के लाइसेंस को जेएसबीसीएल वॉलेट से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. इसके बाद 1 सितंबर तक राज्य की सभी शराब दुकानें कार्यशील कर दी जाएंगी.

**सभी जिलों में खुलेंगे जेएसबीसीएल गोदाम :** नई नीति



**ऑनलाइन लॉटरी 26 जुलाई से 8 अगस्त तक**

राज्य में खुदरा शराब दुकानों के आवंटन के लिए 26 जुलाई से 8 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. ई-लॉटरी का परिणाम 12 अगस्त को घोषित किया जाएगा. इसके बाद सफल आवेदकों को 20 अगस्त तक लाइसेंस जारी कर दिए जाएंगे.

लागू होने से पहले, सभी जिलों में जेएसबीसीएल के गोदाम खोले जाएंगे और कर्मियों की पदस्थापन प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

**30 जून के बाद खत्म हुआ प्लेसमेंट एजेंसी का कार्यकाल :** ज्ञात हो कि झारखंड सरकार ने मई में नई उत्पाद नीति को कैबिनेट की मंजूरी दी थी. 30 जून तक प्लेसमेंट एजेंसियों को खुदरा बिक्री का कार्यकाल दिया गया था, लेकिन अब सभी पुराने आदेश निरस्त कर दिए जाएंगे. जब तक नई नीति पूरी तरह लागू नहीं होती, जेएसबीसीएल ही अस्थायी तौर पर खुदरा शराब दुकानों का संचालन करेगा.

### श्रावणी मेले के लिए चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** राजकीय श्रावणी मेले के सफल आयोजन और नागरिक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर विकास विभाग ने चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति की है. इसकी अधिसूचना विभाग के उप सचिव राजकुमार ने मंगलवार को जारी की है. अधिसूचना के अनुसार रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सूरज प्रकाश चौधरी, चन्द्रदीप कुमार, धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के सहायक नगर आयुक्त अरविन्द तिर्की को देवघर श्रावणी मेले के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है. ये सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से देवघर नगर निगम में अपना योगदान समर्पित करेंगे. जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है उनसे सम्बंधित नगर निकायों के प्रमुखों को अविलम्ब विरमित करने का निर्देश दिया गया है. प्रतिनियुक्त अधिकारियों के आवास की व्यवस्था देवघर नगर निगम की ओर से की जाएगी. यह आदेश श्रावणी मेले के अंत तक प्रभावी रहेगा.

# निराश्रित के आधार-पहचान में मदद करेगा डालसा : कपिलदेव

**शुभम संदेश। रांची**

झालसा के निर्देश पर और डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देख-रेख में लांदुपडीह पंचायत भवन, ओरेदारू सोनाहातू में दिव्यांगों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया. इस अवसर पर डालसा टीम के सदस्यों में पीएलवी रामेश्वर चौधरी, कपिलदेव प्रसाद, रूप नारायण मुंडा, भोलानाथ महतो, आशिकराज महतो, कुमारी इंदूबाला, आरती कमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

कार्यक्रम में कपिलदेव प्रसाद ने दिव्यांगों के अधिकारों के बारे में संवैधानिक प्रावधान पर फोकस किया. उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को एक ऐसी शक्ति ईश्वर ने दी है, जो किसी सामान्य बच्चों को नहीं प्राप्त है. दिव्यांग बच्चे कभी अपने आप को असहाय, असहज महसूस न या हिन भावना से ग्रसित न समझें, क्योंकि वे भी समाज के एक हिस्सा हैं. रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगजनों को किसी भी सहायता की आवश्यकता है, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार में अपना आवेदन पीएलवी के माध्यम से दे सकते हैं. उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें मदद पहुंचाना ही डालसा का उद्देश्य है.

**दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम की दी जानकारी :** भोलानाथ महतो और आशिकराज महतो ने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम-2016 के बारे में दिव्यांगों को बताया. उन्होंने कहा संविधान के आर्टिकल-21 ए में शिक्षा का अधिकार दिया हुआ है, चाहे समाज के किसी भी तबके के किसी भी तरह के लोग हो उनको निशुल्क शिक्षा मिलनी ही चाहिए.

### रांची के सिल्ली स्टेशन पर खड़गपुर-रांची ट्रेन में चढ़ा लंगूर

# विंडो सीट पर बैठकर आम यात्रियों के साथ शांतिपूर्वक यात्रा की

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में एक अनोखा और मजेदार नजारा देखने को मिला, जब इंसानों की तरह एक लंगूर लोकल ट्रेन में सफर करता नजर आया. यह घटना सिल्ली रेलवे स्टेशन की है, जहां से एक लंगूर खड़गपुर-रांची लोकल ट्रेन में चढ़ गया और बाकायदा विंडो सीट पर बैठकर आम यात्रियों के साथ शांतिपूर्वक यात्रा की. मजेदार बात यह रही कि लंगूर ने न तो किसी यात्री को नुकसान पहुंचाया



और न ही किसी को डराया. वह शांतिपूर्वक विंडो सीट पर बैठा रहा, जैसे कि कोई रोजाना सफर करने वाला यात्री हो. यात्रियों के अनुसार, लंगूर ने ट्रेन में चढ़ने के बाद खिड़की वाली सीट चुनी और पूरा सफर उसी पर बैठ कर किया. ट्रेन जैसे ही रांची स्टेशन पहुंची, लंगूर ने बिना किसी अफरा-तफरी के ट्रेन से उतर कर वहां से रुखसत ले लिया. इस पूरे घटनाक्रम ने यात्रियों को चौंका तो जरूर दिया, लेकिन साथ ही सबके चेहरों पर मुस्कान भी बिखेर दी. ट्रेन में सफर कर रहे कई यात्रियों ने लंगूर के इस अंदाज को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जिसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया. इस घटना के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोग दिलचस्प और मजेदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं.

### सहायक आचार्य नियुक्ति में नॉर्मलाइजेशन पर हाईकोर्ट सख्त

# याचिकाकर्ताओं से 17 जुलाई तक मांगा पूरा विवरण

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन फार्मूला लागू करने के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई. जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने पाया कि कुल 103 याचिकाकर्ताओं में से केवल दो का ही पूरा विवरण याचिका में दर्ज है. इस पर अदालत ने सभी याचिकाकर्ताओं को 17 जुलाई तक अपना विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया है. यह याचिका गिरिधर राउत, रश्मि कुमारी समेत 101 अन्य की ओर से दाखिल की गई है, जिसमें कहा गया है कि जेएसएससी द्वारा अपनाया गया नॉर्मलाइजेशन फार्मूला गलत और नियमों के विरुद्ध है, इसलिए परीक्षा परिणाम रद्द कर नए सिरे से जारी किए जाएं.

वहीं, जेपीएससी के अधिवक्ता ने दलील दी कि जब तक सभी याचिकाकर्ताओं का विवरण उपलब्ध नहीं होता, तब तक इस पर सुनवाई नहीं होनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि नॉर्मलाइजेशन की जानकारी पहले ही विज्ञापन में दी गई थी और सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी करने का आदेश दिया है, ऐसे में प्रक्रिया पर रोक लगाना अदालत की अवमानना के दायरे में आएगा.

# विकास विरोधी मानसिकता वाली भाजपा दे रही है झूठे बयान : विनोद कुमार पांडेय

### हेमंत सरकार के कार्यकाल में झारखंड ने विकास की नई ऊंचाइयां छूईं, भाजपा सिर्फ जनता को गुमराह कर रही है

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा झूठ और नकारात्मकता की राजनीति कर रही है. पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं और भाजपा के नेताओं को यह पच नहीं रहा. रांची में हाल में तैयार हुए एलिवेटेड कॉरिडोर पर सरपट दौड़ते वाहन भाजपा को खूब दिख रहे होंगे. हेमंत सरकार विकास के प्रति गंभीर है और नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है. ये सब भाजपा को न तो पचेगा और न ही भाजपा इतने बड़े फलक पर कभी काम कर पाएगी. वैसे भी भाजपा को जातीय भेदभाव की राजनीति करने में महारत हासिल है, लेकिन भाजपा का ये गंदा खेल को भी झारखंड की जनता ने पूरी तरह विफल कर दिया है.

पांडेय ने कहा कि यह वही भाजपा है, जिसके शासनकाल में झारखंड की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई थीं और सिंचाई परियोजनाएं सिर्फ फाइलों में चलती थीं. हेमंत सरकार ने लंबित परियोजनाओं को गति दी है, सड़कें चौड़ी हो रही हैं, पुल-पुलियों का निर्माण तेजी से हो रहा है और गांव-गांव तक सिंचाई सुविधा पहुंच रही है. जहां तक अभियंताओं की नियुक्तियों का सवाल है, सारी प्रक्रिया चल रही है. भाजपा जानबूझकर तथ्य छिपा रही है.

भाजपा का सवाल हास्यप्रद : दलमा में सावन महीने के दौरान लगाए गए शुल्क पर भी विनोद पांडेय ने भाजपा को आड़े हाथों लिया. कहा कि भाजपा जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रही है. हेमंत सरकार आस्था का सम्मान करती है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दलमा क्षेत्र में रास्तों का विकास, पानी और स्वास्थ्य की व्यवस्था कर रही है.पांडेय ने कहा कि भाजपा के पास झारखंड में कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे विकास के कार्यों पर सवाल उठाकर और सनातन धर्म के नाम पर राजनीति कर जनता को गुमराह करना चाहते हैं.

हेमंत सरकार विकास और न्याय के रास्ते पर है. भाजपा पर व्यंग्य करते हुए कहा कि कफन और पूजा सामग्री पर टैक्स लगाने वाले और जनता से तरह - तरह के कर वसूलने वाले लोग किस मुंह से सवाल कर रहे हैं, ये हास्यास्प्रद है. भाजपा को याद रखना चाहिए कि जनता ने 2019 में उनके झूठ और अहंकार को नकार दिया था. अब वे फिर वही पुरानी रणनीति अपना रहे हैं, लेकिन झारखंड की जनता जागरूक है और इस बार भी उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी.

# दिल्ली में हुई बैठक में बोले राहुल गांधी-मंत्री खुद को स्पेशल न समझें

**शुभम संदेश। रांची/नई दिल्ली**

नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में सोमवार को झारखंड के कांग्रेस मंत्रियों, विधायकों और सांसदों की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ एक अहम बैठक हुई. झारखंड सरकार में शामिल सभी कांग्रेस मंत्री और विधायक इस बैठक में मौजूद रहे, जिसमें राज्य के हालात, विभागीय कार्यों और पार्टी-संगठन की स्थिति पर खुलकर चर्चा की गई.

बैठक में राहुल गांधी ने स्पष्ट तौर पर कहा— आप विधायक से मंत्री बने हैं, इसलिए खुद को स्पेशल न समझें. उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत महत्व से ऊपर उठकर संगठित रूप में काम करें और जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड



सरकार में कांग्रेस की भूमिका महत्वपूर्ण है और इसे जनसेवा से साबित किया जाना चाहिए.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विशेष रूप से स्वास्थ्य और कृषि विभाग का उल्लेख करते हुए कहा कि ये मंत्रालय सीधे लोगों से जुड़े हैं, इसलिए इन क्षेत्रों में काम की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने की जरूरत है. उन्होंने सभी मंत्रियों से कहा कि वे सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने में सक्रिय रहें. बैठक के बाद मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि सभी मंत्रियों ने अपने विभागों के कार्यों की जानकारी साझा की और यह बताया कि राज्य सरकार जनता से जुड़े मुद्दों को कैसे प्राथमिकता दे रही है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस कार्यशैली की सराहना की और सभी को आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संदेश दिया.

इस बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बैठक के बाद कहा— बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की उपस्थिति में हुई. यह बैठक झारखंड की परिस्थितियों और पार्टी की भूमिका को लेकर थी, जिसमें सभी ने अपने विचार साझा किए. बैठक को संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है, जो आनेवाले समय में झारखंड कांग्रेस की कार्यक्षमता को और धार दे सकती है.

**उपलब्धि** — अब आपके राज्य में शुरू हुआ नए तरह का इलाज

# रिम्स में डेंटल ऑपरेशन थिएटर और 24 घंटे सेंट्रल लैब शुरू

**शुभम संदेश। रांची**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ने मरीजों के हित में दो नई स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ की हैं. पहली सेवा के अंतर्गत डेंटल कॉलेज में ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सुविधा शुरू की गई है, जिससे अब दांत संबंधी जटिल सर्जरियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकेगा. इस नई सुविधा के साथ 22 बेड का वार्ड भी शुरू किया गया है और जल्द ही 3 बेड के आईसीयू की भी शुरुआत की जाएगी. दूसरी बड़ी पहल के रूप में सेंट्रल लैब को अब 24 घंटे शुरू कर दिया गया है. इससे मरीजों को अब सभी प्रकार की जांच सुविधाएं दिन-रात उपलब्ध रहेंगी. लैब के संचालन को



और अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु इंडोर मरीजों के लिए 4 काउंटर तथा आउटडोर मरीजों के लिए 6 काउंटर स्थापित किए गए हैं. मरीज अब एक ही स्थान पर सैंपल जमा करने से लेकर रिपोर्ट प्राप्त करने तक की सभी सेवाएं पा सकेंगे, जिससे उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा.

रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने बताया कि, इस व्यवस्था से मरीजों को दलालों से भी राहत मिलेगी, क्योंकि अब जांच कराने की जिम्मेदारी संबंधित डॉक्टरों पर होगी। यह पहल पारदर्शिता और मरीजों की सुविधा दोनों को बढ़ावा देगी. अभी मरीज हित में सेवाएं शुरू कर दी गई हैं लेकिन दोनों स्थानों का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व अपर मुख्य सचिव का समय मिलने पर करवाया जाएगा.

मौके पर डीन डॉ शशिबाला सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, डीन छात्र कल्याण डॉ शिवप्रिय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन व डॉ अजय कुमार, जीन एवं जीनोमिक्स विभागाध्यक्ष डॉ अनूपा प्रसाद, सेंट्रल लैब इंचार्ज डॉ अमित कुमार, डेंटल कॉलेज प्राचार्य डॉ जयप्रकाश एम बी, सब डीन डॉ प्रशांत गुप्ता, ओरल और मैक्सिकोफेशल सर्जरी विभाग से डॉ वी के प्रजापति, डॉ अजय शाही, डॉ ओम प्रकाश, पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री दीपक महतो, कनीय अभियंता कृष्ण मुरारी तथा अन्य चिकित्सक और पदाधिकारी मौजूद थे.

# रांची-भागलपुर-रांची श्रावणी मेला के मार्ग समयसारणी और परिचालन दिवस में परिवर्तन

**शुभम संदेश। रांची**

श्रावणी मेला के अवसर पर चलने वाली ट्रेन संख्या 08610/08609 रांची - भागलपुर - रांची श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन के मार्ग, समयसारणी, परिचालन दिवस एवं भागलपुर -रांची श्रावणी मेला स्पेशल के ट्रेन संख्या में परिवर्तन किया गया है, अब ये ट्रेनें नई समयसारणी के अनुसार परिचालित होंगी. ट्रेन संख्या 08610 रांची – भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन 11 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को रांची से प्रस्थान करेगी व मूरी, धनबाद, जसीडीह, किउल, सुल्तानगंज होते हुए भागलपुर जाएगी. यह स्पेशल ट्रेन कुल 10 ट्रिप चलेगी. ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:00 बजे, मुरी आगमन 00:05 बजे व प्रस्थान



00:07 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01:15 बजे व प्रस्थान 01:20 बजे, धनबाद आगमन 04:05 बजे व प्रस्थान 04:15 बजे, जसीडीह आगमन 07:20 बजे प्रस्थान 07:30 बजे, किउल आगमन 09:55 बजे प्रस्थान 10:20 बजे, सुल्तानगंज आगमन 11:57 बजे प्रस्थान 12:02 बजे एवं भागलपुर आगमन 13:00 बजे होगा. इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 03 कोच एवं द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 09 कोच, कुल 14 कोच होंगे.

ट्रेन संख्या 08689 भागलपुर -रांची श्रावणी मेला स्पेशल 12 अगस्त तक प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को भागलपुर से प्रस्थान करेगी व देवघर, जसीडीह, किउल, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना मूरी होते हुए रांची आएगी.यह ट्रेन भी कुल 10 ट्रिप करेगी. ट्रेन का भागलपुर से प्रस्थान 13:50 बजे, देवघर आगमन 16:20 बजे व प्रस्थान 16:25 बजे,जसीडीह आगमन 16:35 बजे प्रस्थान 16:45 बजे, किउल आगमन 19:20 बजे व प्रस्थान 19:25 बजे, कोडरमा आगमन 23:20 बजे व प्रस्थान 23:25 बजे, हजारीबाग टाउन आगमन 00:40 बजे व प्रस्थान 00:42 बजे, बरकाकाना आगमन 02:15 बजे व प्रस्थान 02:25 बजे और मूरी आगमन 03:58 बजे प्रस्थान 04:00 बजे एवं रांची आगमन 05:45 बजे होगा.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 16 जुलाई 2025 । श्रावण कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 99 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




# झारखंड में लगभग एक माह में ही हुई 527 मिमी बारिश



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मानसून के लगभग एक मन में ही 527.6 मिलीमीटर से बारिश रिकॉर्ड की गई है. जबकि बरसात का मौसम शेष बचा हुआ है. राज्य में इस अवधि तक 326 मिमी बारिश होती है. राज्य में सामान्य से 62 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है. झारखंड में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम में हुई है. यहां अब तक 925.5 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य से 153 प्रतिशत अधिक है. वहीं राजधानी रांची में 799 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य से 138 प्रतिशत अधिक है. वहीं राज्य के जिन जिलों में सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है उनमें पश्चिमी सिंहभूम में 81मिमी, सिमडेगा में 70, सरायकेला-खरसावां में 121, रामगढ में 113, लोहरदगा में 48, लातेहार में 116, बोकारो 74, चतरा में 64, धनबाद में 73, खूंटी में 61, जामताड़ा में 46, गुमल में 39, हजारीबाग में 36 और कोडरमा में 27 प्रतिशत सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है. इधर पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में 82 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है. वहीं , इस दौरान राजधानी रांची में 13 मिमी बारिश हुई है. मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में तड़के सुबह से जोरदार बारिश हुई हालांकि बाद में बारिश रुक गई, लेकिन आसमान में काले बादल छाया रहा. रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 34.3, डालटेनगंज में 33.8, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

## पलामू में तेज बारिश से गिरा कच्चा मकान, दबने से अधेड़ की हुई मौत

**छतरपुर (पलामू)** ।जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ चौराड़ गांव में तेज बारिश के कारण एक कच्चा मकान गिर गया. मिट्टी के मलबे में दबने से एक अधेड़ की मौत हो गई . अधेड़ की पहचान दिवंगत गनौरी यादव के पुत्र राजदेव यादव (55) के रूप में हुई है. सूचना मिलने पर छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शिव को कब्जे में लिया. एमएमसीएच में पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. बेटे राजेन्द्र के अनुसार सोमवार शाम करीब 4 बजे राजदेव यादव अपने घर में अकेले थे. तेज बारिश हो रही थी. राजदेव कच्चे घर की कुंडी निकाल रहे थे. इसी बीच मिट्टी का घर भरभरा कर गिर गया, जिसके मलबे में वे दब गए. जानकारी मिलते ही राजेंद्र मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पिता को किसी तरह बाहर निकाला. गंभीर रूप से घायल होने कारण राजदेव को इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मौत हो गई. वावजूद एमएमसीएच में ले जाया गया, डॉक्टर ने भी उन्हें मृत घोषित कर दिया.

**ब्रीफ न्यूज**

## बासुकीनाथ धाम में कांवरिया रूट लाइन का टूटा पंडाल, कई घायल



**शुभम संदेश। दुमका**

बासुकीनाथ श्रावणी मेला क्षेत्र में एक हादसा सामने आया है. दर्शनियाटिकर से शिवगंगा घाट जाने वाले रास्ते में कांवरिया रूट लाइन का शेड अचानक टूटकर गिर गया. जिससे कई कांवरिया घायल हो गए हैं. घटना के बाद घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया.दरअसल, बासुकीनाथ धाम में कांवरियों को धूप और बारिश से बचाने के लिए पंडाल बनाया गया है. मंगलवार को कांवरिया मंदिर में प्रवेश के लिए रूट लाइन में जा रहे थे. इसी दौरान रूट लाइन में बनाया गया लोहे का एंगल और पंडाल अचानक गिर गया. पंडाल के गिरने से कई कांवरिया उसके नीचे दब गए, जिसमें कई लोग घायल हो गए. मौके पर सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. जहां सभी की हालत स्थिर है.इस हादसे को लेकर कांवरियों में नाराजगी देखने को मिली. श्रद्धालुओं ने शेड निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल उठाया है. साथ ही शेड निर्माण पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की. कांवरियों का कहना है कि शेड के निर्माण में अनियमितता बरती गई है. जिसके कारण शेड बारिश का दबाव नहीं झेल पाया और ढह गया.वहीं, घायल कांवरियों ने बताया कि प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए. हमने मेला प्रभारी और प्रबंधन से जुड़े कई अन्य अधिकारियों से इस पूरे मामले का कारण जानने की कोशिश की लेकिन किसी से संपर्क नहीं हो सका. बता दें कि बासुकीनाथ श्रावणी मेला क्षेत्र में कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कांवरिया रूट लाइन में अस्थायी शेड बनाया गया है. जिसके गिरने से ये हादसा हुआ है.

**एक्सक्लूसिव : राजस्व सचिव का डीसी को निर्देश**

# सरकारी व रैयती जमीन को कब्जा मुक्त करा करें कार्रवाई

- बाघमारा के दरिदा मौजा में जमीन पर जबरन कब्जा का मामला
- ग्रामीणों का आरोप, सांसद ढुलू ने किया कब्जा



**अमित सिन्हा। धनबाद**

झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने धनबाद उपायुक्त को बाघमारा अंचल के दरीदा मौजा में सरकारी गैरआबाद जमीन, सर्वसाधारण जमीन, आम रास्ता, आम रैयती जमीन, और सीएनटी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. यह निर्देश पूर्वी सिंहभूम के विधायक सरयू राय द्वारा 7 जुलाई को लिखे गए पत्र के आधार पर जारी किया गया है. विधायक सरयू राय ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि बाघमारा अंचल के दरीदा मौजा के स्थानीय रैयतों और ग्रामीणों ने उन्हें एक अभ्यावेदन सौंपा था, जिसमें सरकारी और रैयती जमीनों पर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी. इस मामले को उन्होंने 25 अप्रैल 2024 को झारखण्ड के राज्यपाल को पत्र के माध्यम से उठाया था। इसके परिणामस्वरूप, राज्यपाल सचिवालय ने 24 मई 2024 को मुख्य सचिव और धनबाद उपायुक्त को जाँच और कार्रवाई का निर्देश दिया था. पत्र के अनुसार, विधायक ने इस मुद्दे को पंचम और षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के विभिन्न सत्रों में भी उठाया था. राजस्व विभाग द्वारा गठित जाँच समिति ने अतिक्रमण क्षेत्र की जाँच की, लेकिन जाँच प्रतिवेदन के आधार पर की गई कार्रवाई की स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं है. इसके बाद, विधायक के अनुरोध पर राजस्व विभाग के सचिव ने धनबाद उपायुक्त को यथाशीघ्र जाँच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई करने और अतिक्रमित जमीन को मुक्त कराने का निर्देश दिया है.

**सरकारी और रैयती जमीन पर सांसद ढुलू ने किया अवैध कब्जा :** बाघमारा अंचल के दरीदा मौजा में सरकारी गैरआबाद, सर्वसाधारण और रैयती जमीन पर कथित तौर पर धनबाद सांसद ढुलू महतो द्वारा अवैध कब्जा किया गया है. इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने 26 जून 2025 को धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर लगभग 200 एकड़ जमीन पर जबरन घेराबंदी और कब्जे की शिकायत की है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बाघमारा अंचल अधिकारी की जांच में अतिक्रमण सिद्ध होने के बाद 16 दिसंबर 2022 को उपायुक्त को कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया, लेकिन कोई कदम नहीं उठा. अतिक्रमणकारियों ने सरकारी सूचना बोर्ड को भी दो बार उखाड़ फेंका. ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक सरयू राय के हस्तक्षेप और राज्यपाल सचिवालय के 24 मई 2024 के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई. झारखंड विधानसभा में मामला उठने और दोबारा जांच में अतिक्रमण सिद्ध होने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. ग्रामीणों ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और गरीब ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करें.

## मंईयां सम्मान योजना : 172 लोगों पर केस दर्ज

**रांची** । झारखंड की मंईयां सम्मान योजना में बड़े स्तर पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत गालूडीह थाना क्षेत्र में इस योजना का लाभ अनाधिकृत रूप से लेने के आरोप में 172 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. यह एफआईआर 9 जुलाई को हेंदलजुड़ी पंचायत की प्रभारी सचिव मंगल टुडू की शिकायत पर दर्ज हुई है. योजना केवल झारखंड की महिलाओं के लिए निर्धारित थी, लेकिन जांच में सामने आया है कि आरोपियों में 39 बिहार के किशनगंज जिले और 133 पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के निवासी हैं. यानी इन लाभार्थियों का झारखंड से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन आरोपियों में 40 पुरुष भी शामिल हैं, जिन्होंने खुद को महिला बताकर योजना का लाभ उठाया. इन लोगों ने आवेदन फॉर्म में पति का नाम कॉलम में भी पुरुषों के नाम दर्ज किए हैं, जिससे फर्जीवाड़ा स्पष्ट होता है. इसके अलावा, 12 ऐसे लोग भी लाभार्थियों की सूची में शामिल पाए गए जिनका कोई स्पष्ट या सत्यापित पता नहीं है.

# 5 लाख के इनामी जेजेएमपी सब जोनल कमांडर लवलेश गंझू ने किया सरेंडर

**शुभम संदेश। लातेहार**



प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी को एक बार फिर तगड़ा झटका लगा है. पिछले माह जेजेएमपी का सरगना पप्पू लोहरा व सब जोनल कमांडर प्रभात गंझू पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था. इस बार जेजेएमपी का एक और सब जोनल कमांडर लवलेश गंझू उर्फ लवकेश गंझू उर्फ लवकेश जी ने मंगलवार को आत्मसमपर्ण कर दिया है. उस पर पांच लाख रुपये का इनाम था.

पुलिस मुख्यालय, लातेहार के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में उसने आत्मसमपर्ण किया. मौके पर पलामू पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन के कमाडेंट यादराम बुनकर व एसएसबी-32 के कमाडेंट राजेश सिंह मौजूद थे. पुलिस अधिकारियों ने लवलेश गंझू को बुके और शॉल भेंट कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ने की बधाई दी. अधिकारियो ने उसे पांच लाख रूपये का प्रतीकात्मक चेक भी सौंपा. लवलेश गंझू लातेहार जिला के बालुमाथ थाना क्षेत्र के कुरियाम गांव का रहने वाला है. उसके उपर सरकार ने पांच लाख रूपये का इनाम घोषित किया था. लवलेश गंझू पर लातेहार, हेरहंज, जोबांग, मनिका, बालुमाथ व चंदवा थाना क्षेत्र में 50 मामले दर्ज हैं.पुलिस महानिरीक्षक श्री भास्कर ने अन्य उग्रवादी व माओवादियों से आत्मसमपर्ण कर सरकार की पुर्नवास नीति का लाभ उठाने की अपील की. एसपी श्री गौरव ने बताया कि जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा के कहने पर वह साल 2017 संगठन में शामिल हुआ था. तब से ले कर वर्तमान समय तक वह जेजेएमपी में रह कर सब जोनल कमांडर बना और लातेहार और लोहरदगा जिला के लेवी वसूलने का काम करता था.वह एके-47 हथियार ले कर चलता था. बता दें कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सुप्रीमा पप्पू लोहरा व सब जोनल कमांडर प्रभात गंझू को पुलिस ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था. पप्पू लोहरा के मारे जाने के बाद यह कयास लगाया जा रहा था कि लवलेश गंझू जेजेएमपी की कमान संभालेगा. लेकिन वह पिछले महीने से ही पुलिस के संपर्क में था और आज उसने आत्समपर्ण कर दिया.

# पलामू में जहरीली गैस से पिता-पुत्र की मौत

- काफी मशक्कत और थाना के एक जवान द्वारा दिलेरी दिखाये जाने के बाद पिता-पुत्र का शव कुएं से बाहर निकाला जा सका

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के लेस्लीगंज क्षेत्र के हरतुआ पंचायत के अमवा गांव में मंगलवार को हृदय विदारक घटना हुई. मोटर निकालने के लिए कुएं में उतरने पर पिता-पुत्र की जहरीली गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई. पुत्र की पहचान शंभू सिंह एवं पिता की विश्वनाथ सिंह के रूप में हुई है. काफी मशक्कत एवं थाना के एक जवान द्वारा दिलेरी दिखाये जाने के बाद पिता-पुत्र का शव कुएं से बाहर निकाला गया एवं पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. परिजनों के अनुसार अमवा के शंभू सिंह घर के 20 से 25 फीट गहरे एवं सूखे कुएं में मोटर खराब होने पर उसे निकालने के लिए नीचे उतरे थे. काफी देर तक वापस न आने पर उनके पिता विश्वनाथ सिंह भी कुएं में उतर गए. आशंका है कि कुएं के भीतर जहरीली गैस का रिसाव हो रहा था, जिसके कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. विश्वनाथ सिंह को कुछ लोगों ने सांस लेने में तकलीफ होता देखा.घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह, थान प्रभारी उतम कुमार राय और थाना के एसआई विक्रमशिल घटनास्थल पर पहुंचे. प्रशासनिक टीम के निर्देशन में शवों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई. हालांकि, घटना के काफी देर बाद तक मेडिकल टीम मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया. इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है.

## गिरिडीह में मिली सिर कटी लाश

- चचेरे भाई ने हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव, सिर्फ धड़ ही बरामद

**रांची** । गिरिडीह में मंगलवार को एक सिर कटी लाश मिली है. घटना गावां थाना क्षेत्र की है. शव का सिर अब तक बरामद नहीं हो पाया है. हत्या का आरोप मृतक के चचेरे भाई पर लगा है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. उसी की निशानदेही पर युवक की लाश बरामद की गई. हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है. मृतक की पहचान आनंद कुमार यादव (22) के रूप में की गई है. घरवालों ने बताया कि आनंद शनिवार से लापता था. इस संबंध में परिजनों ने गावां थाना में आवेदन भी दिया था. पुलिस आनंद के मोबाइल को ट्रेस करते हुए खोजबीन कर रही थी. कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने आनंद के चचेरे भाई कमलेश यादव (38) को हिरासत में लिया. उससे कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो कमलेश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने आनंद की चाकू से गर्दन काटकर हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया है.

## महिला से 10 हजार की साइबर ठगी

**गुमला**। रायडीह प्रखंड के नवगढ़ पतरा टोली गांव की एक आदिवासी महिला अशिषण कुजूर साइबर ठगी का शिकार हो गई है. बीते 10 जुलाई को एक शातिर ठग ने घर जाकर मैया सम्मान योजना का सर्वे के नाम पर 10 हजार की साइबर ठगी कर ली. इसके बाद वह चंपत हो गया. महिला ने बताया कि एक लड़का घर आया और बोला कि वह मईया समान योजना का सर्वे कर रहा है. खाते में 7500 एक मुश्त राशि आया है. हां बोलने पर उसने कहा आपके घर में गाड़ी या नौकरी वाला तो नहीं है. अन्यथा इस योजना का लाभ से आप वंचित हो जाएंगे. महिला बोली नहीं है इसके बाद केवाईसी अपडेट करने के नाम पर आधार कार्ड मांगा. एक मशीन पर ठेपा लगवाया और अपडेट होने की बात कही. उसके जाने के बाद शक होने पर प्रज्ञा केंद्र में जाकर अकाउंट जांच करने पर पता चला कि उसके बैंक खाता से 10 हजार की निकासी हो गई है. महिला सोमवार की शाम पांच बजे रायडीह थाना पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई है.

## दारूडीह पोस्ट ऑफिस की बीपीएम की मौत

**शुभम संदेश। लेस्लीगंज (पलामू)**

पलामू के निलांबर-पीतांबरपुर-लेस्लीगंज के दारूडीह पंचायत भवन स्थित पोस्ट ऑफिस में कार्यरत शाखा डाकपाल (बीपीएम) मधु कुमारी ( 20 ) का शव मंगलवार सुबह फंदे पर लटका मिला. मधु बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की रहने वाली थी. घटना के समय मकान मालिक अपने परिवार के साथ खेत में धान रोपने गए हुए थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोज की तरह मकान मालिक की पुत्री नीलम बाला ने मधु को आवाज लगाई. कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर जब दरवाजा खोला गया तो मधु को फंदे से लटका देखा. नेहा ने तुरन्त अपने भाई अमित को सूचना दी, जिसने आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को खबर दी. सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना से एसआई राजू मांझी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की. एसआई ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है और मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है. परिजनों के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं, मधु के परिजन और सरपंच से बात हुई है. उन्होंने कहा कि परिजनों के आने तक शव को फंदे से नीचे न उतारा जाए. पोस्ट ऑफिस के इंस्पेक्टर ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें विभागीय कर्मियों द्वारा इसकी सूचना दी गई. साथ ही मृतका के परिवार को भी जानकारी दे दी गई है. बताया गया कि मधु पिछले आठ माह से उक्त मकान में किराए पर रह रही थी और अपने कार्य के प्रति गंभीर एवं ईमानदार थी.

**20 शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए खुद को बहरा और दिव्यांग बताया**

# जांच जब हुई तो उसमें निकले पूरी तरह फिट

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**



पूर्वी सिंहभूम जिले में पदस्थापित 20 शिक्षकों द्वारा अपने गृह जिले में स्थानांतरण की मांग करते हुए बहरेपन और दृष्टिदोष का हवाला दिया गया है. इसके लिए उन्होंने जामताड़ा जिला स्वास्थ्य विभाग से 40 से 45 प्रतिशत तक की दिव्यांगता दर्शाने वाले प्रमाण पत्र बनवाए थे. जिला शिक्षा विभाग ने तबादले की प्रक्रिया से पहले सभी शिक्षकों को सिविल सर्जन कार्यालय, जमशेदपुर में जांच के लिए बुलाया. वहां गठित मेडिकल बोर्ड और ईएनटी विशेषज्ञों की जांच में 16 शिक्षक पूरी तरह से स्वस्थ पाए गए, यानी उनके दिव्यांगता संबंधी दावे झूठे निकले. इसके अलावा तीन अन्य शिक्षकों के प्रमाण पत्र भी फर्जी पाए गए, जिनमें बताई गई दिव्यांगता 20-25 प्रतिशत से अधिक नहीं थी. दो ऐसे शिक्षक भी सामने आए जिन्होंने खुद को 50 प्रतिशत दृष्टिदोष वाला बताया था, लेकिन जांच में वे भी सामान्य निकले.

जिला शिक्षा विभाग ने अंतर-जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे, जिसमें लगभग 20 शिक्षकों ने मेडिकल ग्राउंड पर तबादले की मांग की थी और इसके समर्थन में बहरेपन संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे. सभी शिक्षकों को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए बुलाया गया, जहां जांच में गड़बड़ी उजागर हुई. अधिकांश प्रमाण पत्र दो महीने से लेकर एक साल के भीतर बनवाए गए थे. जिला स्वास्थ्य विभाग ने अब पूरी रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंप दी है. इसके आधार पर यह तय किया जाएगा कि संबंधित शिक्षकों का तबादला किया जाएगा या नहीं. इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने कहा, शिक्षकों की मेडिकल जांच मेडिकल बोर्ड द्वारा की जा रही है. बोर्ड की रिपोर्ट ही अंतिम मानी जाती है. अगर कोई वास्तव में दिव्यांग है, तो वह मेडिकल जांच में भी प्रमाणित होगा. लेकिन केवल प्रमाण पत्र बनवाकर लाने से कोई दिव्यांग नहीं माना जा सकता. सही और सटीक निर्णय मेडिकल बोर्ड की जांच पर ही आधारित होगा.

**चमत्कार या अंधविश्वास : मां काली और शीतला मंदिर में चोर को मिल गया ऐसा दंड**

# दान के पैसे चुराए, जेवर उतारे, फिर मूर्ति के सामने हुआ बेहोश

**शुभम संदेश। चाईबासा**



जिला के बड़ाजामदा में मंगलवार की अहले सुबह एक चमत्कारिक घटना घटी. जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. टंकीसाई निवासी वीर नायक, पिता विजय नायक, नशे की हालत में बड़ाजामदा स्थित माँ काली और शीतला मंदिर में चोरी करने घुसा. बताया जाता है कि उसने मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी से पैसे निकाले और माँ शीतला की प्रतिमा पर चढ़े सोने-चांदी के आभूषण भी उतार लिए. लेकिन जैसे ही वह चोरी कर बाहर निकलने की कोशिश करने लगा, तभी नशे और नींद की गोली टी-10 के असर से उसकी हालत बिगड़ गई और वह मूर्ति के सामने ही बेहोश होकर गिर पड़ा.

सुबह जब स्थानीय लोग पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर का दरवाजा टूटा हुआ है. अंदर जाने पर माँ शीतला की प्रतिमा के सामने युवक अचेत अवस्था में पड़ा था. यह दृश्य देख लोग हैरान रह गए. घटना की सूचना समाजसेवी मदन गुप्ता को दी गई, जो सुबह चार बजे मंदिर पहुंचे. उन्होंने सबसे पहले मंदिर का दरवाजा बंद कर दिया ताकि और कोई अंदर न जा सके. इसके बाद बड़ाजामदा ओपी प्रभारी बालेश्वर ऊरांव को सूचना दी गई. पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की वीडियोग्राफी कराई. मंदिर का दरवाजा खोलकर देखा गया तो चोर अब भी मूर्ति के सामने गहरी नींद में सोया हुआ था. काफी प्रयास के बाद उसे होश में लाया गया और उसकी जेब की तलाशी ली गई. तलाशी में मंदिर के दानपेटी से निकाले गए पैसे, सोने-चांदी के आभूषण और नींद की गोली टी-10 बरामद हुई. थाना प्रभारी बालेश्वर ऊरांव ने बताया कि रात ढाई बजे तक पेट्रोलिंग के बाद यह घटना घटी. चोर ने तीन-चार नींद की गोलियां खाकर मंदिर में चोरी की कोशिश की, लेकिन गोली का असर इतना तेज था कि वह भागने की बजाय मूर्ति के सामने ही गिर पड़ा. पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी, मंदिर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर अपराध करने का मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है.

इस घटना के बाद पूरे बड़ाजामदा क्षेत्र में इसे माँ काली और शीतला माँ का चमत्कार माना जा रहा है. लोगों का कहना है कि माँ ने अपनी संपत्ति की रक्षा खुद की और चोर को बाहर जाने ही नहीं दिया. श्रद्धालु इसे ईश्वर का न्याय मान रहे हैं. समाजसेवी मदन गुप्ता का कहना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि मां की शक्ति का प्रमाण है. अनिल सिंह का कहना है कि चोर कितना भी चालाक हो, मां की मर्जी के बिना कुछ नहीं कर सकता. वहीं श्रीराम सिंह कहते हैं कि उन्होंने पहली बार ऐसा चमत्कार देखा जब चोर खुद मूर्ति के सामने फंसा रह गया.

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने 'मेरा विद्यालय निपुण- मैं भी निपुण' कार्यक्रम शुरू किया

# दिसंबर तक 35,000 स्कूलों के आठ लाख विद्यार्थियों के मूल्यांकन का लक्ष्य

शुभम संदेश। रांची



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल 'मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण' कार्यक्रम की शुरुआत की है. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाना है. दिसंबर 2025 तक 35,000 विद्यालयों के लगभग 8 लाख विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर उन्हें 'निपुण' श्रेणी में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

इस कार्यक्रम के तहत दो प्रमुख घटक शामिल हैं – 'मेरा विद्यालय निपुण' और 'मैं भी निपुण'. कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर हाल ही में राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता गुणवत्ता शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अविनव कुमार ने की. इसमें सभी जिलों के सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों ने भाग लिया.

**'मेरा विद्यालय निपुण': स्कूलों का व्यापक मूल्यांकन :** इस घटक के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय का मूल्यांकन कुल 13 संकेतकों के आधार पर किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं: प्रिंट समृद्ध कक्षा-कक्ष, शिक्षण सामग्री का उपयोग, शिक्षकों की जागरूकता, बाल साहित्य, कक्षा संचालन की प्रक्रिया, विद्यार्थियों का आकलन, प्रधानाध्यापक व सामुदायिक भागीदारी आदि. किसी विद्यालय को 'निपुण' घोषित किए जाने के लिए न्यूनतम 75% अंक अनिवार्य होंगे. इसके आधार पर विद्यालयों को स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणी में वर्गीकृत किया जाएगा. निपुण विद्यालयों के एफएलएन शिक्षकों को डिस्ट्रिक्ट इनोवेशन चैलेंज के लिए चयनित किया जाएगा और उन्हें डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे.

**'मैं भी निपुण': विद्यार्थियों की दक्षता का मूल्यांकन :** इस पहल के अंतर्गत कक्षा 2 और 3 के विद्यार्थियों का मूल्यांकन हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों में किया जाएगा. प्रत्येक विद्यार्थी को 'निपुण' घोषित होने के लिए सभी विषयों में कम से कम 75% अंक लाना अनिवार्य होगा. निर्धारित मानक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को 'मैं भी निपुण' प्रमाणपत्र दिया जाएगा और वे एफएलएन चैंपियनशिप में सीधे भाग लेने के पात्र होंगे. मूल्यांकन प्रणाली इस तरह तैयार की गई है कि कक्षा 2 के विद्यार्थियों का मूल्यांकन कक्षा 1 के समतुल्य और कक्षा 3 के विद्यार्थियों का मूल्यांकन कक्षा 2 के स्तर पर किया जाएगा.

**चरणबद्ध मूल्यांकन योजना :** कार्यक्रम के पहले चरण में 21 से 26 जुलाई 2025 के बीच राज्य के 1056 विद्यालयों में मूल्यांकन किया जाएगा. इसके बाद अगस्त से दिसंबर 2025 तक यह कार्य सभी जिलों और प्रखंडों में फैला दिया जाएगा. मूल्यांकन कार्य में मुख्य रूप से मास्टर प्रशिक्षक (एमटी) और मुख्य संसाधन व्यक्ति (केआरपी) शामिल होंगे. इन प्रशिक्षकों द्वारा डिजिटल ऐप की सहायता से विद्यालयों और विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा. मासिक डेटा संग्रह और रिपोर्टिंग जिला स्तर पर की जाएगी.

**एकल शिक्षकीय विद्यालयों को विशेष समय :** कार्यक्रम के तहत पहले दो या अधिक शिक्षकों वाले विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा. एकल शिक्षकीय विद्यालयों को बाद में शामिल किया जाएगा ताकि उन्हें तैयारी के लिए समय मिल सके.

**कार्यक्रम के उद्देश्य :** अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के विद्यालयों में एफएलएन के विभिन्न घटकों पर व्यवस्थित रूप से कार्य करना है. साथ ही यह विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की वास्तविक स्थिति को जानने, उन्हें सुधारने, और शैक्षणिक योजनाओं के निर्माण के लिए उपयुक्त डेटा संग्रह करने का माध्यम भी बनेगा. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों व विद्यार्थियों को पहचान कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा, जिससे उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना और गुणवत्ता की ओर झुकाव पैदा होगा.

**प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम :** 'मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण' अभियान झारखंड के प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है. यह न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास है, बल्कि इससे बच्चों में मूलभूत शिक्षा की नींव भी मजबूत होगी. दिसंबर 2025 तक तय किए गए लक्ष्यों की पूर्ति से राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद की जा रही है.

### खास बातें

- कार्यक्रम के संबंध में सभी जिलों को भेजा गया पत्र, प्रथम चरण में 1056 विद्यालयों का होगा मूल्यांकन
- 'मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक
- विद्यालयों को 'मेरा विद्यालय निपुण' प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 75% अंक लाना होगा, मिलेगा स्वर्ण, रजत और कांस्य सर्टिफिकेट
- विद्यार्थियों को 'मै भी निपुण' प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विषय में न्यूनतम 75% अंक लाना अनिवार्य होगा, मिलेगी एफएलएन चैंपियनशिप में सीधे इंट्री

## एक नजर

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को प्रसाद, ग्रंथ एवं श्री तिरुपति बालाजी की चांदी की मूर्ति भी भेंट की



**रांची।** सनातन संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने और संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले के 83वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गोवा में हाल ही में भव्य 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' का आयोजन किया गया. यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर आध्यात्मिकता, संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम को जागृत करने वाला एक ऐतिहासिक क्षण बन गया. यह जानकारी सनातन संस्था के शंभू गवारे ने दी. महोत्सव के अंतर्गत संपन्न शतचंडी यज्ञ एवं महाधन्वंतरि यज्ञ का प्रसाद गवारे ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भेंटस्वरूप प्रदान किया. इसके साथ ही, उन्होंने मंत्री को संस्था के संस्थापक डॉ. आठवले का संक्षिप्त जीवनचरित्र ग्रंथ व श्री तिरुपति बालाजी की चांदी की मूर्ति भी भेंट की. संजय सेठ ने 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' की संकल्पना व कार्यों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की. इस अवसर पर गवारे ने उन्हें सनातन संस्था के आश्रम में पधारने का विशेष निमंत्रण भी दिया.

### एकदिवसीय हिंदी साहित्य की राज्य स्तरीय संगोष्ठी 27 को पुराना विधानसभा भवन में



**रांची।** हिंदी साहित्य भारती के तत्वावधान में रविवार 27 जुलाई को पुराना विधानसभा के सभागार में एकदिवसीय राज्यस्तरीय हिंदी साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा. इसकी तैयारियों के लिए हिंदी साहित्य भारती रांची इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष बलराम पाठक की अध्यक्षता में कांके रोड रांची स्थित मनोकामना मे संपन्न हुई. बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए संगठन महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक अजय राय ने बताया कि राज्य स्तरीय संगोष्ठी को सफल बनाने हेतु तैयारियां चल रही हैं. इस संगोष्ठी में झारखंड सहित देश के कई कवि, साहित्यकार एवं शोधकर्ता भाग लेंगे. संगोष्ठी में हिंदी साहित्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विश्वविद्यालय, स्कूल के शोधकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है. बैठक में हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, महामंत्री सुकुमार नाथ झा, कोषाध्यक्ष त्रिपुरेश्वर मिश्रा, मीडिया प्रभारी संजीव कुमार दत्ता, अभय कुमार आदि उपस्थित थे.

### पीड़िता ने बदला अपना बयान, दुष्कर्म के प्रयास के चारों आरोपी को कोर्ट ने बरी कर दिया

**रांची ।** पिठोरिया थाना में दर्ज कथित दुष्कर्म के प्रयास के मामले में नया मोड़ आ गया है. पीड़िता ने अदालत में अपने पहले दिए गए बयान से पलटते हुए कहा कि न तो दुष्कर्म का प्रयास हुआ था, न ही कोई छेड़छाड़ या अपराध. यह मामला केवल पैसों के लेन-देन और तीखी बहस तक सीमित था. इस बदले हुए बयान के आधार पर सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त-7 की अदालत ने मुख्य आरोपी सफीक खान सहित चारों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया. सफीक खान ने 12 मार्च 2025 को आत्मसमर्पण किया था और तभी से न्यायिक हिरासत में था. अन्य आरोपी, इशरत जहां, नाहिद परवीन उर्फ नाहिद अफसरा और अर्शीना परवीन जमानत पर थे.मामले की शुरुआत 10 अक्तूबर 2023 को पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी से हुई थी, जिसमें सफीक खान पर दुष्कर्म के प्रयास और अन्य आरोप लगा था. बाकी तीनों पर मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे. पुलिस ने 10 अप्रैल 2025 को चार्जशीट दाखिल की थी और 21 जून को आरोप तय हुए थे.

### गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने पांच ड्रग तस्करों को मोरहाबादी से गिरफ्तार किया



**रांची।** लखनऊ आर्मी इंटेलिजेंस से मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच तस्करों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुजीत सिंह, संजीव कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, विकास कुमार और सरवन गोप शामिल हैं. इनके पास से 8.59 ग्राम ब्राउन शुगर और कुछ मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किए हैं. लखनऊ सैन्य खुफिया विभाग द्वारा रांची पुलिस को साझा की गई विशेष जानकारी के बाद मोरहाबादी क्षेत्र में छापेमारी कर इन ड्रग तस्करों को रंगेहाथों पकड़ा गया.

### हैदराबाद जा रहे यात्री को रांची एयरपोर्ट पर आया हार्ट अटैक, मेडिकल टीम की तत्परता से बची जान



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बीती रात एक बड़ा हादसा टल गया जब हैदराबाद जाने के लिए पहुंचे यात्री संजय प्रसाद (55) को अचानक दिल का दौरा पड़ा. एयरपोर्ट में प्रवेश करते ही उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई. मौके पर तैनात क्यूरेस्टा मेडिकल टीम ने तत्काल प्राथमिक उपचार देकर उनकी हालत स्थिर की और एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया. एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि मेडिकल टीम की प्रोफेशनल और त्वरित प्रतिक्रिया से मरीज की जान बचाई जा सकी.

### जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 27 जुलाई को मुख्य चुनाव अधिकारी ने कार्यक्रमों की घोषणा की



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2025-27 के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निर्णयानुसार रविवार 27 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा. मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने निर्वाचन हेतु कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 15 जुलाई से मारवाड़ी भवन में नामांकन पत्र उपलब्ध है. नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई अपराह्न 4 बजे है. नामांकन पत्र जांच एवं वैध उम्मीदवारों की सूची 18 जुलाई को ही शाम 5 बजे प्रकाशित कर दी जाएगी. नामांकन पत्र वापसी की तिथि 20 जुलाई शाम 4 बजे तक है. उम्मीदवारों की अंतिम सूची 20 जुलाई की ही शाम 5 बजे प्रकाशित कर दी जाएगी. मतदान (आवश्यक होने पर) 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में होगा. निर्वाचन हेतु संपूर्ण कार्य 15 जुलाई से 20 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से संध्या 4 बजे तक मारवाड़ी भवन में होगा. मतदान के लिए सभी सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्गत अपना सरकारी पहचान पत्र लाना अनिवार्य है. उम्मीदवारों को नामांकन पत्र दो सौ रुपया शुल्क देकर स्वयं लेना होगा.

---

## छापर बालू घाट को लेकर क्रिमिनल गैंग आमने-सामने

# फायरिंग कर खुलेआम दी धमकी

विजय मिश्रा। बुढ़मू

अवैध बालू के निकासी के लिए कुछ अपराधी गैंग आमने-सामने हो गए हैं. बालू घाट पर कब्जे को लेकर एक अपराधी ने तो सोशल मीडिया में बकायदा धमकी भरा पोस्ट भी डाल दिया है, जिसमें वह कार्बाइन से फायरिंग करता नजर आ रहा है. डीआईजी सह एसएसपी रांची ने धमकी देने वाले अपराधी को जल्द पकड़ने का दावा किया है.

**क्या है पूरा मामला :** रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर बालू घाट से वसूली को लेकर कुछ आपराधिक गैंग आमने-सामने हो गए हैं. यहां कुख्यात आलोक गिरोह भी बालू घाट पर अपना वर्चस्व कायम करने में जुटा हुआ है. अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए आलोक गिरोह के द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाला गया है, जिसमें खुद को बड़ा अपराधी बताने वाला एक युवक दूसरे गैंग्स के अपराधियों को धमकी दे रहा है और खुलेआम गोली चला रहा है. वीडियो में मौजूद अपराधी यह कहता नजर आ रहा है कि आलोक गिरोह का वह सदस्य है. उसका नाम भवानी सिंह है. वह यह भी कह रहा है कि अगर कोई भैरव सिंह की बात मानेगा तो वह उसे मार देगा.

### डीआईजी के संज्ञान में अब आया है मामला

सोशल मीडिया पर फायरिंग करता हुआ विजुअल पोस्ट की जानकारी डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन कुमार सिन्हा को भी है. इस मामले को लेकर डीआईजी सह एसएसपी ने बेहद कड़े शब्दों में कहा कि एक अपराधी वीडियो वायरल कर गोली चलाते हुए दिखाई दे रहा है. उसकी पहचान भी कर ली गई है जल्द ही उस पर समुचित कार्रवाई की जाएगी.

### बुढ़मू के छापर में एक्टिव हैं कई गुट

रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित छापर में बालू और कोयला दोनों की ही अवैध निकासी को लेकर बदनाम है. इस इलाके में कुछ उग्रवादी संगठन भी सक्रिय हैं, जो गैरकानूनी कार्यों में लिप्त हैं. सभी का मकसद बालू और कोयला तस्करी के जरिए पैसा कमाना है. जिस अपराधी के द्वारा वीडियो जारी किया गया है, वह पूर्व में टीपीसी से ही जुड़ा हुआ था. फिलहाल पुलिस की नजर सभी आपराधिक गुटों पर है. डीआईजी सह एसएसपी रांची ने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

## 'मुख्यमंत्री सारथी योजना' के उम्मीदवारों को मिला नियुक्ति पत्र

# युवा अपनी ऊर्जा को उचित एवं क्रिएटिव क्षेत्र में लगाएं

**विश्व युवा कौशल दिवस**

शुभम संदेश। रांची

युवा अपनी ऊर्जा को उचित एवं क्रिएटिव क्षेत्र में उपयोग में लाने का प्रयास करें ताकि उनका भविष्य एक बेहतर दिशा में आगे बढ़ सके. आज एआई और डिजीटल युग में युवाओं को सही कौशल और उचित प्रोत्साहन देने की जरूरत है, ताकि हमारे युवा और हमारा देश इस आधुनिक और डिजिटल युग में कदम से कदम मिला कर चल सकें. उक्त बातें झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के मिशन निदेशक-सह-कार्यपालक पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार लाल ने कहीं. वे मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मंगलवार को रांची स्थित विश्वेश्वरैया (विश्वा) प्रशिक्षण केन्द्र, कांके में मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत नव-नियोजित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने नव-नियोजित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया.

**हितधारक आपसी तालमेल और साझेदारी में काम करें :** निदेशक-सह-कार्यपालक पदाधिकारी लाल ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर झारखंड कौशल विकास मिशन सोसिटी के सभी धारकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण सेवा प्रदाता प्रशिक्षणार्थियों को केवल औपचारिक कौशल प्रशिक्षण न दें, बल्कि गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास पर ध्यान दें.

साथ ही सभी हितधारक आपसी तालमेल और साझेदारी में काम करें तो निश्चय ही हमारे युवाओं का और हमारे राज्य का भविष्य उज्ज्वल होगा.



### प्रशिक्षित उम्मीदवारों को दी गई सिलाई मशीन

कार्यक्रम में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रशिक्षित उम्मीदवारों को सिलाई मशीन प्रदान की गई. वहीं, मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी एवं आईसीईएस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस मौके पर वर्ल्ड स्किल्स 2025-26 के लिए इंडिया स्किल्स-झारखंड स्किल काम्पिटिशन के लिए राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर तैयारी की औपचारिक शुरुआत हुई.

### कौशल प्रदर्शनी के स्टॉल्स रहे आकर्षण के मुख्य केंद्र

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हेल्थकेयर जेनरल ड्यूटी असिस्टेंट,ग्रीन जॉब्स –सोलर पैनल इंस्टालेशन ,इलेक्ट्रॉनिक्स –मल्टी स्किल टेक्निशियन –होम एप्लायंस के साथ–साथ फैशन डिजाइनिंग–अपैरल सेक्टर ,मल्टी अपैरल सेक्टर ,मल्टी स्किल टेक्निशियन –फ्रूड प्रोसेसिंग सेक्टर और मेकअप आर्टिस्ट एंड सैलून सेक्टर के विभिन्न कौशल प्रदर्शनी स्टॉल्स रहे. कार्यक्रम में विशेष अतिथि सुनील सिंह, अतिरिक्त सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, रवि रंजन कुमार विक्रम, श्रमायुक्त–सह–निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, राजीव रंजन कुमार, विशेष सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, सहित झारखंड कौशल विकास मिशन सोसिटी के प्रबंधक, पदाधिकारी, यूएनडीपी के पदाधिकारी उपस्थित थे और मुख्यमंत्री सारथी प्रशिक्षण सेवा प्रदाता एवं प्रशिक्षुओं ने भाग लिया.

## नामकुम बिजली कार्यालय में अपराधियों का हमला

# 3 घंटे तक कर्मियों को बनाये रखा बंधक, जान से मारने की दी धमकी

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची में अपराधियों का हौसला दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है. सोमवार 14 जुलाई की देर रात हथियारबंद करीब 25 अपराधियों ने नामकुम स्थित ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) और ट्रांसमिशन सेंट्रल स्टोर को अपना निशाना बनाया। रात करीब 10:30 बजे हथियारों से लैस 25 अपराधियों ने वहां तैनात ऑपरेशनल स्टाफ और होमगार्ड जवानों को तीन घंटों तक बंधक बना लिया. इस दौरान अपराधियों ने कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीन कर उन्हें बंद कमरे में बंद कर दिया. इसके बाद उन्होंने स्टोर और जीएसएस के ताले काट डाले और कॉपर मटेरियल, रिले जैसे कीमती सामान चुराने की कोशिश की. हालांकि यह जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है कि कितने सामान की चोरी हुई, लेकिन उनके इरादे साफ थे.

इसके बाद करीब रात 1:30 बजे, जब अपराधी अपनी योजना में नाकाम हो गए, तो उन्होंने सभी कर्मचारियों के मोबाइल वापस किए और धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए. कंट्रोल रूम के स्टाफ के अनुसार, वे जाते-जाते यह कह गए कि अगर किसी ने पुलिस या अधिकारियों को इस घटना के बारे में बताया, तो वे फिर लौटकर आएंगे. फिलहाल पुलिस को सूचना दी गई है और जांच जारी है.

### धौनी ने आश्री बैडमिंटन कोर्ट का किया उद्घाटन



**रांची।** बिरसा चौक स्टेशन रोड स्थित गीतिलपीढ़ी में आश्री बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन इंडियन टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी और जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर धौनी ने कहा कि इस तरह के बैडमिंट कोर्ट खुल जाने से आम लोगों को आसानी होगी. लोग बैडमिंटन का प्रशिक्षण ले पाएंगे. विश्वस्तर के तर्ज पर बने इस कोर्ट में आधुनिक सुविधा उपलब्ध है. मैं भी यहां प्रैक्टिस के लिए कभी-कभी आऊंगा. अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि आधुनिक उपकरण से लैस इस बैडमिंटन कोर्ट में लोगों को विश्वस्तर का प्रशिक्षण मिलेगा. बैडमिंटन कोर्ट के संचालक मंजुल केरकेट्टा ने बताया कि इस बैडमिंटन कोर्ट में लोगों के प्रशिक्षण के लिए दो महिला और दो पुरुष कोच की नियुक्ति की गई है. यह कोर्ट सुबह पांच बजे से नौ बजे तक और शाम पांच बजे से रात्रि 10 बजे तक खुलेगा. बैडमिंटन कोर्ट के इच्छुक लोक संपर्क कर सकते हैं. मौके पर कोच राकेश कुमार, सुषमा केरकेट्टा, सिद्धार्थ केरकेट्टा, अभिषेक केरकेट्टा समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### श्रावण मास शिवभक्ति, साधना और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक : प्रवक्ता संजय सर्राफ

**रांची ।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा-धाम ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग की संयुक्त पहल पर रांची में एक विशेष धार्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने श्रावण मास के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रावण मास केवल पूजा-पाठ का समय नहीं है, बल्कि यह मास भक्ति, तपस्या, संयम और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है. भगवान शिव को समर्पित यह मास जीवन में आध्यात्मिक अनुशासन और संतुलन का संदेश देता है. सर्राफ ने बताया कि पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन के समय जब हलाहल विष निकला तो भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण कर ब्रह्मांड की रक्षा की. तभी से शिव पर जल अर्पित करने की परंपरा शुरू हुई. उन्होंने कहा कि श्रावण सोमवार को व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र आदि अर्पित करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. यह मास न केवल मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है, बल्कि हरियाली, जल संरक्षण और वृक्षारोपण जैसी पर्यावरणीय चेतना को भी प्रोत्साहित करता है. संगोष्ठी के अंत में शिव तांडव स्तोत्र, रुद्राष्टाध्यायी और शिवमहापुराण के मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया. आयोजन के अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रावण मास में संयम, सेवा और शिवभक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

## सम्मान समारोह

## रांची नगर निगम सभागार में 'करदाता गौरव सम्मान समारोह- 2025' का आयोजन

# सबसे पहले टैक्स देने वालों को मिला निगम का सम्मान

शुभम संदेश। रांची




रांची नगर निगम ने मंगलवार को 'करदाता गौरव सम्मान समारोह 2025' बड़े ही शानदार तरीके से नगर निगम सभागार में आयोजित किया. इस खास मौके पर उन लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सबसे पहले अपना होल्डिंग टैक्स ऑनलाइन भरकर बाकी लोगों के लिए मिसाल कायम की. समारोह की अगुवाई निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने की. उन्होंने टैक्स समय पर भरने वाले 71 जागरूक करदाताओं को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया. सम्मान पाने वालों में रांची के आम लोग, संस्थान और कारोबारी शामिल थे.

**प्रशासक ने क्या कहा :** रांची नगर निगम आप सभी करदाताओं को सलाम करता है. आपकी वजह से ही शहर में सड़क, सफाई, पानी और लाइट जैसी जरूरी सुविधाएं बेहतर हो रही हैं. हम चाहते हैं कि आगे और ज्यादा लोग समय पर टैक्स भरें. अब टैक्स भरना भी आसान हो गया है, मोबाइल से घर बैठे ऑनलाइन टैक्स भरिए और रसीद पाइए.

### 2024-25 में टैक्स कलेक्शन में 18% की हुई बढ़ोतरी

राजस्व शाखा के उप प्रशासक ने बताया कि साल 2024–25 में टैक्स वसूली में 18% की बढ़ोतरी हुई है. यह सब नागरिकों की जागरूकता का नतीजा है.

### कौन-कौन रहे मौजूद

समारोह में उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सभी सहायक प्रशासक, टैक्स विभाग के अधिकारी, टैक्स एजेंसी के लोग, श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि, फेडरेशन ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और सम्मान पाने वाले तमाम लोग मौजूद थे.

### 19 को गुरु पूजन और गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

रांची। विजयादशमी के दिन इस वर्ष आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं. सभी राष्ट्रवादी विचारधारा के पत्रकार गुरु पूजन करने के साथ साथ गुरु दक्षिणा में अपने सामर्थ्य के अनुसार राशि का समर्पण करें. शनिवार 19 जुलाई को आरएसएस प्रांत कार्यालय, निवारणपुर, रांची (तपोवन मंदिर के पास) दोपहर समय 12 से 1 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन होगा.

### अभिनंदन समारोह आज

**रांची।** वनवासी कल्याण केन्द्र श्रीहरि वनवासी विकास समिति की ओर से 16 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के सभागार में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है. समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार होंगे. अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. तनुजा मुंडा करेंगी.

## ब्रीफ न्यूज

### बारिश से धंसा सड़क, हादसे को दे रहा दावत

**बालूमाथ (लातेहार)।** लगातार हो रही झमाझम बारिश ने बालूमाथ चंदवा मुख्य मार्ग को गंभीर क्षति पहुंचाई है. मिशन स्कूल से कुछ ही दूरी पर चंदवा की ओर जाने वाले रास्ते में दाईं तरफ सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया है. जिससे इस मार्ग पर बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है. यह मार्ग भारी मालवाहक वाहनों के साथ-साथ छोटी-बड़ी गाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है. रोजाना सैकड़ों वाहन इसी सड़क से गुजरते हैं. लेकिन सड़क धंसने से अब यह मार्ग हादसों को खुला निमंत्रण दे रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के कारण मिट्टी कटाव तेजी से बढ़ रहा है. और सड़क किनारे गड्ढे गहराते जा रहे हैं.

### चोरी के गहनों एवं मोबाइल के साथ एक संदिग्ध धराया

**मेदिनीनगर।** चोरी की घटना को देखते हुए चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत रेलवे स्टेशन क्षेत्र से एक संदिग्ध आरोपी पकड़ा गया है. पुलिस ने उसके पास से एक सोने का मंगटीका, एक सोने का बाली, एक जोड़ा सोने का झुमका, एक जोड़ा चाँदी का पायल तथा एक पीस रियलमी कम्पनी का मोबाइल बरामद किया है. जानकारी के अनुसार, अभियान के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि टीओपी-02 क्षेत्रान्तर्गत डालटनगंज रेलवे स्टेशन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है. सूचना के बाद टीओपी-02 प्रभारी राकेश कुमार एवं टाइगर मोबाइल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति को स्टेशन रोड के पास पकड़ लिया.

### रोटरी स्कूल में सीबीएसई 12वीं की पूरक परीक्षा शुरु

**मेदिनीनगर.** चैनपुर स्थित रोटरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा आज शांतिपूर्ण प्रारंभ हुई. केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष चार जिलों पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं गुमला के विभिन्न विद्यालयों से कुल 110 परीक्षार्थी इस केंद्र पर पंजीकृत थे, जिनमें से 98 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 12 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे. परीक्षा की निगरानी हेतु केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि के रूप में वैभव कटियार केंद्र पर विशेष रूप से उपस्थित थे.

### टाटा मैजिक व प्लास्टिक के 483 जरकीन जब्त

**छतरपुर (पलामू)।** गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात करीब 10 बजे कउवल देवी मंदिर के पास शोभी यादव के घर पर छापेमारी की गयी. छपामारी में जिला उत्पाद पदाधिकरी संजीत कुमार और बीडीओ. आशीष कुमार साहू शामिल थे. उन्होंने बताया कि जब शोभी यादव के घर पर पदाधिकारी और पुलिस पहुंचे तो वहां घर के बाहर एक टाटा मैजिक खड़ी थी, जिसमें स्टील के 2 बड़े ड्रम और 3 बक्से रखे हुए थे. घर में सिर्फ महिला एवं बच्चे थे, जिन्होंने दरवाजा खोलने से इनकार किया. इसके बाद महिला पुलिस को बुलाकर घर की तलाशी ली गयी . जिसमें 26 प्लास्टिक बोरों में रखे 483 प्लास्टिक के जरकीन बरामद हुए. परिवार के सदस्यों ने बताया कि टाटा मैजिक किसकी है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है. टाटा मैजिक एवं 6 बोरा में 108 जरकीन को सैंपल के रूप में डीईओ संजीत कुमार द्वारा जब्त कर लिया गया . शेष 375 जर्किन को स्थल पर ही सील कर दिया गया है. आगे की करवाई की जा रही है.

---

थानों में हरियाली का संदेश दें, सभी थाना कैंपस में पौधारोपण व स्वच्छता को अभियान बनाएं

# जिम्मेदारी को सकारात्मक रूप से निभाएं : डीआईजी

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने थानों को केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि हरियाली और स्वच्छता के प्रतीक के रूप में विकसित करने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम का पूरा उपयोग करते हुए सभी थाना, पोस्ट और पिकेट परिसर को हरा-भरा और सुंदर बनाएं. डीआईजी ने इसे जिम्मेदारी के साथ-साथ एक रचनात्मक पहल बताया, जिसमें सभी थाना प्रभारी सकारात्मक भूमिका निभाएं. अपने निर्देश में डीआईजी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन परिसरों में पौधारोपण व स्वच्छता के अच्छे उदाहरण मिलेंगे, वहां के थाना प्रभारियों को प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाएगा. वहीं जहां सुधार की जरूरत है, वहां सहयोगात्मक रवैये के साथ मार्गदर्शन दिया जाएगा. डीआईजी ने कहा कि किसी को दंडित करने की बजाय सबको साथ लेकर सकारात्मक बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है. उन्होंने हर थाने को सुझाव दिया कि वन विभाग, उद्यान विभाग और स्थानीय नर्सरी से समन्वय बनाकर पौधे मंगाएं और परिसर की खाली जगह को हरियाली से भर दें. जगह नहीं होने की स्थिति में गमलों का उपयोग कर परिसर को सजाया जाए. फलदार और फूलदार पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है. डीआईजी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखा जाए. हर थाना परिसर समाज के लिए प्रेरणा बने, इसी भावना से काम करें. आदेश की प्रति तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भेजते हुए हर स्तर पर सहयोग और मार्गदर्शन से कार्य को सफल बनाने का आग्रह भी किया गया है. डीआईजी नौशाद आलम ने आज अपने आवासीय परिसर में चंदन का पौधा लगाकर इसकी शुरुआत की. उन्होंने कहा कि आज सावन का पवित्र महीना का प्रथम सोमवारी है. इसलिए आज चंदन का पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की गई है.

---

उपायुक्त ने जिले के सभी तकनीकी अभियंताओं के साथ बैठक की, कहा

# जिन योजनाओं का टेंडर फाइनल हुआ, उसका काम जल्द शुरू करें

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

उपायुक्त समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिले के सभी तकनीकी अभियंताओं के साथ बैठक की. बैठक में उपायुक्त ने उनके विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं व कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की. इस दौरान उपायुक्त ने पाया कि विभिन्न विभागों द्वारा निविदा का कार्य पूर्ण होने के बाद भी संबंधित योजना पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है. उपायुक्त ने ऐसी सभी योजनाओं जिनकी निविदा हो चुकी है, उसका शीघ्र शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये. उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को संवेदक के साथ बेहतर समन्वय बनाने व योजनाओं को तत्काल प्रारंभ करने में बेवजह देरी न हो इसे सुनिश्चित करने पर बल दिया.

बैठक में कुछ विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा परीक्षा ड्यूटी के कारण मीटिंग में अनुपस्थित रहने और उनकी जगह बैठक में पहुंचे सहायक अभियंता को योजनाओं से संबंधित जानकारी नहीं होने के कारण समीक्षा में परेशानी होने पर उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में कोई पदाधिकारी बैठक में प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेते हैं तो पूरी जानकारी के साथ आयें. कई योजनाओं की स्वीकृति मिलने के बाद भी जमीन का आवंटन नहीं होने का मामला प्रकाश में आने पर उन्होंने सभी मामलों को अलग से नोट कर तथा संबंधित सीओ को फोन कर जमीन संबंधी मामले का नियमानुसार निष्पादन का निर्देश दिया. बैठक में डीडीसी जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे.



**प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में आएं पदाधिकारी**

**मेदिनीनगर।** पिछले माह संपन्न बैठक में कई पदाधिकारियों ने जो प्रगति रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की थी वही रिपोर्ट आज की बैठक में प्रस्तुत किया गया. इस पर उपायुक्त ने कहा कि इस रिपोर्ट से यह प्रतीत होता है कि एक माह में कोई कार्य ही नहीं किया गया है. उपायुक्त ने इस विषय पर कहा कि अगली बैठक में सभी पदाधिकारी प्रत्येक माह की प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में शामिल हों. बैठक में भवन निर्माण निगम के अभियंता को उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया. बैठक में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को एकलव्य विद्यालय में बिजली से जुड़ी सभी समस्याओं को दुरुस्त करने की बात कही. इसी तरह स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी.

### सभी प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में करें निष्पादन: उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को डीईजीएस, ई-ऑफिस यूआईडीएआई, एनआईसी, आधार संबंधी बैठक की. बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में दिये निर्देशों के अनुपालन का एक-एक कर जानकारी ली. सीएससी मैनेजर द्वारा निष्क्रिय सीएससी संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित नहीं करने को लेकर फटकार लगाई. डीआईओ रणवीर सिंह ने बताया कि पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में रामगढ़ प्रखंड में झारनेट स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. इसी तरह पीवीटीजी बहुल गांवों आधार संबंधी विशेष कैम्प के जरिये 79 नया पंजीकरण तथा 165 आधार अपडेट का कार्य कराया गया है. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बगैर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कोई पंचायत न रहे यह सुनिश्चित होना चाहिये. उन्होंने प्रत्येक पंचायत में वी०एल०ई को अनिवार्य रूप से बैठने का भी निर्देश दिया. उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी तरह के प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करने पर बल दिया. उन्होंने मैरेज प्रमाण पत्र के आवेदनों को रिजेक्ट होने के कारणों के विषय पर जानकारी ली. इसी तरह ई ग्रंथालय समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी. बैठक में डीडीसी जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज पांडेय, यूआईडी के डीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे.

---

# निर्वाचन कार्य में बीएलओ की भूमिका अहम: बीडीओ



शुभम संदेश। लातेहार

सदर प्रखंड के विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 से संबंधित प्रखंड कार्यालय के सभागार में निर्वाचन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इसमें 073 मनिका अंश के बूथ संख्या 177 से 210 तक के के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर ने भाग लिया. सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उन्होने विशेष गहन पुनरीक्षण मे बीएलओ को उनके कर्तव्य व प्रोटोकॉल की जानकारी दी. उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य मे बीएलओ की भूमिका अहम है. उन्होने पोषाक, शिष्टाचार और टेलीफ़ोन प्रोटोकॉल आदि बिंदुओं पर चर्चा की. प्रशिक्षण में सभी बीएलओ को प्रोजेक्टर के माध्यम से एक एक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी के शंका को दूर किया गया. इस प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक अतुल कुमार, सुरेश प्रसाद, सतेंद्र उरांव, संतोष भेंगरा, राकेश रौशन कुजूर, बीएलओ संजीत प्रसाद, ललन प्रसाद, शत्रुघ्न कुमार, उदय प्रसाद, कबूतरी देवी, सुनीता देवी व रीता देवी समेत कई बीएलओ शामिल थे.

### चोरी गए इन्वर्टर व बैटरी बरामद, एक गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने डालटनगंज स्थित पशुपालन विभाग के पेट क्लीनिक में 12 जुलाई को हुई चोरी की घटना में शामिल अपराधी चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर (मिशन स्कूल के बगल में) निवासी विशाल कुमार उर्फ विशाल कुमार यादव पिता स्व० राजू यादव को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके पास से पेट क्लीनिक से चोरी गए इन्वर्टर व बैटरी बरामद किया है. जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को डालटनगंज का कार्यालय बंद था और जब 14 जुलाई को क्लीनिक खोला गया तो कार्यालय की सीढ़ी के नीचे रखा माईकोटेक इन्वर्टर और बैटरी गायब पाया गया. इस संबंध में शहर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई. प्राथमिकी दर्ज होते ही अनुसंधानकर्ता स०अ०नि० अजय कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टी.ओ.पी.-02 प्रभारी राकेश कुमार एवं टाइगर मोबाइल टीम के सहयोग से रात्रि में ही रेलवे ओवरब्रिज के पास से विशाल कुमार उर्फ विशाल कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार विशाल कुमार पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने साथी के साथ 13 जुलाई की रात पेट क्लीनिक से इन्वर्टर और बैटरी चोरी कर ले जा रहा था.

# पंचायत प्रतिनिधियों ने सात सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



शुभम संदेश। हुसैनाबाद (पलामू)

हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सभी 22 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को सात सूत्री मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार पर पंचायत व्यवस्था को उपेक्षित करने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उम्मीदें थीं, लेकिन बजट की कमी और नीतिगत असमंजस से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. धरना में शामिल प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार द्वारा 2024-25 की 15वीं वित्त आयोग की बकाया राशि का अविलंब भुगतान, राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा लागू करने, पंचायती राज को विभागीय शक्तियों का प्रत्यायोजन, त्रिस्तरीय प्रतिनिधियों को केरल की तर्ज पर मानदेय देने, वार्ड सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ और सामाजिक सुरक्षा के तहत बीमा सुविधा देने जैसी मांगें उठाईं. धरना में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, जिला परिषद सदस्य रिंकी देवी, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, मुखिया मिना देवी, सुरेन्द्र चौधरी, अमरेन्द्र ठाकुर, शिवशंकर यादव, नरेश पासवान समेत बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए. प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

---

## एक नजर

### नीलांबर पीतांबर विवि में हुआ सीएससी का उद्घाटन



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में सीएससी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव एसके मिश्रा व डीएसडब्ल्यू एसके पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर कुलसचिव ने कहा कि यह जो सीएससी खुल रहा है वह यहां के विद्यार्थियों के हित में है और उन्हें इससे बहुत मदद मिलेगी. डीएसडब्लू एसके पांडे ने कहा कि सीएससी खुलने से विद्यार्थियों को बहुत सहूलियत होगी. उन्होंने सीएससी प्रोपराइटर अक्षय गुप्ता से भी आग्रह किया कि सभी कार्य उचित मूल्य पर किए जाने चाहिए और विद्यार्थियों के प्रति उनका रवैया बहुत ही सरल होना चाहिए. प्रोपराइटर अक्षय गुप्ता ने कहा कि वह इस बात का पूर्ण ध्यान रखेंगे कि जो भी विद्यार्थी यहां आएं उनके साथ उनका बर्ताव बेहद ही सरल और सकारात्मक होगा. साथ ही निर्धारित उचित मूल्य पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी. मौके पर अंग्रेजी विभाग के विमल कुमार, अनुप्राश कुमार, विजय कुमार, प्रणव कुमार, मनोज कुमार, वाईजेके एसएफ के श्रवण सिंह, बिपिन यादव, मोहित साहू, कृष्ण यादव, संचालक सुंदर कुमार समेत नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कई कर्मचारी मौजूद थे.

### विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया



**लातेहार।** जिला नियोजन सह कौशल कार्यालय के निर्देश पर स्थानीय दक्ष्य अकादमी प्राइवेट लिमिटेड के कौशल केंद्र में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्धघाटन जिला नियोजन सह कौशल विकास पदाधिकारी (डीएसओ) संतोष कुमार के अलावा यूएनडीपी प्रवीण तिर्की, केंद्र प्रबंधक नीरज कुमार व रोजगार प्रबंधक दिलबर अली के द्वारा किया गया. डीएसओ श्री कुमार ने ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस अपनी हुनर को पहचानने का अवसर है. विश्व युवा कौशल दिवस एक ऐसा उत्सव है जो हमारे मूल विश्वास को बढ़ाता है. तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण युवाओं को आज के आर्थिक और सामाजिक बदलावों से निपटने में मददगार साबित हो रहा है. उन्होने प्रशिक्षुओं को अपने हुनर को पहचानने एवं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आप को हुनरमंद बना कर रोजगार और स्वरोजगार प्राप्त करने की शुभकामना दी.

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया. जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा. जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा. जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रास्ता बंद कर दिए जाने के संबंध में, पीसीसी , गार्डवाल में निम्न स्तर के मैटेरियल उपयोग के संबधित जुड़े आवेदन आये. जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें. उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है.

### जड़यांग गांव की जनसुनवाई दस्तावेज फर्जी

**लातेहार।** लातेहार जिला में इन दिनों भ्रष्टाचार के मामले में खुब सुर्खियां बटोर रही है. कहीं मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी घोटाला तो कहीं मनरेगा में बिना काम किए रुपए की निकासी का मामला. इन सबसे अलग एक नया मामला प्रकाश में आया है. जिले के चंदवा प्रखंड में टीवीएनएल कंपनी और संबंधित सरकारी विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से प्रखंड के रजबार कोल माइंस खोलने के लिए फर्जी ग्रामसभा के दस्तावेज दिखाये जा रहे हैं. जिस तिथि को ग्राम जड़यांग के मध्य विद्यालय में जनसुनवाई दिखाया जा रहा है, वह फर्जी है. इस जनसुनवाई की प्रति गांव के राजीव कुमार उरांव को जब प्राप्त हुई तो उन्होंने इसे फर्जी बताते हुए कहा यह जनसुनवाई हुई ही नहीं है. इसे लेकर उपायुक्त, लातेहार के नाम एक आवेदन दे कर कंपनी और विभागीय अधिकारियों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को बरगलाने के आरोप में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है.

### 50 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण

**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र पर आठवीं कक्षा में अध्यनरत सामान्य जाति के 50 छात्र/ छात्राओं के बीच बीडीओ प्रशांत कुमार ने मंगलवार को साइकिल का वितरण किया. उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालयों में पठन पाठन कर रहे आठवीं कक्षा के सभी जाति के छात्र/ छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उन्हें हाई स्कूल आने जाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो. उन्होंने छात्राओं को पूरे मनोयोग से पढ़ने व सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए साइकिल से प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया. बच्चों ने साइकिल मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल आने जाने में सुविधा होगी. साइकिल मिलने का इंतजार बहुत दिनों से कर रहे थे. मौके पर बीपीएम रवि कुमार वैद्य, प्रधानाध्यापक दिनेश प्रजापति, रविंद्र कुमार रजक, छात्रा परी कुमारी, जाह्नवी कुमारी सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे.

---

**आक्रोश** विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर कई लोगों ने कांग्रेस का थामा दामन

# कांग्रेस के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ रहा है :बिट्टू पाठक

शुभम संदेश ।मेदिनीनगर

देश के अंदर बीजेपी के चाल चरित्र, नीति और सिद्धांत को देश की जनता 11 वर्षों में भली-भांति पहचान चुकी है. बहुत ही तेजी के साथ सिर्फ पलामू जिला ही नहीं बल्कि पूरे देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न पार्टियों के और सबसे ज्यादा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता और समर्थक कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन कर रहे हैं.

ऐसा ही नजारा पलामू जिला में देखने को मिला जहां पाटन प्रखंड के सुगना पंचायत के मुखिया मंजू देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार सिंह और समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा अन्य दलों के पदाधिकारी और समर्थक कांग्रेस के नीति और सिद्धांतों से जन-जन के नेता राहुल गांधी जी के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया .उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक कही.

कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया.श्री पाठक ने कहा कि बहुत तेजी के साथ सिर्फ पलामू में नही बल्कि देश में भाजपा और अन्य दलों को छोड़कर साथ कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं इसमें कई पार्टी कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल है.

कांग्रेस पार्टी के सदस्य लेने वाले मे सगुना मुखिया मंजू देवी समाज सेवी सुरेंद्र सिंह ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य रंजीत सिंह ,वकील अंसारी, विकाश कुमार, चंचल कुमार, मनोज राम, मुस्ताक अंसारी, एजाज अंसारी, रामसूरत मांझी, तालिब अंसारी,बुधन भूईया, रामरती देवी, सुगिया देवी, भरत राम, संहित कई लोग शामिल थे. मौके पर श्याम नारायण सिंह 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी , शंकर पांडे , शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह ,तारकेश्वर पासवान, शैलेश चंद्रवंशी ,दीपक प्रसाद लाल, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, खुर्शीद खान ,गोपाल सिंह ,विद्या सिंह चेरो, अशोक तिवारी, मिठू खान, डॉक्टर कृष्णमणि दुबे ,सच्चिदानंद मिश्र, देवांग शुक्ला, तुलसी पासवान ,गोपाल पासवान, अनिल सिंह आदि उपस्थित' थे.



# दवा दुकानों को लेकर बंदी की अफवाह पूरी तरह भ्रामक : ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन

शुभम संदेश ।मेदिनीनगर



पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जिले में दवा दुकानों को बंद कराने संबंधी खबरें पूरी तरह से भ्रामक हैं. संगठन ने दवा कारोबारियों से सतर्क रहते हुए किसी भी अफवाह में न आने की अपील की है. प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से कुछ तत्वों द्वारा दवा व्यवसायियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है. सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से यह अफवाह फैलाई जा रही है कि जिले भर में सभी दवा दुकानों को बंद किया जाएगा, जबकि वास्तविकता यह है कि पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है. संगठन ने इस विषय पर राज्य इकाई झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (रजि.), रांची के वरीय पदाधिकारियों से मार्गदर्शन लिया है. इस संबंध में संगठन की बैठक स्थानीय परिसदन में आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष भरत प्रसाद जायसवाल व संचालन जिला सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय ने किया. एसोसिएशन ने पुनः दोहराया कि संगठन के किसी भी निर्णय की जानकारी केवल अधिकृत माध्यम से ही दी जाएगी, और सभी व्यापारी ऐसे मामलों में केवल संगठन के निर्देश का पालन करें. बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, कोषाध्यक्ष संतन कुमार सिंघल, संगठन सचिव असगर हुसैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय कुमार सिंह, बिनोद पाठक, हेशाम हुसैन, विश्वनाथ प्रसाद एवं जय प्रकाश जायसवाल समेत काफी संख्या मे सदस्य उपस्थित थे.

## ब्रीफ न्यूज

### मरकच्चो में सर्पदंश से नाबालिग की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह स्थित बिरहोर टोला में सोमवार की 11 बजे रात एक बच्ची की सर्पदंश से मौत हो गई. मृत बच्ची की पहचान 7 वर्षीय रिंकी बिरहोरनी, पिता लोकन बिरहोर के रूप में की गई है. मृत बच्ची के पिता लोटन बिरहोर ने बताया कि सोमवार की देर रात जब वे लोग अपने घर में सोए हुए थे. इसी बीच एक जहरीला सांप (गेहूवन) ने हमारी 7 वर्षीय बच्ची को डस लिया. जिसके बाद 108 एंबुलेंस से आनन-फानन में बच्ची को लेकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने कहा कि बच्ची के शरीर में जहर पूरी तरह से फैल चुका है.

### मूसलाधार बारिश से गरीब का घर ध्वस्त

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के गेरुआ गांव में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश एक गरीब परिवार के लिए आफत बन गई है. बारिश के कारण मजदूरी कर गुजारा करने वाले दिलीप ठाकुर का कच्चा मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया. उनकी पत्नी सोनी देवी ने बताया कि रात के समय परिवार ढाबा में सो रहा था, तभी घर गिर गया. घर में रखे अनाज, कपड़े और जरूरी कागजात मलबे में दब गए, जिससे परिवार पर भूखमरी की नौबत आ गई है.पीड़िता ने कहा कि आज तक उन्हें न पीएम आवास मिला, न अबुआ आवास योजना का लाभ. निजी खर्च से घर बनाना संभव नहीं है. उन्होंने प्रशासन से राहत शिविर, खाद्यान्न और वैकल्पिक आवास की मांग की है.

### फेसबुक के माध्यम से 50,000 की हुई ठगी

**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी निवासी विनय कुमार, पिता शंभू राम के द्वारा तिलैया थाना में आवेदन देकर फेसबुक के माध्यम से 50000 की ठगी होने की शिकायत की गई है. उन्होंने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सन्नी कुमार के फेसबुक अकाउंट से उन्हें 50000 की मांग की गई थी. उन्होंने कई किस्तों में ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर दिया .इसके बाद फिर 10000 मांगा गया तो उन्हें शक हुआ. जिसके बाद जब उन्होंने सन्नी से संपर्क किया तो सन्नी ने रुपए मांगने से इनकार कर दिया. उनके साथ हुए साइबर ठगी की शिकायत उन्होंने पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है.

### समाजसेवा के कार्यों के लिए सम्मानित होंगे राम कुमार

**जयनगर (कोडरमा)।** समाजसेवा की मिसाल बन चुके राम कुमार को उनके रक्तदान और अंगदान जागरूकता अभियान में अद्वितीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा. नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (नीफा) द्वारा दिल्ली और करनाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा.राम कुमार ने न केवल अनेक मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया, बल्कि अंगदान जैसे संवेदनशील विषय को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का उल्लेखनीय कार्य किया है. उन्होंने और उनकी पत्नी छोटी कुमारी ने मृत्युपरांत अंगदान की शपथ लेकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है. कोविड महामारी के दौरान उन्होंने मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई थी. उन्होंने जरूरतमंदों को ऑक्सीजन, अस्पताल में बेड, और राहगीरों के लिए भोजन की व्यवस्था कराई थी. वर्तमान में भी वे सदर अस्पताल व जिला प्रशासन के साथ मिलकर मरीजों की सहायता करते हैं.राम कुमार समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं.

---

### कोडरमा में तीन दिवसीय यक्ष्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नवनियुक्त कर्मियों को दी गई व्यापक जानकारी

**शुभम संदेश । कोडरमा**



जिला यक्ष्मा कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त कर्मियों (डी.पी.एस., पी.पी.एम., लेखापाल, एस.टी.एस., एस.टी.एल.एस., टीबी.एच.भी) के लिए तीन दिवसीय यक्ष्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिविल सर्जन सभागार में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल कुमार, सिविल सर्जन कोडरमा ने की, जबकि जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने टीबी (तपेदिक) बीमारी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की.

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त कर्मियों को टीबी से संबंधित जानकारी देना था, जिसमें बीमारी के लक्षण, जांच के विभिन्न तरीके, सैंपल संग्रहण की सही विधियां आदि शामिल हैं. राज्य यक्ष्मा सलाहकार डॉ. पुलत्स्य थवाईत और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिपीन कुमार ने भी यक्ष्मा के मोड्यूलर प्रशिक्षण के तहत आवश्यक तकनीकी एवं चिकित्सीय ज्ञान साझा किया. प्रशिक्षण का संचालन श्री अखिलेश कुमार, डीपीसी ने किया.

डॉ. पुलत्स्य थवाईत ने टीबी के प्रमुख लक्षणों जैसे दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, थूक में खून आना, सीने में दर्द, वजन कम होना आदि की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही, माइक्रोस्कोप, ट्रूनेट, सीबीनेट के माध्यम से बलगम जांच एवं एक्स-रे की महत्ता पर जोर दिया गया. डॉ. बिपीन कुमार ने फेफड़े की टीबी के अलावा अन्य अंगों में टीबी के लक्षण, जांच और दवा की सही खुराक पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों का नियमित परीक्षण और मॉनिटरिंग जरूरी है तथा मरीज के संपर्क में आए व्यक्तियों को टीपीटी दवा दी जाती है.

डॉ. अनिल कुमार ने नवनियुक्त कर्मियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों व विद्यालयों में यक्ष्मा रोग की जागरूकता फैलाएं. सहिया के माध्यम से संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनका परीक्षण सुनिश्चित करें. साथ ही, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 की जानकारी देते हुए सहयोग सुनिश्चित करें. उन्होंने प्रति माह प्रति सहिया चार संदिग्धों की पहचान कर जांच कराने का लक्ष्य भी निर्धारित किया.

इस प्रशिक्षण में आदित्य कुमार, अनु पांडेय, अरविंद कुमार, विकास कुमार, अजय कुमार, सुनीता कुमारी, अनील कुजूर, अवन कुमार दिवाकर, धीरेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, सालिक जफर सहित अन्य नवनियुक्त कर्मी उपस्थित थे.

---

### समेकित निरीक्षण अभियान के तहत 16 प्रखंडों में समीक्षा एवं जनसुनवाई अभियान

# मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच में हुई नई संवेदनशील पहल



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर मंगलवार को जिले के सभी 16 प्रखंडों में एक व्यापक और समेकित निरीक्षण एवं समीक्षा अभियान चलाया गया.

इस पहल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा, जनसमस्याओं का समाधान और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना रहा.इस अभियान के तहत पूर्व में नामित वरीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने प्रखंडों में पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए और क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया.सभी वरीय अधिकारियों ने विद्यालयों में जाकर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की. खास बात यह रही कि अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया. इसका उद्देश्य सिर्फ गुणवत्ता की जांच नहीं, बल्कि बच्चों की पसंद, भोजन की मात्रा और पौषण स्तर की प्रत्यक्ष समझ बनाना भी था. इस पहल से विद्यालयों में जिम्मेदारी की भावना भी जागृत हुई और बच्चों में उत्साह का माहौल रहा.

मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन जैसी प्रमुख योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा की गई. कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और लाभुकों तक पहुंच को लेकर अधिकारियों ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की.ऑनलाइन म्यूटेशन की स्थिति, लंबित मामलों की संख्या एवं निष्पादन की गति की गहन समीक्षा की गई. सेवा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त सेवाओं की समयसीमा और निष्पादन पर भी विशेष ध्यान दिया गया.पीवीटीजी समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया गया कि इन्हें योजनाओं का पूरा लाभ ससमय मिले. स्वास्थ्य केंद्रों में दवा उपलब्धता, साफ-सफाई, चिकित्सीय सेवाओं और संसाधनों की स्थिति की जांच की गई.धान अधिप्राप्ति केंद्रों की कार्यशीलता, किसानों से धान खरीद की पारदर्शिता और भुगतान प्रक्रिया की जांच की गई. बारिश के चलते हुए नुकसान, खासकर कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति का आकलन कर राहत कार्यों की योजना बनाई जा रही है.उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने कहा, ₹इस समेकित निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को धरातल पर प्रभावी बनाना, लाभुकों तक उसका लाभ पहुंचाना और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है.₹इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार, एसडीओ, डीआरडीए निदेशक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत कई अधिकारी शामिल रहे.

### उपायुक्त ने बंदोबस्त पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया



**हजारीबाग ।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को हजारीबाग जिले के बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने बंदोबस्त कार्यालय पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों-कर्मचारियों से विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।उपायुक्त ने कार्यालय में कर्मियों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने बंदोबस्त से संबंधित अभिलेखों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संधारण के निर्देश अधिकारियों को दिए ।उपायुक्त ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा यह जानकारी प्राप्त की कि बंदोबस्त से संबंधित कितने प्रकरण वर्तमान में लंबित हैं.

### जिले के सभी अंचलों में 16 को लगाया जाएगा विशेष राजस्व शिविर

**चतराः** आम नागरिकों को राजस्व से जुड़ी पारदर्शी और त्वरित सेवाएं उनके द्वार पर उपलब्ध कराने की दिशा में चतरा जिला प्रशासन सतत प्रयास कर रहा है. इसी क्रम में उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देश पर जिले के सभी 12 अंचलों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इन शिविरों का संचालन दो चरणों—प्रथम चरण और द्वितीय चरण में किया जाएगा, ताकि अधिकतम लोग इसका लाभ उठा सकें.प्रथम चरण में दिनांक 16 से 18 जुलाई तक चतरा, गिद्धौर, कुंदा, लावालौंग, हंटरगंज और प्रतापपुर अंचलों में शिविर लगाए जाएंगे. वहीं, 21 से 23 जुलाई तक सिमरिया, टंडवा, पत्थलगड़ा, कान्हाचट्टी, इटखोरी और मयूरहंड अंचलों में शिविर आयोजित होंगे. द्वितीय चरण में 29 और 30 जुलाई को सभी अंचलों में एक साथ शिविर लगेगा. इन शिविरों में दाखिल-खारिज, नामांतरण, बंटवारा, रसीद निर्गमन, भू-अभिलेख त्रुटि सुधार, जाति,आय, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गमन सहित अन्य राजस्व मामलों का ऑन-स्पॉट निपटारा किया जाएगा. साथ ही, जनता दरबार में प्राप्त लंबित आवेदनों पर भी प्राथमिकता से कार्रवाई होगी.शिविर का संचालन प्रत्येक अंचल कार्यालय परिसर में प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा, जहां संबंधित अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे. सभी आवेदनों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा.

---

### शिक्षा विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा

# शत-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करें

**शुभम संदेश । रामगढ़**



शिक्षा विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक हुई.बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त किया जाए .

इसके लिए उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को बृहद रूप से सर्वे कर फ्लोचार्ट तैयार करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा मध्यान भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उनके द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया.मध्यान भोजन अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शेष बचे रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनवाने व उनके पेंशन शुरू करने को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए. विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा बच्चों के बीच किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष बचे बच्चों की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से ली जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बैंक अकाउंट नहीं होने के कारण शेष बच्चों को सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है.

### शहर में सूखे पेड़ों को लेकर सख्त हुए विधायक

# नगर निगम व वन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**शुभम संदेश । हजारीबाग**

भारी बारिश के बीच मंगलवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देश पर नगर निगम व वन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में सूखे पेड़ों की पहचान के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया. विधायक की टीम स्वयं सड़कों पर उतरी और नीलांबर-पीतांबर चौक, वेल्स ग्राउंड, डिस्टिक मोड़, कार्मेल स्कूल गेट, बस स्टैंड, मुनका बगीचा, पूजा रेस्टोरेंट, झील परिसर, कार्मल चौक, झंडा चौक, देवागना सहित कई स्थानों का जायजा लिया गया. निरीक्षण के दौरान चिन्हित किया गया कि शहरी क्षेत्र में कई पुराने सूखे पेड़ अब खतरे का कारण बन चुके हैं. बारिश और तेज हवाओं के कारण इनके गिरने की आशंका बढ़ गई है, जिससे आम नागरिकों की जान-माल को नुकसान हो सकता है. इसी को देखते हुए विधायक ने नगर निगम एवं वन विभाग को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, "मेरे संज्ञान में यह बात आई थी कि शहर के कई हिस्सों में सूखे पेड़ खतरा बन रहे हैं. इसलिए यह कदम उठाया गया है ताकि आम जनता सुरक्षित रह सके. मैंने यह मुद्दा पूर्व में सदन में भी उठाया था."नगर निगम और वन विभाग की टीमों ने बताया कि चिन्हित पेड़ों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा. इस दौरान ट्रैफिक व आमजन की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा. विधायक प्रतिनिधियों ने जनता से अपील की है कि वे भी सहयोग करें और अपने इलाके में सूखे पेड़ों की सूचना प्रशासन या विधायक कार्यालय को दें.

---

**अव्यवस्था** बाहर से आनेवाले श्रद्धालुओं को ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं

# कौलेश्वरी मंदिर में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**विनोद यादव । हंटरगंज**



चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड स्थित विश्व ख्याति प्राप्त तीन धर्मो का संगम स्थल मां कौलेश्वरी मंदिर में सावन के पावन महिना में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. देश विदेश से पर्यटक यहां माता के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं वही पर्वत पर स्थित शिव मंदिर के शिवालय में जलाभिषेक कर रहे हैं सबसे पहले श्रद्धालु मंदिर के मुख्य द्वार से लगभग 1800 फीट की ऊंचाई पर चढ़ कर पर्वत पर स्थित सरोवर में स्नान कर रहे हैं .

तत्पश्चात पूजा अर्चना व जलाभिषेक करते है इस दौरान कौलेश्वरी सेवा संस्था की ओर से निःशुल्क शरबत की वितरण किया जा रहा है.परंतु इस बारिश भरे मौसम में बाहर से आने वाले श्रद्धालु जो कि आर्थिक रूप से असक्षम है उनके रूकने के लिए किसी भी प्रकार के प्रबंध नहीं हैं. मंदिर के सामने ही धर्मशाला है जो इन दिनों बदहाली का आंसू रो रहा है.धर्मशाला के छत से पानी टपक रही है.

जिसके चलते मंदिरों के दर्शन करने वाले श्रद्धालु को इस बारिश भरे मौसम में रात हो जाने की स्थिति में कहां रूके यह उनके सामने समस्या बन जाती है.

ऐसी स्थिति में उन्हें यदि रात्रि विश्राम करना है तो मंदिर से 10 किलोमीटर दूर प्रखण्ड मुख्यालय या 40 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय में निजी धर्मशालायें हैं उन्हें ढूँढने के लिए श्रद्धालु इधर-उधर भटकते हुए परेशान होते हैं.

कई बार स्थिति यह होती है कि आर्थिक रूप से गरीब परिवार के श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पहुंचते है उनके लिए निजी धर्मशालाओं एवं लॉज का किराया चुकाना भी काफी मंहगा होता है.ऐसे में वह काफी परेशान हो रहे हैं.


बताते चले कि इस मंदिर से सरकार की महीना की आमदनी लाखों की है.वही जहां एक ओर झारखंड सरकार और भारत सरकार लोक के नाम से कार्य किए जाने हैं ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि तीन धर्मो के संगम स्थल कौलेश्वरी मंदिर के निर्माण कार्य में एक व्यवस्थित और सुविधायुक्त धर्मशाला का निर्माण श्रद्धालुओं के लिए किया जाये. जिसके संचालन के लिए सुविधानुसार कुछ शुल्क का भी निर्धारण किया जा सकता है.जिला प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधियों को इस संबध में ध्यानाकर्षण आपेक्षित है.

### देवघर में कोडरमा के कांवरिया की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कीधमराय गांव के एक कांवरिया की देवघर में मौत हो गयी. घटना के बाद पूरे गांव में मातम हो गया बै. बताया जाता है कि प्रकाश प्रसाद (37 वर्ष), पिता प्रसादी महतो विगत 11 जुलाई को घर से देवघर के लिए निकला था.श्रावणी मेला में सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाकर बाबा धाम देवघर के लिए पैदल यात्रा शुरू किया. पैदल यात्रा में चलते चलते 13 जुलाई को दम घुटने से उसकी मौत हो गयी. मृतक का शव मंगलवार को स्थानीय मुखिया सरजू वर्मा एवं उनके परिजनों के सहयोग से लाया गया.मृतक के परिजन ने सरकार व प्रशासन से मुआवजा की मांग की है. वही मुखिया सरजू वर्मा ने कहा कि इस तरह से तीर्थ स्थल पर मौत होता है तो सरकार द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजा देना चाहिए.

---

## एक नजर



### जयनगर में हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के बदुलिया,चदरा पिपराडीह समेत कई गांव इन दिनों तीन जंगली हाथियों के आतंक से जूझ रहे हैं. पहले जहां एक हाथी के आने से ही ग्रामीणों की नींद हराम थी, वहीं अब उसके साथ दो और हाथियों के जुड़ने से स्थिति और भी भयावह हो गई है. ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों का झुंड खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुँचा रहा है. खेतों में लगे अन्य पेड़ पौधे भी इनके प्रकोप से नहीं बच पा रहे हैं. मंगलवार की अहले सुबह लोग हाथी गांव के किनारे देख डर गए, कई किसान इस चिंता में हैं कि यदि जल्द कोई समाधान नहीं हुआ तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा. इधर, हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग की टीम के साथ बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल) से आई स्पेशल टीम प्रयासरत है. टीम हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश कर रही है, परंतु अब तक ये तीनों हाथी गांव की सीमाओं से पूरी तरह बाहर नहीं गए हैं. बीते चार दिन पूर्व परसाबाद में हाथियों को विचरण करते देखा गया था जिसे टीम ने खदेड़ा था पर फिर से जयनगर क्षेत्र में हाथी विचरण करना वन विभाग के लिए आफत बन गई है.ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या अब उनके रोजमर्रा के जीवन और सुरक्षा से जुड़ गई है. छोटे बच्चों को बाहर भेजना भी खतरे से खाली नहीं है. उन्होंने प्रशासन और वन विभाग से हाथियों को जल्द हटाने और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

### पुरनानगर पंचायत में बैंकिंग व बीमा शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** वित्तीय समावेशन विशेष अभियान 2025 के तहत मंगलवार को पुरनानगर पंचायत में एकदिवसीय बैंकिंग एवं बीमा शिविर का सफल आयोजन किया गया. यह शिविर एलडीएम विमलकांत झा के मार्गदर्शन एवं सीएफएल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ.शिविर में पंजाब नेशनल बैंक, कोडरमा शाखा के शाखा प्रबंधक अमित राज ने जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने मौके पर ही ग्रामीणों का पंजीकरण कर उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया. शिविर में मुखिया श्रीमती अनीता देवी, पंचायत सचिव कुमारी विभा, बैंक बीसी सनी कुमार यादव एवं शुभाष यादव, और सीएफएल इंचार्ज रत्नेश कुमार की सक्रिय भागीदारी रही.विशेष रूप से रत्नेश कुमार द्वारा "वित्तीय सुरक्षा" विषय पर ग्रामीणों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. उन्होंने योजनाओं से जुड़ने के सामाजिक व आर्थिक लाभों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया. मौके पर ही कई लोगों ने नामांकन कराया.

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना. जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने कई व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं सामने रखीं, जिनमें पेंशन, जमीन विवाद, जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने, बंदोबस्ती जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करना, राशनकार्ड बनाने, भुमि रजिस्ट्री , जमीन पर जबरन कब्जा करने जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं. इन शिकायतों पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें.

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 14 जुलाई 2025 को बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. सुबह से ही शिविर स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे स्पष्ट है कि यह पहल जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है.शिविर में कुल 1059 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 866 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की गई. महिलाओं के लिए विशेष स्त्री रोग परामर्श एवं जांच की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 63 महिलाओं ने पंजीकरण कराया और 14 महिलाओं का पैप स्मियर टेस्ट किया गया.नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 996 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 755 की दृष्टि जांच की गई. इनमें से 290 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया. मोतियाबिंद से पीड़ित 45 मरीजों की सर्जरी की गई, जबकि 65 अन्य मामलों में बीमारी की पहचान की गई, जिनमें से 37 को अगली सर्जरी के लिए चुना गया.यह शिविर 11 से 30 जुलाई तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहेगा. जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें.

### बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े पहलुओं पर की गई चर्चा

**जयनगर (कोडरमा) ।** प्रखंड सभागार में सोमवार को ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने की, जबकि लीड बैंक मैनेजर विमल झा की उपस्थिति में बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई.बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को और अधिक मजबूत बनाना तथा सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं को पारदर्शिता के साथ आम जनता तक पहुँचाना रहा. बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी बैंक शाखाएँ पात्र लाभुकों को योजनाओं की समुचित जानकारी दें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रह जाए.इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत सभी बैंक शाखा प्रबंधक, जेएसएलपीएस के बीपीएम नीतीश कुमार, आवास समन्वयक सुमित कुमार झा, पंचायती राज विभाग से विवेक कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सनोज कुमार, उद्योग समन्वयक मनोरंजन कुमार सहित अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### योजना के लाभुकों के लिए लगा विशेष शिविर

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों को शीघ्र पहली किस्त की राशि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड प्रशासन जयनगर द्वारा उपायुक्त के निर्देश पर एक विशेष बैंक शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में बड़ी संख्या में लाभुकों ने भाग लिया और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर ऑन-द-स्पॉट एनपीसीआई मैपिंग करवाई.शिविर में प्रखंड क्षेत्र की सभी बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे. लाभुक आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर और बैंक पासबुक के साथ शिविर स्थल पहुंचे, जहां उनकी मैपिंग की प्रक्रिया त्वरित रूप से पूरी की गई. कई लाभुक जो अब तक तकनीकी कारणों से मैपिंग नहीं करा पाए थे, उन्हें इस शिविर से विशेष लाभ मिला. प्रशासन का कहना है कि इस पहल से पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन में गति आएगी .

### चौपारण में गंदगी से स्कूल बच्चों को हो रही परेशानी

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड मुख्यालय चौपारण में अतिक्रमण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है. खासकर केबीएसएस स्कूल के मुख्य गेट के सामने अतिक्रमण के कारण गंदगी का अंबार जमा हो गया है, जिससे विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों और अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि गेट के सामने लगे ठेले, दुकानों और अन्य अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो गया है. वहीं, गंदगी और कचरे के ढेर से बदबू फैल रही है. बरसात के मौसम में पानी जमा होने से हालात और बिगड़ रहे हैं. इससे मच्छर पनपने की आशंका के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है. इस मामले में स्कूल के प्रधानाध्यापक को भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि विद्यालय परिसर और उसके आसपास सफाई व्यवस्था बनी रहे.

### कैंसर पीड़िता कलावती देवी को मिला सरकारी मदद

**बरही (हजारीबाग):** करियातपुर पंचायत के शिवपुर गांव निवासी कलावती देवी, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं, अब मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत बेहतर इलाज पा सकेंगी. निजी स्तर पर इलाज कराते-कराते जब परिवार की सारी जमा पूंजी समाप्त हो गई, तब उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार से मदद की गुहार लगाई.सिकंदर कुमार ने ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से संपर्क कर सहायता की मांग की.

## ब्रीफ न्यूज

### कोलेबिरा-बांसजोर रोड की हालत फिर बिगड़ी

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** कोलेबिरा से बाँसजोर तक की सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद इंटक एवं आदिवासी कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने मंगलवार को क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि सड़क की हालत एक बार फिर खराब हो रही है, जबकि सुप्रिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के पास अभी एक साल तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी है.दिलीप तिर्की ने इस बाबत राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग के कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता से फोन पर वार्ता की. अधिकारियों ने जानकारी दी कि बारिश के कारण फिलहाल गड्ढों में ग्रेन्युलर सब-बेस भरा जा रहा है और जैसे ही मौसम साफ होगा.

### मिडिल स्कूल छोटका हातमा से चोरों ने स्मार्ट टीवी चुराया

**मांडर।** मांडर प्रखंड स्थित अपग्रेडेड मिडिल स्कूल छोटका हातमा में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने स्कूल कार्यालय का ताला तोड़कर स्मार्ट टीवी चुरा लिया. इस घटना की जानकारी मंगलवार सुबह तब हुई, जब स्कूल खुला और स्टाफ ने कार्यालय का ताला टूटा देखा. स्कूल की प्रिंसिपल बरखा देवी ने बताया कि चोर केवल स्मार्ट टीवी चुराकर ले गए हैं, अन्य सामान को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है. उन्होंने इसकी लिखित शिकायत मांडर थाना में दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और स्कूल परिसर व आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है.

### सीसीएल टीम ने आवासीय कॉलोनियों का किया निरीक्षण

**पिपरवार।** सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची की सिविल एवं क्वालिटी विभाग की टीम ने मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया. टीम के सदस्यों ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ मिलकर पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आवासीय कॉलोनियों का निरीक्षण किया और वहां चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता की जांच की. निरीक्षण के दौरान टीम ने बचरा 172 कॉलोनी, माइन्स कॉलोनी, अशोक विहार कॉलोनी, वन बीआर कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों का भ्रमण किया. उन्होंने कॉलोनियों में चल रहे कार्यों की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, जल निकासी व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया. टीम ने पाया कि कई स्थानों पर कार्य संतोषजनक ढंग से हो रहे हैं, वहीं कुछ स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है.

### नागरिक सुविधा के लिए प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

**नामकुम।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आम जनता की सुविधा के लिए सहायता केंद्र खोलने और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय परिसर के बरामदे में कुर्सी या बेंच की व्यवस्था और मुख्य द्वार पर सहायता केंद्र खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के लिए कार्यालय पहुँचते हैं, जिनमें कई असहाय और वृद्धजन भी होते हैं. लेकिन बैठने की समुचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इसके अतिरिक्त, सहायता केंद्र की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को कार्यालयीन प्रक्रिया समझने और संबंधित पदाधिकारियों को खोजने में सुविधा होगी.

---

डीडीसी की अध्यक्षता में हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, ऑनलाइन हाजिरी में कमी से नाराज

## ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाने वाले शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**शुभम संदेश ।गुमला**



समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई.समीक्षा में 85 प्रतिशत शिक्षको की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होने की जानकारी पर डीडीसी ने शेष शिक्षकों से स्पष्टीकरण करने का जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया. कहा कि चैनपुर, डुमरी, जारी प्रखंडों में ऑनलाइन उपस्थिति का अनुपालन कम हो रहा है. राज्य स्तरीय सीपीडी प्रशिक्षण पूर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों से भी स्पष्टीकरण का आदेश दिया गया.सभी स्कूली बच्चों के बैंक खातों की एनपीसीआई मैपिंग पूर्ण करने के लिए बैंकों से समन्वय स्थापित करने एवं आवश्यकतानुसार सीआरपी, बीआरपी की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिए गए.नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा में पाया गया कि गुमला जिला की प्रगति राज्य के अन्य जिलों की तुलना में काफी पीछे है.इस पर डीडीसी ने सख्त निर्देश देते हुए जुलाई माह के अंत तक व्यापक प्रचार प्रसार एवं निरक्षरों की पहचान कर साक्षरता केंद्रों के संचालन के लिए शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया.अगली बैठक तक प्रगति नहीं दिखाने वाले संकुल, प्रखंड एवं विद्यालयों पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की चेतावनी दी.समीक्षा बैठक बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, परियोजना एवं प्रखंडों के शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे.बैठक में जिले में विद्यालयों में पाठ्यपुस्तक, नोटबुक एवं स्कूल बैग वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई. उप विकास आयुक्त ने निर्देशित किया कि किसी भी विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया. मैट्रिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर उप विकास आयुक्त ने कार्ययोजना तैयार कर सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए. विशेषकर गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों पर फोकस करते हुए निचली कक्षाओं से ही लर्निंग गैप कम करने के लिए ठोस एवं व्यावहारिक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया.उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपलब्धता एवं प्रतिनियोजन के कारण शैक्षणिक कार्यों में हो रही बाधा पर चिंता जताते हुए ऐसे विद्यालयों की सूची तत्काल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट रोकथाम के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, असैनिक निर्माण कार्यों की प्रगति, यू-डायस डाटा का अद्यतन, व्यावसायिक शिक्षा की कक्षाओं का प्रभावी संचालन, विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन एवं सीआरपी,बीआरपी द्वारा विद्यालयों के नियमित अनुश्रवण के निर्देश दिए.

---

गुमला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता की सहमति के बिना नहीं बन सकेंगे प्रत्याशी

**शुभम संदेश ।गुमला**



नगर भवन गुमला में कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में सोमवार की अपराह्न 4 बजे संपन्न हुआ. संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में गुमला सिमडेगा और लोहरदगा जिले के पदाधिकारी शामिल हुए.

मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह गुमला जिला के पर्यवेक्षक बंधु तिर्की पूर्व मंत्री बादल पत्र लेख लोहरदगा के जिला पर्यवेक्षक राजेश गुप्ता लोहरदगा के जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार गुमला के जिला प्रशिक्षक सुभाष नाग राजनील तिग्गा सुखेर भगत डेविड तिर्की संदीप गुप्ता निशित जायसवाल अंजनी रंजन फिरोज आलम तरुण गोप आरिफ हुसैन अख्तर मौजूद रहे.

मौके पर प्रदेश प्रशिक्षक सुमित शर्मा ने पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती पर चर्चा की बंधु तिर्की ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष 2025 में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए जी जान से जुटी है.


अब जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष की सहमति के बिना कोई प्रत्याशी नहीं बनेगा.भाजपा से लड़ना है आपस में फायरिंग नहीं करनी है मनभेद हो सकते हैं.

मतभेद नहीं जो जिम्मेदारी मिली है उसे निभाना होगा विधानसभा की बात बतानी होगी.

भागीदारी के अनुसार नेतृत्व करना होगा आने वाले 2 से 4 साल में परिसीमन होगा महिलाओं की संख्या बढ़ानी है. परिसीमन में महिलाओं को मौका मिलेगा.

---

## टीवी मुक्त जागरूकता यात्रा को डीसी ने दिखाई हरी झंडी



**शुभम संदेश ।गुमला**

जिला प्रशासन द्वारा टीबी मुक्त गुमला अभियान के तहत जागरूकता यात्रा की शुरुआत मंगलवार को सदर अस्पताल से की गई. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान को रवाना किया और कहा कि यह केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जन आंदोलन है. उन्होंने कहा कि कार्य दबाव में नहीं, बल्कि प्रेरणा और कर्तव्यबोध से करना चाहिए, तभी इसका स्थायी प्रभाव होगा.डीसी ने बताया कि यह अभियान जुलाई से दिसंबर 2025 तक जिले के 159 पंचायतों में चलाया जाएगा. अभियान के तहत घर-घर स्क्रीनिंग, संभावित मरीजों की पहचान, बलगम संग्रहण, एक्स-रे व जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है.डॉ. गणेश राम (जिला यक्ष्मा पदाधिकारी) ने बताया कि अब तक 1.28 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग, 18 हजार एक्स-रे और 6,344 लोगों को जांच के लिए रेफर किया गया है. वर्तमान में जिले में 729 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है.सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि जब तक सभी पंचायतें टीबी मुक्त नहीं हो जातीं, तब तक अभियान जारी रहेगा. इस अवसर पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एएनएम छात्राएं, स्वास्थ्य कर्मी, सहिया व यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे. मंच संचालन मुकेश कुमार सिंह ने किया.

---

## मांडर से महिला लापता हुई,तलाश में जुटी पुलिस

**शुभम संदेश।मांडर**

थाना क्षेत्र के मलती गांव निवासी बालकेश्वर साहू की पत्नी छबी देवी (उम्र लगभग 45 वर्ष) बीते बुधवार 09 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे से लापता हैं. परिजनों के अनुसार घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था. छबी देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वर्तमान में उनका इलाज रिनपास, कांके में चल रहा है. परिजनों ने बताया कि छबी देवी दोपहर के समय घर से अचानक कहीं चली गईं. जब वह शाम तक घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के सभी संभावित स्थानों पर जाकर उनकी तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिली. लापता होने के समय छबी देवी ने गुलाबी रंग की साड़ी पहन रखी थी, साथ ही वह एक आसमानी ऊनी साल और कपड़े का बैग अपने साथ लेकर गई थीं. मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण उनके सुरक्षित लौटने को लेकर परिजन बेहद चिंतित हैं. गुरुवार को परिजनों ने माण्डर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हरसंभव प्रयास कर छबी देवी की तलाश का आश्वासन दिया है. पुलिस आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन कर रही है और स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है. परिजनों ने आम जनता से भी छबी देवी के बारे में किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर नजदीकी थाने या उन्हें सूचित करने की अपील की है.

---

## गुमला सदर अस्पताल में कैंसर डे केयर सेंटर का हुआ शुभारंभ

**शुभम संदेश ।गुमला**



जिले के कैंसर पीड़ित मरीजों को अब इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी. मंगलवार को सदर अस्पताल, गुमला परिसर में कैंसर डे केयर सेंटर की शुरुआत की गई. उद्घाटन करते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि यह सुविधा गुमला जिला के लिए एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि है. कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को अब कीमोथेरेपी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा. इस केंद्र में प्रत्येक सोमवार को कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और यह सेवा जिले वासियों के लिए पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगी. सभी आवश्यक दवाइया भी पहले से उपलब्ध करा दी गई हैं. सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने जानकारी दी कि अस्पताल में कीमोथेरेपी के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित स्टाफ, दवाइया और उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं. मरीजों के बैठने, आराम करने तथा देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है. वहीं कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सकगण, पंजीकृत कैंसर रोगी, उनके परिजन तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी समेत कई लोग उपस्थित थे.

---

## विस्थापित ग्रामीणों ने मोर्चा के आंदोलन का किया विरोध



**पिपरवार।** राजधर रेलवे साइडिंग से विस्थापित बहेरा, राजधर एवं कनौदा गांव के रैयतों की एक अहम बैठक रविवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता महेश विश्वकर्मा और संचालन जाहिद अली व वीरेन्द्र उरांव ने संयुक्त रूप से किया. बैठक में 'रैयत विस्थापित मोर्चा' द्वारा सात सूत्री मांगों को लेकर दिए जा रहे बयानों की तीखी आलोचना की गई और मोर्चा के आंदोलन का जोरदार विरोध करने का निर्णय लिया गया. ग्रामीणों ने कहा कि राजधर साइडिंग में सैंपलिंग, लोडिंग, मुंशी, ऑपरेटर जैसे अधिकतर कार्य स्थानीय रैयत विस्थापित ही कर रहे हैं. प्रबंधन से रैयतों ने अपने हक जैसे नौकरी, मुआवजा और भूखंड खुद लड़कर प्राप्त किया है. मोर्चा का कोई समर्थन नहीं चाहिए. बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए आंदोलन की आड़ में बाहरी एजेंसियों को काम दिलवाकर स्थानीय रैयतों को उनके अधिकार से वंचित करना चाहते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

---

### नामकुम प्रखंड कार्यालय में सहायता केंद्र खोलने की मांग

**नामकुम।** आम जनता की सुविधा के लिए नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सहायता केंद्र खोलने और बैठने की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला परिषद की पूर्व सदस्य आरती कुजूर कर रही थीं. उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय में रोजाना ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन भी शामिल होते हैं. लेकिन बैठने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाई होती है. ज्ञापन में मांग की गई कि कार्यालय परिसर के बाहर बरामदे में कुर्सी या बेंच की व्यवस्था की जाए, ताकि प्रतीक्षा कर रहे लोगों को असुविधा न हो. साथ ही, मुख्य प्रवेश द्वार के पास एक स्थायी सहायता केंद्र खोला जाए, जहां कर्मचारियों के माध्यम से लोगों को जानकारी और मार्गदर्शन दिया जा सके.

---

**आयोजन** विश्व युवा कौशल दिवस पर एसबीपीएस में विविध गतिविधियां आयोजित

## युवाओं को सशक्त भविष्य के लिए किया प्रेरित

**शुभम संदेश।नामकुम**



विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल में युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इस वर्ष की थीम "एक सुदृढ़ और सतत भविष्य के लिए युवाओं का कौशल विकास" रही, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों और कौशल आधारित शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया.कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और आजीवन सीखने के लिए प्रेरित करना था. इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया तथा कौशल संस्थानों, उद्योग जगत और सामाजिक संगठनों के विशेषज्ञों से संवाद किया.कार्यक्रम में उषा मार्टिन के मयंक मुरारी ने जैविक खेती को एक व्यावसायिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया. गोपिका (कॉस्मेटिक इंजीनियर), डॉ.अंसार अहमद (पशु चिकित्सक), सीतांशु (पर्यटन विशेषज्ञ), राजीव रंजन (लीगल लिट्रेसी) और निशात अंजू (वेलनेस न्यूट्रिशनिस्ट) ने विभिन्न कौशल क्षेत्रों में करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला.

एमएसएमई से श्री पूर्णेंदु पंकज और मंगल टोप्पो ने छात्रों को उद्योगों से जुड़े कौशल पाठ्यक्रमों की जानकारी दी.एसबीपीएस की पूर्व छात्रा प्रेरणा एंजेल कुजूर ने अपने अनुभव साझा करते हुए उद्यमशीलता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी और बताया कि सही कौशल विकास से कैसे आत्मनिर्भर बना जा सकता है.छात्रों ने "मेरा स्वप्न कौशल" नामक प्रतिबिंब बोर्ड पर अपने भविष्य के करियर लक्ष्यों को दर्शाया, जिससे उनका आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता झलकी.कार्यक्रम में सीबीएसई कौशल विकास प्रतिनिधि श्री राजीव पांडे ने छात्रों को जीवन कौशलों के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें प्रेरित किया.

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा, "युवा ही कल के निर्माता हैं. कौशल में निवेश का अर्थ है, एक समावेशी, नवोन्मेषी और टिकाऊ भविष्य में निवेश.इस आयोजन में रांची के कई प्रमुख विद्यालयों - ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, डीएवी स्वर्णरेखा, विवेकानंद विद्या मंदिर, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी, डीएवी बरियातू समेत अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा के महत्व को समझाने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की सार्थक पहल की गई.

---

### वेस्टेज तेल ने किसानों की आजीविका छीन ली मुआवजे की मांग

**इटकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप से खेतों में बहाए जा रहे वेस्टेज तेल ने दर्जनों किसानों की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है. पिछले दो वर्षों से प्रभावित क्षेत्रों में धान की खेती पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. इस मुद्दे को लेकर मंगलवार को भाजपा नेता राजकुमार तिर्की के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इटकी बीडीओ प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा. किसानों ने फसल बर्बादी के मुआवजे की मांग करते हुए वर्कशॉप से हो रहे तेल बहाव पर तत्काल रोक लगाने की मांग की. किसानों का कहना है कि वर्कशॉप में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के दौरान निकलने वाले बेकार तेल को सीधे खेतों में बहा दिया जा रहा है. इस तेल ने खेतों की उपजाऊ मिट्टी और घास-फूस को पूरी तरह जला दिया है.

---

## एक नजर



### गुमला में फैशन शो प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**गुमला ।** जिला में युवाओ कि प्रतिभा को निखारने के लिए फैशन महोत्सव प्रतियोगिता 2025 का आयोजन होगा. विभिन्न प्रतियोगिताओं मे विजेता बन चुकी मिस वर्ल्ड एंड इंडिया इंटरनेशनल चंद्रमणि कुजूर और मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल स्पेशल का खिताब जीतने वाली मिस हीरामणि कुजूर दोनों बहनों की उपस्थिति में गुमला के युवाओं की बैठक देवेंद्र लाल उरांव की अध्यक्षता में हुई.कहा कि गुमला में प्रतिभा की कमी नहीं है. एक नई सोच के साथ फैशन महोत्सव की शुरुआत गुमला के लिए एक अनोखा प्रतियोगिता होगा.जिसमें गुमला जिला के युवक युवतियां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे. प्रतियोगिता में मिस गुमला,मिस्टर गुमला,मिस ट्राइबल फेश गुमला और मिस्टर ट्राइबल फेश गुमला का चयन किया जाएगा. नेल्सन भगत ने कहा कि गुमला जिला में पहली बार इस तरह का आयोजन होगा .विजेता युवक युवतियों को आगे बढ़ने मौका मिलेगा. बैठक में संतोष झा, ज्योति कुमार, नीरज तिर्की,रामचन्द्र उरांव, शेखर लकड़ा आशिष कुजूर सीमित उरांव, राम उरांव मौजूद थे.

### सुखदेव भगत ने केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की



**लोहरदगा ।** नई दिल्ली में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं मध्य प्रदेश के एआईसीसी ऑब्जर्वर सुखदेव भगत ने कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने वार रूम के चेयरमैन एस. कंठ एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी बाड़मेर हरीश के साथ जिलावार संगठन समीक्षा बैठक की. बैठक में मध्य प्रदेश में संगठन की स्थिति, चुनौतियां एवं मजबूती के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई.सांसद सुखदेव भगत ने बताया कि उन्होंने संगठन सृजन अभियान के तहत कई दिनों तक मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रवास कर जमीनी स्तर पर संगठन की स्थिति का गहन आकलन किया है और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है.श्री भगत ने कहा कि कांग्रेस संगठन को हर मोर्चे पर सशक्त कर देश में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है.

### ट्रांसफार्मर बदले जाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**लोहरदगा ।** जिला के किस्को प्रखंड अंतर्गत अशरफ नगर में पिछले कुछ दिनों से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. इससे जहां रोशनी की समस्या उत्पन्न हुई, वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हुई. ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव को अवगत कराया.विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विद्युत विभाग के अभियंता से बात कर जल्द समाधान का निर्देश दिया. उनके प्रयास से गांव में नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे क्षेत्र में फिर से बिजली बहाल हुई. ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.इस मौके पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि विधायक डॉ. उरांव अपने क्षेत्र के विकास व समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं. हाजी शकील अहमद ने कांग्रेस पार्टी की जनसेवा भावना की सराहना की. कार्यक्रम में कई स्थानीय नेता व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे.

### लगातार बारिश से जल जमाव: घर-दुकान में घुसा पानी

**गुमला।** भरनो प्रखंड में लगातार हो रही मूसलधार वर्षा ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है. हर गली और चौक-चौराहे पर जल जमाव व कीचड़ से लोग बुरी तरह परेशान हैं. खासतौर पर भरनो एनएच चौड़ीकरण कार्य के चलते हालात और भी गंभीर हो गए हैं. स्कूल चौक के पास जल जमाव की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वह क्षेत्र मिनी तालाब में तब्दील हो गया है. इस जल जमाव से सबसे ज्यादा प्रभावित स्कूल चौक निवासी अजय गुप्ता हुए हैं, जिनके घर और दुकान में वर्षा का पानी घुस गया. इससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा. अजय गुप्ता का पूरा परिवार रात भर पानी निकालने में लगा रहा, लेकिन राहत नहीं मिली. स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार और कंपनी को ग्रामीणों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है. फ्लाईओवर के नीचे भी पानी और कीचड़ का अंबार लगा हुआ है, जिससे आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है. भरनो एनएच की पहचान अब जल जमाव और कीचड़ बन गई है. हालांकि, जब अज के घर में पानी घुसने की सूचना कंपनी तक पहुंची तो तुरंत संज्ञान लिया.

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जमीन पर मिला कब्जा

**मांडर।** ग्राम पुंनगी में स्थित पांच एकड़ 77 डिसमिल जमीन को लेकर पिछले सात वर्षों से चला आ रहा विवाद आखिरकार मंगलवार को समाप्त हो गया. सुप्रीम कोर्ट से डिक्री प्राप्त होने के बाद सुरेश तिवारी के पुत्रों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जमीन पर कब्जा दिलाया गया.गौरतलब है कि 19 फरवरी 2024 को जब सुरेश तिवारी स्वयं दखल-दिहानी कराने आए थे, उसी दौरान हृदयाघात से उनका निधन हो गया था. इस घटना के बाद मामला संवेदनशील बन गया था. परंतु उनके पुत्रों भास्कर नंद तिवारी एवं प्रभात नंद तिवारी ने न्याय के लिए संघर्ष जारी रखा.मंगलवार को कोर्ट के आदेशानुसार एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट जफर हसनात, कोर्ट के नाजिर मो. जीशान, मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार सहित चांन्हों और बुढ़मू थानों की पुलिस फोर्स की उपस्थिति में पूरी कार्रवाई संपन्न कराई गई. जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार वैध मालिकों को उनका अधिकार सौंपा गया.यह घटना इस बात का उदाहरण है कि न्याय में देर हो सकती है, लेकिन न्याय मिलता जरूर है.

### भंडरा डाक बंगला में मरम्मती कार्य का हुआ शिलान्यास

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड में आय मद योजना के अंतर्गत भंडरा डाक बंगला की मरम्मती कार्य हेतु ₹9,32,700 (नौ लाख बत्तीस हजार सात सौ रुपये) की प्राक्कलित राशि से मरम्मत कार्य का शिलान्यास मंगलवार, 15 जुलाई 2025 को किया गया। शिलान्यास समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उपाध्यक्ष विनोद उरांव एवं जिप सदस्य राजमणि उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि भंडरा क्षेत्र में जन उपयोगी व जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।शिलान्यास कार्यक्रम में इरशाद अंसारी, जगदीश भगत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए शेष बचे गांवों में भी जन हितैषी कार्यों की मांग की। कार्यक्रम से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्होंने अपेक्षा जताई कि विकास कार्यों की गति आगे और तेज होगी.

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एवं बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने मंगलवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा. उन्होंने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत आने वाले बचरा उत्तरी पंचायत में स्वास्थ्य उप केंद्र की स्थापना की मांग की. गुंजन सिंह ने ज्ञापन में बताया कि पंचायत में सरकार द्वारा अब तक एक भी स्वास्थ्य उप केंद्र नहीं खोला गया है, जबकि इस क्षेत्र की आबादी 20 हजार से अधिक है. क्षेत्र में वर्तमान में केवल सीसीएल का एक क्षेत्रीय अस्पताल है, जहां न तो सीसीएल कर्मियों का समुचित इलाज हो पाता है और न ही स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं. उन्होंने मंत्री को बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को छोटे-छोटे इलाज के लिए दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. गुंजन कुमारी सिंह ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द उप केंद्र की स्थापना की मांग की.

मंथन

## ई-ऑफिस की ओर झारखंड सरकार का निर्णायक कदम

डिजिटल युग में प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता की दिशा में झारखंड सरकार का प्रयास स्वागतयोग्य है. राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा ई-ऑफिस व्यवस्था को जनवरी 2026 से पहले पूरी तरह लागू करने का निर्देश, एक बड़े प्रशासनिक बदलाव की ओर संकेत करता है. मुख्य सचिव द्वारा दी गई प्राथमिकता-जैसे फाइलों की साइबर सुरक्षा, प्रक्रिया की सहजता और ऑफिस से बाहर भी काम करने की सुविधा-साफ दर्शाती है कि सरकार केवल डिजिटल रूपांतरण नहीं, बल्कि व्यावहारिक और प्रभावी व्यवस्था की स्थापना चाहती है. फाइलों को स्कैन कर पीडीएफ में अपलोड करने की प्रक्रिया न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगी, बल्कि वर्षों पुरानी कागजी फाइल संस्कृति से मुक्ति दिलाएगी. रेलटेल, एनआईसी और जैपआईटी जैसे तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी से यह भी स्पष्ट है कि सरकार इस बदलाव को तकनीकी दृष्टि से मजबूत और टिकाऊ बनाना चाहती है. ई-ऑफिस लाइट की समीक्षा से भी संकेत मिलता है कि सरकार इसे चरणबद्ध तरीके से लागू कर रही है, ताकि प्रणालीगत कमियां पहले ही दूर की जा सकें. ई-गवर्नेंस न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगा, बल्कि प्रशासनिक कामकाज को तेज, सुलभ और उत्तरदायी बनाएगा. हालांकि, यह जरूरी है कि विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता दी जाए, ताकि वे इस नई प्रणाली को सहजता से अपना सकें ।कुल मिलाकर, यह पहल झारखंड को सुशासन की नई दिशा में अग्रसर करने वाली साबित हो सकती है-यदि इसे समर्पण, सतर्कता और समयबद्धता के साथ लागू किया जाए.

नजरिया

## हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता और बड़ी टिप्पणी

सोशल मीडिया के युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ने नई उड़ान भरी है, लेकिन इसके साथ ही नफरती भाषणों की बाढ़ भी आई है. सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी, जिसमें हेट स्पीच को लेकर गहरी चिंता जाहिर की गई है, मौजूदा सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक है. न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और एजी विश्वनाथन की पीठ ने बिल्कुल सही कहा कि अभिव्यक्ति की आज़ादी के नाम पर सब कुछ जायज़ ठहराना खतरनाक प्रवृत्ति है. वजहात खान के मामले में कोर्ट ने एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया-जहां एक ओर अभद्र और घृणा फैलाने वाले कंटेंट पर रोक की ज़रूरत को रेखांकित किया गया, वहीं यह भी स्पष्ट किया कि हर बार एफआईआर और गिरफ्तारी कोई स्थायी समाधान नहीं हो सकता. कोर्ट ने यह भी कहा कि इंटरनेट पर डाला गया कंटेंट स्थायी होता है, इसलिए पोस्ट डिलीट करने से जिम्मेदारी खत्म नहीं होती. यह सही है कि राज्य की भूमिका हेट स्पीच पर नियंत्रण में अहम है, लेकिन कोर्ट का यह संदेश भी महत्वपूर्ण है कि समाज और नागरिकों को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए. नफरत फैलाने वाले पोस्ट को शेयर, लाइक या प्रमोट करना केवल कानूनी नहीं, नैतिक अपराध भी है. इस फैसले के ज़रिए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आज़ादी एक मूल्य है, लेकिन यह बिना जिम्मेदारी के नहीं हो सकती. यह संतुलन बनाए रखना ही एक सशक्त लोकतंत्र की पहचान है.

# एआई के युग में सांस्कृतिक अधिकारों की जंग

सत्य कुमार



**एक कलाकार की रचना उसके भीतर के भावों का प्रतिबिंब होती है.**

21वीं सदी के तीसरे दशक में, जब तकनीक हमारी दैनिक ज़िंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, रचनात्मकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बीच की रेखाएं धुंधली होती जा रही हैं. एक ओर तकनीकी प्रगति ने हमारी अभिव्यक्ति के साधनों को विस्तार दिया है, वहीं दूसरी ओर, यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि कला की आत्मा क्या अब एल्गोरिद्म के हवाले हो चुकी है? क्या मानव रचनात्मकता, संवेदना और सांस्कृतिक विरासत के स्थान पर अब मशीनें कल्पना कर सकती हैं? कला, मानव सभ्यता की सबसे पुरानी और गूढ़ अभिव्यक्ति है. यह केवल रंग, आकृति या ध्वनि नहीं, बल्कि समाज की सोच, संस्कृति और संघर्ष की अमिट छवि है.

गुफाओं में बने प्राचीन चित्रों से लेकर आज की डिजिटल पेंटिंग्स तक, हर कलाकृति में उस युग की संवेदनाएं, अनुभव और पहचान छुपी होती हैं. एक कलाकार की रचना उसके भीतर के भावों और समाज के प्रभावों का प्रतिबिंब होती है-जो एआई में नहीं हो सकता. लेकिन अब स्थिति बदल रही है.

तकनीकी रूप से देखा जाए तो एआई के पास बड़ी मात्रा में डेटा प्रोसेस करने और उसमें से पैटर्न निकालने की अद्वितीय क्षमता है. यही क्षमता उसे कला जैसी वस्तुएं बनाने में सक्षम बनाती है. लेकिन सवाल यह नहीं कि एआई क्या बना सकता है, सवाल यह है कि वह किसके आधार पर बना रहा है? एआई मॉडल आमतौर पर इंटरनेट पर मौजूद हजारों-कभी लाखों-कलाकृतियों का उपयोग अपने प्रशिक्षण के लिए करते हैं. इनमें से अधिकांश कलाएं स्वतंत्र कलाकारों की होती हैं, जो बिना सहमति के एआई मॉडल के प्रशिक्षण डेटा में शामिल हो जाती हैं. जब कोई मॉडल स्टूडियो गिबली या मधुबनी की शैली में चित्र बनाता है, तो वह न केवल किसी कलाकार के श्रम का दोहन करता है, बल्कि उस सांस्कृतिक परंपरा का भी शोषण करता है, जो पीढ़ियों से उसकी पहचान रही है. भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, लोककला केवल दृश्य सौंदर्य नहीं, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक आत्मा है. चाहे वह भील समुदाय की गोंड चित्रकला हो, महाराष्ट्र की वारली कला, या ओडिशा की पत्ताचित्र-हर शैली एक जातीय, भाषिक और भौगोलिक जीवनधारा से जुड़ी होती है. इन कलाओं की नकल करना एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक असंवेदनशीलता है. जब कोई एआई मॉडल इन लोककलाओं को बिना अनुमति रीक्रिएट करता है और उसे वैश्विक डिज़ाइन प्लेटफॉर्म्स पर व्यापारिक उत्पाद बना देता है, तो यह न केवल उन कलाकारों की आजीविका पर असर डालता है, बल्कि सांस्कृतिक अधिकारों की खुली अवहेलना भी करता है. वर्तमान में जो बौद्धिक संपदा अधिकार कानून हैं-जैसे कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क-वे मूलतः मानव द्वारा निर्मित रचनाओं की रक्षा के लिए बने हैं. लेकिन रचना का स्रोत एक मशीन हो, और उसकी प्रेरणा किसी और की कला हो, तो सवाल उठता है: उस कृति पर अधिकार किसका होगा? कलाकार का? एआई मॉडल का? या मॉडल बनाने वाली कंपनी का?

भारत का साइबर कानून अभी इस विषय में लगभग मौन है. यह डेटा सुरक्षा और गोपनीयता जैसे मुद्दों पर केंद्रित है, लेकिन रचनात्मकता और सांस्कृतिक अधिकारों को बचाने के लिए कोई स्पष्ट नीति या प्रावधान मौजूद नहीं है. इससे ए.आई. कंपनियों को कानूनी खाली स्थान का लाभ उठाने का अवसर मिल रहा है.

राष्ट्रीय नीतियों के साथ-साथ राज्यों को भी अपनी सांस्कृतिक ज़िम्मेदारियों को गंभीरता से लेना होगा. विशेष रूप से निम्नलिखित पांच कदम अत्यावश्यक हैं...

1. राज्यों को अपनी पारंपरिक कलाओं और शिल्पों को भू-संकेतक के तहत पंजीकृत कराना चाहिए, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानूनी सुरक्षा मिल सके.
2. कलाकृतियों का प्रामाणिक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाए, जिससे किसी भी डिजिटल कॉपी को मूल स्रोत से जोड़ा जा सके.

**यह हमारी सभ्यता के आत्मसम्मान, विविधता और सांस्कृतिक गरिमा का प्रश्न है. इसका उत्तर हमें आज देना होगा-वरना भविष्य में हमारी कला, संस्कृति और पहचान, सब कुछ केवल कोड की पंक्तियों में कैद होकर रह जाएगी.**

3. राज्यों को ऐसे तकनीकी प्लेटफॉर्म्स विकसित करने चाहिए जो ऑनलाइन हो रही कला चोरी की पहचान और ट्रैकिंग कर सकें.
4. डिजिटल राइट्स, तकनीकी प्रोटेक्शन टूल्स और ए.आई. के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि कलाकार खुद अपनी कला की रक्षा कर सकें.
5. सांस्कृतिक चोरी को गंभीर अपराध मानते हुए राज्य की सांस्कृतिक नीति में एआई जनित कला की सीमाओं को स्पष्ट किया जाए.

यह आवश्यक है कि हम एआई को एक रचनात्मक उपकरण के रूप में देखें, न कि कलाकारों के विकल्प के रूप में. इसके लिए कुछ नीतिगत कदम वैश्विक स्तर पर भी ज़रूरी हैं... जिन कलाओं से एआई मॉडल को प्रशिक्षित किया गया है, उनकी सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए. किसी कलाकार की रचना को मॉडल के प्रशिक्षण में शामिल करने से पहले उसकी अनुमति ली जाए. यदि किसी कलाकार की शैली से प्रेरित एआई कृति का व्यावसायिक प्रयोग होता है, तो उस कलाकार को मुआवज़ा मिलना चाहिए. विकास कंपनियों के लिए नैतिक दिशानिर्देश अनिवार्य हों, जिससे वे केवल तकनीकी दक्षता नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी को भी अपनाएं.

एआई मानव समाज के लिए एक अद्भुत खोज है, लेकिन इसका इस्तेमाल विवेक और नैतिकता के साथ होना चाहिए. कला केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक चेतना और मानवता की संवेदनशील अभिव्यक्ति है. यदि हम चाहते हैं कि तकनीक मानवता की सेवा में रहे, तो हमें आज ही यह तय करना होगा कि हम एआई को क्या भूमिका देंगे-सहयोगी की, या प्रतिस्थापक की? यह प्रश्न केवल कलाकारों का नहीं. यह हमारी सभ्यता के आत्मसम्मान, विविधता और सांस्कृतिक गरिमा का प्रश्न है. इसका उत्तर हमें आज देना होगा-वरना भविष्य में हमारी कला, हमारी संस्कृति और हमारी पहचान, सब कुछ केवल कोड की पंक्तियों में कैद होकर रह जाएगी. **(लेखक जनसंचार विशेषज्ञ और कलाकार हैं)**

## आज का इतिहास

**1661:** स्वीडिश बैंक का यूरोप में पहला नोट जारी.
**1856:** हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता मिली.
**1925:** नेशनल जियोग्राफिक ने समुद्र के भीतर के दृश्यों की प्राकृतिक रंगीन फोटो निकाली.
**1945:** अमेरिका ने परमाणु बम का परीक्षण किया.
**1951:** नेपाल को ब्रिटेन से आजादी मिली.
1990: यूक्रेन ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1999: जॉन एफ़ केनेडी के पुत्र जॉन एफ़ केनेडी जूनियर की विमान दुर्घटना में मृत्यु.
**2003:** पाकिस्तान, सऊदी अरब और 53 अन्य इस्लामी देश, इजराइल को 2005 तक मान्यता देने पर राजी.
**2006:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोरिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित.
**2007:** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना वाजिद को धन वसूली के एक मामले में गिरफ़्तार किया गया.

## गुरु जी का आखिरी संदेश, कठोर कभी न बनो

चिंतन


उत्तराखंड में हरिद्वार के पास ऋषिकेश के एक प्रसिद्द महात्मा बहुत वृद्ध हो चले थे और उनका अंत निकट था. एक दिन उन्होंने अपने सभी शिष्यों को अपने पास बुलाया और कहा, प्रिय शिष्यों मेरा शरीर जीर्ण-शीर्ण हो चुका है और अब मेरी आत्मा बार -बार मुझे इसे त्यागने को कह रही है, और मैंने निश्चय किया है कि आज के दिन जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर जाएगा, तब मैं इहलोक त्याग कर परलोक चला जाऊंगा.
गुरु देव की ऐसी वाणी सुनते ही शिष्य घबरा गए, सब शोक - विलाप करने लगे, पर गुरु जी ने सबको शांत रहने और इस अटल सत्य को स्वीकारने के लिए कहा. इस लिए तुम सभी लोग शांत भाव से मुझे विदा करने में मदद करो.
कुछ देर बाद जब सब चुप हो गए तो एक शिष्य ने पूछा, गुरु जी, क्या आप आज हमें कोई शिक्षा नहीं देंगे?
अवश्य दूंगा. गुरु जी बोले.
मेरे निकट तुम सब आओ और मेरे मुख में देखो.
एक शिष्य निकट गया और देखने लगा.
बताओ, मेरे मुख में क्या दिखता है, जीभ या दांत?
उसमें तो बस जीभ दिखाई दे रही है. शिष्य बोला
फिर गुरु जी ने पूछा, अब बताओ दोनों में से पहले कौन आया था?
पहले तो जीभ ही आई थी. एक शिष्य बोला,
अच्छा दोनों में कठोर कौन था? गुरु जी ने पुनः एक और प्रश्नद दाग दिया.
जी गुरुदेव, कठोर तो दांत ही था. एक शिष्य बोला.
दांत जीभ से कम आयु का और कठोर होते हुए भी उससे पहले ही चला गया, पर विनम्र व संवेदनशील जीभ अभी भी जीवित है शिष्यों. इस जग का यही नियम है, जो अधिक क्रूर है, कठोर है और जिसे अपनी ताकत या ज्ञान का घमंड है, उसका जल्द ही विनाश हो जाता है. अतः तुम सब जीभ की भांति सरल, विनम्र व प्रेम पूर्ण बनो और इस धरा को अपने सत्कर्मों से हमेशा सींचो, यही मेरा आखिरी सन्देश है. और इन्हीं शब्दों के साथ गुरु जी परलोक सिधार गए. शिष्य गुरुजी का आखिरी संदेश समझ चुके थे.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #LightestGalaxyFoldables
2. #WorldYouthSkillsDay
3. Tesla
4. #UngaludanStalin
5. #GitaMahayajna2025
6. #GalaxyZFlip7
7. jungkook
8. TAEKOOK
9. Nitish Bhardwaj
10. Nari Tu Narayani

# बहुरंग




## फिल्म 'सैयारा' के जरिये पर्दे पर उतरेंगे अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक मोहित सूरी एक बार फिर रोमांटिक फिल्म लेकर दर्शकों के सामने हाज़िर होने वाले हैं. उनकी अगली फिल्म 'सैयारा' 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है. इस फिल्म के जरिए अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे एक्टिंग की दुनिया में अपना डेब्यू कर रहे हैं. फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री अनीत पड्डा के साथ बनी है. यह नई जोड़ी दर्शकों के लिए ताजगी भरी साबित हो सकती है. अब फिल्म 'सैयारा' की रिलीज़ रणनीति से पर्दा उठ गया है. रिपोर्ट के मुताबिक 'सैयारा' की रिलीज़ को लेकर निर्माताओं ने कुछ खास रणनीतिक फैसले लिए हैं. उन्होंने सभी सिनेमाघरों को एक आवश्यकताओं एक सूची भेजी है, जिसमें कुछ ज़रूरी शर्तों का ज़िक्र किया गया है. निर्माताओं ने साफ कहा है कि 18 जुलाई को फिल्म का कोई भी शो सुबह 9:30 बजे से पहले शुरू नहीं होगा. इसके अलावा, रिलीज़ के पहले दिन यानी 18 जुलाई को किसी भी सिनेमा हॉल में 'सैयारा' के अधिकतम 6 शो ही चलाए जा सकेंगे. हालांकि यह पाबंदियां सिर्फ पहले दिन के लिए लागू होंगी. 19 जुलाई से सिनेमाघर इस फिल्म के जितने चाहें उतने शो चला सकेंगे. यह कदम शायद दर्शकों की दिलचस्पी को बनाए रखने और फिल्म की ओपनिंग को खास बनाने के लिए उठाया गया है. युवाओं को सिनेमाघरों तक लुभाने के लिए यशराज फिल्म्स ने फिल्म 'सैयारा' के लिए दो खास मार्केटिंग रणनीतियां तैयार की हैं. पहली स्कीम के तहत, अगर दर्शक बुकमायशो पर टिकट बुक करते समय सैयारा कोड का इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें दो या उससे ज्यादा टिकटों पर 50% की छूट मिलेगी. हालांकि, यह छूट अधिकतम 200 रुपये तक सीमित होगी. दूसरी योजना के तहत, यश राज फिल्म्स ने सिनेमाघरों से अनुरोध किया है कि सुबह 9:30 बजे वाले पहले शो की टिकट कीमतें कॉलेज छात्रों के लिए 'स्पेशल प्राइस' पर तय की जाएं, ताकि युवा दर्शक बड़ी संख्या में फिल्म देखने पहुंचें. इन योजनाओं के ज़रिए 'सैयारा' की ओपनिंग को दमदार बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है.

## श्वेता त्रिपाठी बनने जा रही हैं निर्माता, 'मुझे जान न कहो मेरी जान' से करेंगी नई शुरुआत

'मिर्जापुर' की गोलू के नाम से लोकप्रिय अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब अभिनय से एक कदम आगे बढ़कर निर्माता की भूमिका में नजर आएंगी. वह फिल्म 'मुझे जान न कहो मेरी जान' से बतौर निर्माता अपने करियर की नई पारी की शुरुआत कर रही हैं. खास बात यह है कि यह फिल्म एक समलैंगिक प्रेम कहानी पर आधारित होगी, जो ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ एलजीबीटीक्यू रिश्तों को पर्दे पर पेश करने का प्रयास करेगी. इस फिल्म का निर्देशन संजय नाग करेंगे, जिन्होंने पहले भी संवेदनशील और गहराई से भरी कहानियों को पर्दे पर उतारा है. फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होने की संभावना है. इस प्रोजेक्ट में श्वेता त्रिपाठी के साथ मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम, जिनके साथ श्वेता काफी समय से काम करना चाह रही थीं. श्वेता ने इस प्रोजेक्ट को अपने दिल के बेहद करीब बताया है. उनका कहना है, "यह फिल्म मेरे दिल के करीब सिर्फ इसलिए नहीं है कि मैं इसके जरिए निर्माता बन रही हूं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह कहानी एक सच्चाई को खूबसूरती से दुनिया के सामने रखने जा रही है." तिलोत्तमा शोम की तारीफ करते हुए श्वेता ने कहा कि वह एक बेहतरीन कलाकार और एक प्रेरणादायक इंसान हैं, जिन पर वह आंख बंद करके भरोसा करती हैं. इससे पहले श्वेता ने अपनी थिएटर प्रोडक्शन कंपनी 'ऑल माई टी' के तहत एक नाटक प्रोड्यूस किया था, जिसमें रिताशा राठौर, तन्मय धनानिया, साहिर मेहता और हर्ष सिंह ने अभिनय किया था. श्वेता त्रिपाठी के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने शुरुआत मुंबई के पोस्ट-प्रोडक्शन हाउस 'पिक्सियन ट्रेलर हाउस' से की थी. एक्टिंग में उनकी शुरुआत 2009 में डिज्नी चैनल के शो 'क्या मस्त है लाइफ' से हुई थी. लेकिन असली पहचान उन्हें फिल्म 'मसान' से मिली, जिसमें उन्होंने विक्की कौशल की प्रेमिका का किरदार निभाया था. इसके अलावा वह वेब सीरीज 'द ट्रिप', तमिल फिल्म 'मेहंदी सर्कस' और भारत की पहली पूरी तरह से आईफोन पर शूट की गई फीचर फिल्म 'जू' में भी नजर आ चुकी हैं. अब एक प्रोड्यूसर के रूप में श्वेता का यह नया कदम न केवल उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारतीय सिनेमा में विविध विषयों को जगह देने की दिशा में भी एक अहम प्रयास माना जा रहा है.



## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-5-8-9

**वृष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. शुभांक-5-6-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. एकाकी वृत्ति त्यागें. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-1-2-5

**कर्क :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. शुभांक-1-8-9

**सिंह :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मनोरथ सिद्घि का योग है. सुख-सुविधा में वृद्घि होगी. शुभांक-5-6-8

**कन्या :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. शुभांक-6-8-9

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-4-5-6

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. शुभांक-5-6-9

**धनु :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. शुभांक-6-7-8

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा. अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-1-6-7

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. स्वविवेक से कार्य करे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. माता पक्ष से विशेष लाभ होगा. शुभांक-3-5-7

## आमिर खान और लोकेश कनगराज मिलकर बनाएंगे सबसे बड़ी एक्शन फिल्म

बॉलीवुड के 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान एक बार फिर साबित कर रहे हैं कि क्यों उन्हें यह खिताब दिया गया है. हाल ही में आई उनकी फिल्म 'तारे ज़मीन पर' (रि-रिलीज़) को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और फिल्म अब भी अच्छी कमाई कर रही है. लेकिन आमिर अब अपनी अगली फिल्मों पर ध्यान केंद्रित कर चुके हैं. एक ओर जहां उन्होंने पहले ही 'महाभारत' बनाने की घोषणा की थी, वहीं अब खबर है कि वे साउथ के हिट डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ मिलकर एक मेगा एक्शन फिल्म पर काम करने वाले हैं. दरअसल, लोकेश कनगराज ने हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया है कि वे आमिर खान के साथ एक ग्लोबल स्केल की हिंदी फिल्म बनाने वाले हैं. उन्होंने कहा कि ये फिल्म सिर्फ भारतीय दर्शकों के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी. डायरेक्टर के मुताबिक, यह सुपरहीरो फिल्म हो सकती है या नहीं, इस पर वे कुछ कह नहीं सकते, लेकिन इतना तय है कि यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म होगी. इससे पहले आमिर खान फिल्म 'कुली' में कैमियो करते नजर आएंगे, जिसका ट्रेलर 2 अगस्त को रिलीज़ होगा और फिल्म 14 अगस्त को थिएटर्स में आएगी. यह फिल्म ऋतिक रोशन की 'वॉर 2' से क्लैश करेगी.

## 'मेट्रो... इन दिनों' की कमाई गिरी, अब महज 99 रुपये में देखें फिल्म

सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दर्शकों का रुझान उतना मजबूत नजर नहीं आया. 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म की कमाई लगातार गिरती जा रही है. ऐसे में अब मेकर्स ने दर्शकों को एक खास ऑफर देकर फिर से थिएटर की ओर आकर्षित करने की कोशिश की है. 'मेट्रो... इन दिनों' अब सिर्फ 99 रुपये में बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा. यह खास ऑफर सीमित अवधि के लिए है, जो फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है. टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर 'मेट्रो... इन दिनों' का नया पोस्टर शेयर करते हुए एक खास ऑफर का ऐलान किया है. पोस्ट के जरिए उन्होंने लिखा, "ब्लॉकबस्टर अनुभव, किफायती डील, 'मेट्रो... इन दिनों' अब सिर्फ 99 में देखें!" हालांकि, यह स्पेशल ऑफर केवल 15 जुलाई के लिए ही वैध है. यानी दर्शकों को इस दिन बेहद कम कीमत में फिल्म थिएटर में देखने का शानदार मौका मिलेगा. फिल्म में अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा, नीना गुप्ता और अली फजल जैसे दिग्गज कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं.



## दुनिया के खूबसूरत फूलों में गिना जाता है कृष्णा कमल

## 12 बजे अपने आप हो जाता है बंद

**इस फूल को देखकर आप भी चौंक जाएंगे. दरअसल एक ही फूल में पूरा महाभारत समेत ब्रह्मा विष्णु महेश भी समाहित है. कहा जाता है कि इसमें 108 अंग होते हैं. ऐसा कहा जाता है भगवान शिव को इस पुष्प का अर्पण करने से 108 बार का फल प्राप्त होता है...**

यह फूल दिखने में काफी खूबसूरत लगता है. नीचे जो बैंगनी रंग की पंखुड़ियों को देख रहे होंगे उनकी संख्या 100 है जिन्हें कौरव कहा जाता है.

इस फूल के ऊपरी हिस्से में जो उजला रंग नजर आ रहा है वह बीज है जिसे पांडव कहते है. एक ही फूल में पूरा परिवार समाहित है. इसमें कुल भाग 108 होते है. इस फूल में कुल 108 भाग होते हैं. जिसमें 100 कौरव, 5 पांडव व तीन छोटे छोटे पिंड है, वह ब्रह्मा, विष्णु, महेश के प्रतीक है. इस फूल को कई नाम से जाना जाता है, कहीं इसे कृष्ण कमल, कौरव पांडव समेत अन्य नाम से जाना जाता है. यह दो रंग में होता है. इसके फूल बैंगनी व लाल दोनों होते है.

यह फूल दुनिया के खूबसूरत फूलों में गिना जाता है. यह पुष्प दिन के 12 बजे खुद ब खुद बंद हो जाता है. यह सबसे अधिक उत्तराखंड की घाटियों में पाया जाता है. ऐसा कहा जाता है कि इस फूल से अभिषेक करने से 108 बार का फायदा मिलता है.






# स्पेन में स्थित है दुनिया का सबसे पुराना और अनोखा रेस्तरां

**स्पेन एक ऐसा देश है जहां हर दिन लाखों टूरिस्ट पहुंचते है. यह देश अपने कल्चर, खूबसूरत लैंडस्केप, टेस्टी फूड्स, और ऐतिहासिक इमारतों के लिए फेमस है. लेकिन यहां के एक रेस्टॉरेंट की चर्चा दुनिया भर में होती है. यह अपने आप में बहुत खास है. इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल है.दुनिया का सबसे पुराना रेस्तरां भी स्पेन में है? जी, हां स्पेन की राजधानी मैड्रिड में स्थित सोब्रिनो डी बोटिन नाम का यह रेस्तरां साल 1725 से लगातार लोगों को स्पैनिश कुजिन का स्वाद चखा रहा है. इसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है.**

मैड्रिड 7 स्पेन के मैड्रिड शहर में एक अनोखा रेस्तरा स्थित है। यह दुनिया का सबसे पुराना रेस्तरा माना जाता है। इसका नाम सोब्रिनो डी बोटिन है। इस रेस्तरां की शुरुआत साल 1725 में हुई थी। इसकी खास बात यह है कि यह रेस्तरां तब से लेकर आज भी उसी जगह पर संचालित किया जा रहा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इस रेस्तरां को दुनिया का सबसे पुराना लंबे समय तक चलने वाला रेस्तरा घोषित किया हुआ है। इसकी खास बात यह है कि कोरोना महामारी के भीषण दौर व स्पैनिश गृह युद्ध के दिनों में भी यह रेस्तरां बंद नहीं हुआ था।

### 1590 में बनी इमारत में हुई शुरुआत


इस रेस्तरां की शुरुआत फ्रांसिसी शेफ जीन बोटिन और उनकी पत्नी ने की थी। शुरुआत में इसका स्वरूप एक छोटी सराय या विश्राम गृह की तरह हुआ करता था। तब इस रेस्तरां का नाम कासा बोटिन हुआ करता था। जिस इमारत में यह रेस्तरां शुरू किया गया था, वह इमारत 1590 में तैयार हुई थी। खास बात यह है कि शुरुआत में इस रेस्तरां में किसी तरह का खाना नहीं बेचा जाता था। ठहरने के लिए आने वाले पर्यटक अपने साथ लाया खाना यहां खा सकते थे। यहां तक कि उन्हें सराय के परिसर में खाना पकाने की अनुमति भी थी। समय के साथ इसका स्वरूप बदला और यह रेस्तरां के रूप में अपनी सेवाएं देने लगा।



## 20वीं सदी में आया इसकी ऑनरशिप में बदलाव



जीन बोटिन की कोई संतान नहीं थी। इसलिए इस रेस्तरां का संचालन साल 1753 में बोटिन के भतीजे के जिम्मे आ गया था। तब रेस्तरां का नाम बदलकर सोब्रिनो डी बोटिन पड़ा था, जिसका अर्थ बोटिन का भतीजा होता है। आज भी यह रेस्तरां इसी नाम से चलाया जा रहा है। 20वीं शताब्दी में इस रेस्तरां की ऑनरशिप में बड़ा बदलाव आया था। इसके इंटीरियर में भी कई बदलाव किए गए थे और इस रेस्तरां को गोंजालिज परिवार ने खरीद लिया था। आज भी इसका मालिकाना हक उन्हीं के पास है। आज यह रेस्तरा चार फ्लोर पर चलाया जा रहा है। यहां 70 से ज्यादा लोग काम करते हैं और यहां 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा सकती है। बोटिन रेस्तरां अपने कैस्टेलिन फूड के लिए मशहूर है। इस रेस्तरां में पुलित्जर विजेता अर्नेस्ट हेमिंग्वे के लिए एक टेबल हमेशा रिजर्व रहती है। उनका इस रेस्तरां से अच्छा लगाव था। बोटिन रेस्तरां के खाने में स्पैनिश कल्चर का हमेशा ध्यान रखा जाता है। यहां लंच करने के बाद स्थानीय लोग लंबे समय तक आपस में बात करते रहते हैं। ये उनके कल्चर का हिस्सा है। रेस्तरां सप्ताह के सातों दिन दोपहर एक बजे से रात के 11.30 बजे तक खुलता है।



## टैक्स से बचने के लिए 14वीं सदी में बने थे कोन शेप्ड घर

इटली के पुगलिया शहर में कोन शेप्ड घर बनाए गए हैं। इन घरों को ट्रूली हाउसेज कहा जाता है। इन घरों को बनाए जाने के पीछे एक रोचक कहानी है। इन घरों को 14वीं शताब्दी के मध्य में स्पैनिश राजा द्वारा घरों पर लगाए गए टैक्स से बचने के मकसद से बनाया गया था। दरअसल इन घरों को ड्राय कंस्ट्रक्शन मैथड से तैयार किया गया है। इन्हें बनाने में खास पत्थरों को आपस में चूना पेस्ट से जोड़कर बनाया गया है। ऐसे में जब कभी टैक्स इंस्पेक्टर टैक्स वसूलने आया करते थे तो लोग अपनी पत्थरों से बनी छत को गिरा देते थे। जिस घर पर छत न हो उसे तकनीकी रूप से घर नहीं माना जाता था। इसलिए लोग टैक्स से बच जाते थे। इंस्पेक्टर के जाने के बाद लोग पत्थरों को जोड़कर फिर से छत तैयार कर लिया करते थे। कांक्रीट या मिट्टी के स्थान पर चूना पेस्ट व पत्थरों से बने घरों को तैयार होने में कम समय लगता है। इन घरों को संयुक्त राष्ट्र ने विश्व विरासत स्थलों की सूची में रखा है।



## नीदरलैंड्स में है दुनिया का सबसे बड़ा मानव निर्मित द्वीप

नीदरलैंड्स का फ्लेवोपोल्डर आइलैंड दुनिया का सबसे बड़ा मानव निर्मित आइलैंड है। यह आइलैंड करीब 1000 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इस आइलैंड का निर्माण साल 1916 में शुरू हुआ था और 1986 तक चला। इस आइलैंड को बनाने के लिए साल 1932 में एक डैम का निर्माण भी करना पड़ा। लोगों को रहने की जगह और कृषि भूमि मुहैया कराने के मकसद से इसे बनाने की शुरुआत हुई थी। आज इस द्वीप पर 4 लाख लोग निवास करते हैं।





## इस वजह से गोल ही होता है कुआं

दुनिया में कई चीजे कई सालों से चली आ रही होती है. वह ऐसी क्यों होती है अक्सर हमें इस बारे में नहीं मालूम होता. जैसे किसी चीज का साइज या शेप उस तरह से क्यों है जैसा है. क्या उसके वैसे होने में कोई ठोस कारण छुपा हुआ है. जैसे अक्सर लोग सवाल पूछते है, पृथ्वी गोल क्यों होती है. चांद गोल क्यों नजर आता है. और भी तरह के सवाल. ऐसे ही लोगों के मन में एक सवाल आता है. चलिए पृथ्वी और चांद का शेप तो इंसान बस में नहीं था. लेकिन कुएं का निर्माण तो इंसान ने किया था. उसका शेप गोल क्यों किया गया.

कुएं को जब बनाया जाता है तो जमीन भर गड्ढा करके बनाया जाता है. गोल शेप में गड्ढा करना हमेशा से आसान रहा है. वजह है स्क्वायर शेप में करने के. जब हम ड्रिल मशीन से घर में छेद करते है आपने देखा होगा वह छेद गोल शेप में होते है. ऐसे ही जब कुएं की ड्रिलिंग की जाती है. तब उसकी शेप भी गोल हो जाता है. दूसरी वजह यह है कि अगर कुएं को स्क्वायर शेप में बनाया गया. तो कुएं के अंदर मौजूद पानी उसके चारों कोनों में प्रेशर अप्लाई करेगा. जिससे कुआं कमजोर हो सकता है और इसकी दीवारें कमजोर हो सकती है. कुओं के गोल होने के चलते पानी दीवारों पर प्रेशर ज्यादा अप्लाई नहीं कर पाता. जिस वजह से कुएं काफी समय तक चलते है.



### लिक्विड भरने के सभी बर्तन होते हैं गोल

पानी लिक्विड होता है और घरों में पानी भरने के जो भी बर्तन होते है. अगर आपने गौर किया होगा तो सब का शेप गोल होता है. जिसमें गिलास, कटोरी, प्लेट, थाली, बाल्टी सब गोल होते है. यहां भी वही नियम है अगर इनका शेप स्कायर यानी चौकोर होगा तो कोने खराब होने का चांस ज्यादा रहता है. कुआं गोल होता है तो उसकी मिट्टी भी काफी समय तक अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखती है. चौकोर कुएं की मिट्टी कोनों से धसने लगती है.

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 176 रन से हराया , शृंखला 3-0 से जीती

### स्टार्क ने झटके छह विकेट

### बोलैंड ने ली हैट्रिक

### केवल 27 रन पर सिमटी वेस्टइंडीज

**स्कोर बोर्ड**

- **ऑस्ट्रेलिया** : 225 और 121
- **वेस्टइंडीज** : 143 और 27

**एजेंसी । सबिना पार्क**

ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क ने सोमवार (भारतीय समयानुसार मंगलवार) को अपने 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया.

पिंक बॉल से खेले जा रहे इस मुकाबले के तीसरे दिन उन्होंने महज़ 9 रन देकर 6 विकेट झटके, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 400वां विकेट भी शामिल था. वहीं स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर वेस्टइंडीज की पारी को पूरी तरह ढहा दिया.वेस्टइंडीज की टीम मात्र 27 रन पर सिमट गई, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है. इस शर्मनाक प्रदर्शन के साथ मेज़बान टीम को 176 रन से हार का सामना करना पड़ा और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज़ पर 3-0 से कब्ज़ा कर लिया.



ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 204 रन का लक्ष्य दिया था. जवाब में स्टार्क ने पहले ही ओवर में तीन विकेट लेकर तहलका मचा दिया.

उन्होंने जॉन कैम्पबेल को पहली गेंद पर आउट किया, फिर केवलॉन एंडरसन को एल्बीडब्ल्यू किया और अगली गेंद पर ब्रैंडन किंग के स्टंप उड़ा दिए. वेस्टइंडीज का स्कोर 0 पर 3 हो गया — जो टेस्ट इतिहास में सिर्फ छठी बार हुआ है.स्टार्क ने अपनी दूसरी ओवर की पहली ही गेंद पर मिकाइल लुईस को पवेलियन भेजा और टेस्ट करियर में 400 विकेट पूरे किए.

फिर शाई होप को भी एलबीडब्ल्यू कर दिया. उन्होंने महज 15 गेंदों में पांच विकेट लेकर नया रिकॉर्ड बनाया, जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज़ पांच विकेट हैं.इसके बाद स्कॉट बोलैंड ने भी कहर बरपाया.

उन्होंने जस्टिन ग्रेव्स, शमार जोसेफ और जोमेल वॉरिकन को लगातार गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की. यह वेस्टइंडीज का 14.3 ओवर में समापन था और वे टेस्ट इतिहास के सबसे कम स्कोर (न्यूजीलैंड का 26 रन) से केवल एक रन ज्यादा बना

## वेस्टइंडीज ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में बनाया दूसरा सबसे कम स्कोर

**एजेंसी । जमैका**

**टेस्ट क्रिकेट के न्यूनतम स्कोर (टॉप 5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **न्यूज़ीलैंड** | – | 26 रन बनाम इंग्लैंड, 1955 |
| 2. | **वेस्टइंडीज** | – | 27 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2025 |
| 3. | **दक्षिण अफ्रीका** | – | 30 रन बनाम इंग्लैंड, 1896 |
| 4. | **दक्षिण अफ्रीका** | – | 30 रन बनाम इंग्लैंड, 1924 |
| 5. | **दक्षिण अफ्रीका** | – | 35 रन बनाम इंग्लैंड, 1899 |

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट इतिहास में एक और शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबीना पार्क, जमैका में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज मात्र 27 रन पर ऑलआउट हो गई.

यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर है.इससे पहले, टेस्ट क्रिकेट का सबसे कम स्कोर न्यूज़ीलैंड के नाम है, जिसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ मात्र 26 रन बनाए थे.

वेस्टइंडीज की पारी 14.3 ओवर में ही सिमट गई. जस्टिन ग्रेव्स 24 गेंदों में 11 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने घातक गेंदबाजी करते हुए 9 रन देकर 6 विकेट झटके, जबकि

स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी.

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 204 रन के लक्ष्य का सफलता पूर्वक बचाव करते हुए यह मैच 176 रनों से जीत लिया.

सके - वह भी एक फील्डिंग मिस के चलते.

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 121 रन पर सिमट गई थी. अल्ज़ारी जोसेफ ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके और शमार ने 4 विकेट लिए.

हालांकि गेंदबाज़ों का वर्चस्व शुरू से ही दिखा, जब कैमरन ग्रीन पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए थे. फिर भी ग्रीन ने पहली पारी में 46 और दूसरी में 42 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं.वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने सीरीज़ में 14.95 की औसत से 22 विकेट झटके — जो 1999 के बाद किसी वेस्टइंडीज गेंदबाज़ द्वारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है.

### जिन भारतीय बल्लेबाजों की वजह से एजबेस्टन फतह किया, उन्होंने ही लॉर्ड्स में डुबोई टीम इंडिया की लुटिया

# पुछल्ले बल्लेबाज ने बचायी इज्जत दिग्गज तास के पत्तों की तरह ढेर

**एजेंसी । लंदन**

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन भारत को 22 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई. अगला मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा. इंग्लैंड के 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 170 रन पर सिमट गई. मेहमान टीम की ओर से रवींद्र जडेजा ने सर्वाधिक नाबाद 61 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने 39 रन की पारी खेली. इंग्लैंड की तरफ से जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने तीन-तीन विकेट चटकाए.

इस हार के से फैंस काफी निराश हैं, लेकिन जडेजा, सिराज और बुमराह के जज्बे को सलाम कर रहे हैं.जडेजा ने दूसरी पारी में लगभग छह घंटे बल्लेबाजी की और 181 गेंदें खेलीं यानी 30 ओवर बल्लेबाजी की. इतना ही नहीं उन्होंने पुछल्ले बल्लेबाजों को भी मैदान पर अपने साथ जमाए रखा, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. जडेजा ने बुमराह को पुल शॉट नहीं खेलने को कहा.

बुमराह ने उनकी बात मानी भी और 53 गेंदों तक सॉलिड डिफेंस के साथ मैदान पर टिके रहे. हालांकि, स्टोक्स की एक शॉर्ट गेंद को वह हवा में खेल बैठे और कैच आउट हो गए. इसके बाद सिराज ने जडेजा का खूब



साथ दिया. ऐसा लगा ही नहीं कि कोई पुछल्ला बल्लेबाज क्रीज पर था. दोनों के डिफेंस ने फैंस का दिल जीत लिया.सिराज ने भी टीम इंडिया को जीत दिलाने की खूब कोशिश की. शोएब बशीर की गेंद को उन्होंने सॉलिड डिफेंस भी किया, लेकिन गेंद रिवर्स स्पिन होकर विकेट पर जा लगी. इतने अच्छे डिफेंस के बाद गेंद का विकेट पर लगना किसी चमत्कार की तरह था.

ऐसा लगा कोई जादू हुआ हो. इसने सिराज और जडेजा का दिल तोड़ दिया और दोनों काफी निराश दिखे. हालांकि, इसने एक जवाब तो साफ कर दिया कि कोच गौतम गंभीर और आलोचक लीड्स में पहले टेस्ट के बाद जिन पुछल्ले बल्लेबाजों को हार की वजह बता रहे थे, उन्होंने मुंहतोड़ जवाब दे दिया.हालांकि, एजबेस्टन टेस्ट में जिस बल्लेबाजी के दम पर हमने जीत हासिल की थी, उन्होंने जरूर इस टेस्ट में धोखा दे दिया. दूसरी पारी में न तो राहुल चले, न ही पंत और न ही कप्तान गिल. कप्तान गिल तो दोनों पारियों में फेल रहे.

**यशस्वी-गिल का फ्लॉप होना:** शुरुआती दो टेस्ट में यशस्वी और गिल ने शानदार बल्लेबाजी की थी. यशस्वी को आने वाले समय का बड़ा बल्लेबाज माना जाता है, लेकिन इस टेस्ट में उनका खराब शॉट चयन टीम इंडिया की हार के मुख्य वजहों में से एक है. पहली पारी में वह जोफ्रा आर्चर की गेंद पर स्लिप में हैरी ब्रूक को कैच दे बैठे. वहीं, दूसरी पारी में आर्चर की ही गेंद पर हवा में गैरजिम्मेदाराना शॉट खेल बैठे और कैच आउट हुए.

पहली पारी में यशस्वी ने आठ गेंदें खेलीं और 13 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में सात गेंदें खेलीं और खाता भी नहीं खोल पाए. वहीं, कप्तान शुभमन गिल ने इस सीरीज में 600+ रन बना लिए हैं, लेकिन जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तो उनका बल्ला खामोश रहा. पहली पारी में वह 44 गेंद में 16 रन और दूसरी पारी में नौ गेंद में छह रन बनाकर आउट हुए.

**नंबर तीन की समस्या बरकरार:** करुण नायर की वापसी ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं. उन्होंने घरेलू क्रिकेट में काफी रन भी बनाए थे और मेहनत के दम पर वापसी की थी. हालांकि, इसके बाद से उनका खेल फिसड्डी हो गया है.

पहले टेस्ट में उन्हें छठे नंबर पर बल्लेबाजी दी गई तो सबने कहा कि यह उनका नैचुरल बैटिंग पोजिशन नहीं है. इसके बाद एजबेस्टन में सपाट पिच और लॉर्ड्स में मुश्किल पिच पर उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने को कहा गया और इन दोनों जगह वह फ्लॉप हुए. अब तक तीन टेस्ट की छह पारियों में उनका स्कोर 0, 20, 31, 26, 40 और 14 रन का रहा है. तीसरे नंबर पर भारत को बेहतर विकल्प ढूंढना होगा. करुण का फॉर्म अगर ऐसा ही रहा तो उन्हें फिर से ड्रॉप करने में समय नहीं लगेगा.

**पुछल्ले बल्लेबाजों को जल्दी आउट न कर पाना:** इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 271 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे. इसके बाद भी भारतीय टीम उन्हें जल्दी नहीं समेट पाई. जेमी स्मिथ ने ब्रायडन कार्स के साथ आठवें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी कर डाली. इससे इंग्लैंड 387 के स्कोर तक पहुंच पाया. भारत के साथ यह समस्या नई नहीं है. पहले भी कई बार जरूरी मौकों पर विपक्षी टीम के पुछल्ले बल्लेबाज भारत के खिलाफ रन बनाते रहे हैं.

**आर्चर-स्टोक्स की मैराथन गेंदबाजी:** स्टोक्स ने तो कमाल की गेंदबाजी की. कप्तान होने के नाते उन्होंने इंग्लैंड टीम को जीत दिलाने की जिम्मेदारी खुद पर ली और लगातार गेंदबाजी करते रहे. पहला स्पैल उनका साढ़े नौ ओवर का रहा, फिर दूसरा स्पैल उनका छह ओवर का रहा. फिर उन्होंने आखिर में लगातार कई ओवर डाले. उनकी मैराथन गेंदबाजी ने इंग्लैंड को कई अहम विकेट दिलाए. स्टोक्स ने राहुल, आकाश दीप और बुमराह के विकेट झटके.

वहीं, आर्चर ने भी कमाल की गेंदबाजी की. उन्होंने यशस्वी, सुंदर और पंत को पवेलियन भेजा. स्टोक्स को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. हम बुमराह के लंबे स्पैल से देने से डरते हैं, भले ही अगले टेस्ट में कितना भी गैप हो. उनके वर्कलोड को सोचते हैं. गिल ने तीसरे टेस्ट के बाद भी बुमराह के मैनचेस्टर में खेलने को लेकर कोई पुष्टि नहीं की. वहीं, स्टोक्स भी हाल फिलहाल में कई बार चोटिल हुए, खेल से दूर रहे, लेकिन उन्होंने गेंदबाजी की और टीम को जीत दिलाकर ही माने

### लॉर्ड्स टेस्ट में मिली हार के बाद बोले कप्तान गिल

## निचले क्रम का जुझारूपन और साहस काबिले तारीफ



**एजेंसी । लंदन**

भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में टीम की कड़ी लड़ाई और खासतौर पर निचले क्रम के खिलाड़ियों के जुझारूपन की सराहना की. भारत इस रोमांचक मुकाबले में अंतिम सत्र तक मुकाबला करता रहा, लेकिन जीत से महज 22 रन दूर रह गया.पांचवें दिन के पहले सत्र में भारत की स्थिति बेहद खराब रही और टीम 82 रन पर सात विकेट खो बैठी थी.

जीत के लिए अभी भी 111 रन की दरकार थी, लेकिन रवींद्र जडेजा ने नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ क्रमशः 30, 35 और 23 रनों की साझेदारी कर भारत को जीत के करीब ला दिया.गिल ने मैच के बाद कहा, "जडेजा भारत के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक हैं. इस सीरीज में उन्होंने लगातार चौथी फिफ्टी लगाई है और जिस तरह से उन्होंने संयम और धैर्य दिखाया, वह शानदार था. उन्होंने 55 में से 30 ओवर बल्लेबाजी की और 99 में से 61 रन बनाए. यह दिखाता है कि वह कितने भरोसेमंद खिलाड़ी हैं. निचले क्रम के साथ बल्लेबाजी करना हमने पहले दो मैचों में चर्चा की थी और आज जो साहस और जज्बा उन्होंने दिखाया, वो प्रशंसनीय है.गिल ने माना कि अंतिम दो दिन बल्लेबाजी में लय नहीं मिलने के कारण 192 रन का लक्ष्य मुश्किल बन गया. यशस्वी जायसवाल के शुरुआती विकेट के बाद राहुल और करुण नायर ने कुछ स्थिरता दी थी, लेकिन चौथे दिन स्टंप्स तक भारत 58/4 पर पहुंच चुका था, जिसमें गिल और नाइटहॉक आकाश दीप भी आउट हो गए थे.उन्होंने कहा, "अगर शीर्ष क्रम में एक-दो 50 रन की साझेदारी हो जाती, तो बाद में बल्लेबाजी आसान हो जाती, यह पहली बार था जब हमने सीरीज में वैसा प्रदर्शन नहीं किया, जैसा करते आए हैं. लेकिन ऐसा होता है. हमें लगा कि 192 का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, अगर हम शुरुआती 20-25 ओवर संभाल लेते.

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 से बाहर हुए शोएब बशीर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंग्लैंड के ऑफस्पिनर शोएब बशीर को हाथ की उंगली में फ्रैक्चर होने के कारण भारत के खिलाफ जारी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया गया है. बशीर जल्द ही इस चोट के लिए सर्जरी करवाएंगे.बशीर को यह चोट तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन लगी, जब उन्होंने रविंद्र जडेजा का कैच पकड़ने की कोशिश की. यह घटना भारत की पहली पारी के 78वें ओवर में हुई. चोट लगने के बाद वे मैदान से बाहर चले गए और शेष पारी में वापसी नहीं कर सके.हालांकि, इंग्लैंड की दूसरी पारी



में वे बल्लेबाजी के लिए उतरे और 9 गेंदों में 2 रन बनाए. टेस्ट के पांचवें दिन भी बशीर ज़्यादातर समय मैदान से बाहर रहे, लेकिन जब भारत के निचले क्रम के बल्लेबाज़ इंग्लैंड को परेशान कर रहे थे, तब उन्हें गेंदबाज़ी के लिए बुलाया गया. आखिरकार, बशीर ने मोहम्मद सिराज का विकेट लेकर इंग्लैंड को रोमांचक जीत दिलाई.सीरीज़ में बशीर ने तीन टेस्ट में कुल 10 विकेट चटकाए और उनका गेंदबाज़ी औसत 54.1 रहा. पिछले कुछ वर्षों में बशीर इंग्लैंड के प्रमुख स्पिनर के रूप में उभरे हैं और उन्होंने अपने समरसेट टीममेट जैक लीच को पीछे छोड़ते हुए टीम में जगह बनाई थी.अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बशीर की अनुपस्थिति में जैक लीच की टीम में वापसी होती है या नहीं. रेहान अहमद, लियाम डॉसन और टॉम हार्टली जैसे नाम भी चयन की दौड़ में शामिल हैं.

## अक्टूबर में इक्वाडोर व ऑस्ट्रेलिया के साथ दोस्ताना मैच खेलेगा अमेरिका

**एजेंसी । अटलांटा**

अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम (यूएसएमएनटी) अक्टूबर में इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी. यह दोनों टीमें वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं. यह मैच फीफा वर्ल्ड कप-2026 की तैयारी के तहत खेले जाएंगे, जो अमेरिका में ही आयोजित होने वाला है. दुनिया की टॉप 25 टीमों में शामिल इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मैच अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए अहम मौके होंगे.

यह मैच अमेरिका को वर्ल्ड कप की मजबूत टीमों से खेलने का मौका देंगे. इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अगले साल वर्ल्ड कप में उन्हें किस तरह की टीमों और खेलने के तरीकों का सामना करना पड़ सकता है.इक्वाडोर पांचवीं बार वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रहा है. वह अर्जेंटीना और ब्राजील के साथ दक्षिण अमेरिका की उन तीन टीमों में शामिल है, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है. वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन क्वालीफायर्स के तीसरे राउंड में अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करते हुए वर्ल्ड कप में जगह पक्की की है.

ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार वर्ल्ड कप में खेलेगा.अमेरिका 10 अक्टूबर को टेक्सास स्थित ऑस्टिन के क्यू2 स्टेडियम में इक्वाडोर की मेजबानी करेगा. इक्वाडोर के खिलाफ यूएसए का रिकॉर्ड पांच जीत, पांच हार और इतने ही ड्रॉ का रहा है.टेक्सास में खेले गए मुकाबलों में भी अमेरिका का इक्वाडोर के खिलाफ रिकॉर्ड बराबरी (1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ) पर रहा है. यह मैच ह्यूस्टन, फोर्ट वर्थ और फ्रिस्को में खेले गए थे.

चार दिन बाद, 14 अक्टूबर को यूएसए की टीम कोलोराडो के कॉमर्स सिटी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी.अमेरिकी टीम अब तक इतिहास में केवल तीन बार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ी है. दोनों टीमें 1 जीत, 1 हार और 1 ड्रॉ के साथ बराबरी पर हैं.

इन दोनों के बीच पिछला मुकाबला 5 जून 2010 को खेला गया था, जिसमें अमेरिका ने 3-1 से जीत दर्ज की थी. इस मुकाबले में एडसन बडल ने दो गोल किए थे, जबकि हरक्यूलिस गोमेज ने इंजरी टाइम में एक गोल दागकर जीत पक्की की थी. यह मैच रूडेपोर्ट, दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था.दोनों टीमों ने अमेरिकी धरती पर दो बार एक-दूसरे का सामना किया है.

यह मुकाबले अमेरिका के सितंबर में होने वाले दोस्ताना मैचों के बाद खेले जाएंगे. दोस्ताना मैच दक्षिण कोरिया और जापान के खिलाफ होंगे. इसी महीने की शुरुआत में अमेरिका को कोनकाकाफ गोल्ड कप के फाइनल में मेक्सिको के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था.

**अनुबंध**

### क्रोएशिया के कप्तान व दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड से 13 साल का लंबा सफर खत्म किया

# लुका मोड्रिक एसी मिलान से जुड़े, एक साल का किया करार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

क्रोएशिया के कप्तान और दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड से 13 साल का लंबा सफर खत्म कर इटली के प्रसिद्ध क्लब एसी मिलान के साथ एक साल का करार किया है.

इस अनुबंध को जून 2027 तक बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है. सोमवार को सीरी ए क्लब एसी मिलान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की.39 वर्षीय मोड्रिक की मिलान में एंट्री की पुष्टि क्लब के नए कोच मास्सिमिलियानो एलेग्री ने इस महीने की शुरुआत में ही कर दी थी. मोड्रिक मिलान के लिए जर्सी नंबर 14 पहनेंगे.मोड्रिक को दुनिया के




महानतम मिडफील्डरों में गिना जाता है. उन्होंने मई में घोषणा की थी कि क्लब वर्ल्ड कप के बाद वह रियल मैड्रिड को अलविदा कहेंगे. उन्होंने स्पेनिश क्लब के लिए 597 मैच खेले और 28 ट्रॉफियां जीतीं, जिनमें चार ला लीगा और छह चैंपियंस लीग खिताब शामिल हैं.

रियल मैड्रिड के लिए उन्होंने अपना अंतिम मुकाबला बुधवार को खेला, जिसमें वह क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे. इस मैच में रियल को 0-4 की हार झेलनी पड़ी.मैच के बाद रियल मैड्रिड के मैनेजर और पूर्व खिलाड़ी ज़ाबी अलोंसो ने कहा, ₹यह एक कड़वा अंत है.वह विश्व फुटबॉल और रियल मैड्रिड के लिए एक लीजेंड हैं. उन्हें उनके शानदार योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा, न कि आज के 25 मिनट के खेल के लिए.क्रोएशिया के अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माने जाने वाले मोड्रिक ने अपने देश के लिए 188 मुकाबलों में 28 गोल किए हैं. उन्होंने 2018 फीफा विश्व कप में क्रोएशिया को पहली बार फाइनल तक पहुंचाया और गोल्डन बॉल जीती.

उसी साल उन्होंने बैलन डी'ऑर भी जीता और 2007 के बाद पहले खिलाड़ी बने जिन्होंने लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बादशाहत को तोड़ा.मोड्रिक की एंट्री से एसी मिलान का मिडफील्ड और मजबूत हो गया है, जहां पहले से यूसुफ फोफाना, युनुस मुसाह और रुबेन लॉफ्टस-चीक जैसे खिलाड़ी हैं. साथ ही सैमुएल रिक्की भी इस महीने की शुरुआत में टोरिनो से मिलान में शामिल हुए हैं.

## स्कॉट बोलैंड : वो इकलौता गेंदबाज जिसके नाम 'पिंक बॉल टेस्ट' में हैट्रिक

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 'पिंक बॉल टेस्ट' में हैट्रिक लेने वाले विश्व के इकलौते गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने यह कारनामा वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के दौरान किया.

स्कॉट बोलैंड ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के 14वें ओवर में यह कीर्तिमान रचा. उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को वेबस्टर के हाथों कैच आउट कराया, जिसके बाद शमर जोसेफ को पगबाधा आउट किया.स्कॉट बोलैंड इतिहास रचने से एक कदम दूर थे. जोमेल वारिकन बल्लेबाजी के लिए उतरे और बोलैंड ने उन्हें बोल्ड करते हुए हैट्रिक पूरी कर ली. इसी के साथ स्कॉट बोलैंड टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले



10वें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी बन गए.स्कॉट बोलैंड ने इस पारी में महज दो ओवर डाले, जिसमें दो रन देकर तीन शिकार किए. दूसरे छोर पर उनका साथ मिचेल स्टार्क ने दिया, जिन्होंने 7.3 ओवरों में नौ रन देकर छह विकेट अपने नाम किए. इन गेंदबाजों के सामने वेस्टइंडीज महज 27 रन पर सिमट गई. यह टेस्ट इतिहास का दूसरा न्यूनतम स्कोर रहा.सबीना पार्क में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन बनाए. टीम के लिए कैमरून ग्रीन ने सर्वाधिक 46 रन की पारी खेली. इसके जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी महज 143 रन पर सिमट गई.ऑस्ट्रेलिया के पास पहली पारी के आधार पर 82 रन की लीड थी. मेहमान टीम ने दूसरी पारी में 121 रन बनाकर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 204 रन का टारगेट दिया. वेस्टइंडीज की टीम महज 27 रन पर सिमट गई . ऑस्ट्रेलिया ने 176 रन से मैच अपने नाम कर लिया. मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया.

## ईओयू के रडार पर बीमा भारती, 10 करोड़ की पेशकश का दावा

**पटना।** बिहार की राजनीति एक बार फिर आरोपों, जांच और बयानबाज़ी के दौर से गुजर रही है. राजद की पूर्व विधायक बीमा भारती आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की जांच के घेरे में हैं. फरवरी 2024 में एनडीए सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले विधायकों को तोड़ने की कथित साजिश के मामले में बीमा भारती समेत चार लोगों को नोटिस जारी किया गया है. जदयू विधायक सुधांशु शेखर ने ईओयू को दिए बयान में आरोप लगाया कि उन्हें 10 करोड़ रुपये नकद और मंत्री पद का ऑफर दिया गया था, बशर्ते वे विश्वास मत में तेजस्वी यादव का समर्थन करें. इस मामले में बीमा भारती के अलावा प्रमोद कुमार, संजय पटेल और सनी कुमार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है. फ्लोर टेस्ट के दिन बीमा भारती सदन से गायब थीं. उस समय वे जदयू की विधायक थीं, लेकिन उनकी अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े किए. उन्होंने मीडिया को बताया कि उनके पति बीमार हैं, इसीलिए वे विधानसभा में नहीं आ सकीं. बाद में खुलासा हुआ कि उनके पति अवधेश मंडल को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया था. इन तमाम घटनाओं ने बीमा भारती को इस पूरे विवाद का प्रमुख चेहरा बना दिया है.

### बिहार कैबिनेट का बड़ा फैसला: गंगा पथ और मेट्रो पर लगी मुहर

# 2025-30 तक 1 करोड़ युवाओं को देंगे नौकरी

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की जनता को बड़ी सौगात दी है. मंगलवार को आयोजित बिहार कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. इनमें सबसे बड़ा फैसला राज्य में आगामी पांच वर्षों (2025-30) के भीतर 1 करोड़ नई नौकरियां/रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित करने का है.

इस प्रस्ताव को श्रम संसाधन विभाग के तहत मंजूरी दी गई है. चुनाव संबंधी निर्णय के तहत राज्य के 77,895 बीएलओ और 8,245 बीएलओ सुपरवाइजर को निर्वाचन सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए एकमुश्त 6,000 रुपये मानदेय दिए जाने की घोषणा की गई है. इसके लिए कुल 51.58 करोड़ रुपये खर्च होंगे. यह राशि उनके वार्षिक मानदेय से अतिरिक्त होगी. वित्त विभाग के तहत एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में बम निरोधक दस्ते (बॉम्ब स्क्वॉड) के कर्मियों को उनके मूल वेतन का 30 प्रतिशत जोखिम भत्ता देने की स्वीकृति दी गई है. यह भत्ता अधिकतम 25,000 रुपये प्रति माह होगा, लेकिन इस पर महंगाई भत्ता देय नहीं होगा. भागलपुर और मुंगेर में गंगा पथ परियोजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी मिली है. भागलपुर में सुल्तानगंज-भागलपुर-सबोर के बीच 40.80 किलोमीटर लंबा पथ बनेगा, जिसके लिए 4,850 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं. वहीं, मुंगेर में मुंगेर-बरियारपुर-घोरघट-सुल्तानगंज के बीच 42 किलोमीटर लंबा पथ बनेगा और इसके लिए 5,120 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है.

पटना मेट्रो परियोजना के तहत प्रायोरिटी कॉरिडोर के रखरखाव के लिए 179.37 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को दी गई है. इसके अलावा 3 वर्षों के लिए 3-कार सिंगल ट्रेनसेट किराए पर लेने हेतु 21.15 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है. ट्रेन संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी डीएमआरसी को सौंपी गई है. ऊर्जा विभाग के अंतर्गत बिहार पंप भंडारण परियोजना प्रोत्साहन नीति-2025 को स्वीकृति मिली है. नियमावली, 2025 को भी मंजूरी दी गई है. इन फैसलों से साफ है कि बिहार सरकार चुनावी साल में बड़े पैमाने पर रोजगार, आधारभूत संरचना और प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता दे रही है. सरकार का यह कदम युवाओं को रोजगार देने और राज्य में औद्योगिक व शहरी विकास को गति देने की दिशा में अहम माना जा रहा है.

## ब्रांच मैनेजर का कुएं से मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**पटना।** बेऊर इलाके के हसनपुरा गांव में मंगलवार को आईसीआईसीआई के लापता ब्रांच मैनेजर अभिषेक वरुण का शव एक कुएं से मिला है. शव के पास उनकी स्कूटी भी पाई गई है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या है या आत्महत्या. पुलिस के मुताबिक, अभिषेक नशे में थे और जहां शव मिला है, वहां तक पहुंचने के लिए लगभग एक किलोमीटर का कच्चा रास्ता है, जो स्कूटी चलाने के लिए बेहद मुश्किल माना जाता है. इस बात ने भी हत्या की संभावना को मजबूत किया है. डीएसपी सुशील कुमार ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच जारी है. अभिषेक वरुण अपनी फैमिली के साथ रविवार रात रामकृष्ण नगर इलाके में पार्टी में गए थे. पत्नी और बच्चों को फंक्शन के बाद घर भेजा, लेकिन वह वहीं रुके. रात करीब 3 बजे उन्होंने अपनी पत्नी को फोन कर बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया है. इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया.

## पटना, बक्सर और भागलपुर में बाढ़ का खतरा

**पटना।** बिहार में मानसून के सक्रिय होते ही गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है. इससे पटना, बक्सर और भागलपुर जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. पटना के दानापुर, पंडारक और फतुहा जैसे इलाकों में मंगलवार सुबह से ही पानी भरने लगा है. दीघा नहर से जल निकासी के लिए मोटर पंप लगाए गए हैं. बक्सर में गंगा घाट की सीढ़ियां डूब चुकी हैं और कर्मनाशा नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है. भागलपुर में गंगा हर घंटे लगभग 1 सेंटीमीटर की गति से बढ़ रही है, जिससे सुल्तानगंज, नाथनगर और नवगछिया जैसे क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका प्रबल हो गई है. जल संसाधन विभाग ने सोन, गंडक और कोसी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी को लेकर अलर्ट जारी किया है.

### तुषार गांधी ने दी तेजस्वी यादव को मर्यादा की सलाह, कहा

# अभद्र भाषा का चलन नहीं होना चाहिए, जनता उसे सुनती है

**शुभम संदेश। दरभंगा**



महात्मा गांधी के प्रपौत्र और सामाजिक चिंतक तुषार गांधी ने दरभंगा में आयोजित 'बदलो बिहार – बनाओ नयी सरकार' अभियान में भाग लिया. इस अवसर पर उन्होंने राज्य की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर बेबाक राय रखी. हाल ही में राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा एक पत्रकार को 'सूत्र को मूत्र' कहे जाने की टिप्पणी पर पूछे गए सवाल पर तुषार गांधी ने संयमित प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, "अभद्र भाषा का चलन नहीं होना चाहिए. मैं खुद इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करता. नेताओं को खास तौर पर संयम रखना चाहिए क्योंकि जनता उनसे सुनती है और सीखती है." उन्होंने यह भी जोड़ा कि तेजस्वी यादव ने किस परिस्थिति में यह बात कही, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. मीडिया के व्यवहार पर टिप्पणी करते हुए तुषार गांधी ने कहा कि कभी-कभी मीडिया का रुख भी भड़काऊ हो सकता है. उन्होंने कहा, बिना पूरी स्थिति समझे सीधे आरोप नहीं लगाने चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि भाषा की मर्यादा बनी रहे – यही लोकतंत्र की आत्मा है. बिहार की राजनीति पर तीखा प्रहार करते हुए तुषार गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है कि यहां सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था बदली जाए. उन्होंने कहा, बिहार को राजनीतिक बदलाव नहीं, सामाजिक क्रांति की जरूरत है. राजनीतिक स्वार्थों ने इस राज्य को गर्त में डाल दिया है. वहीं, चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण और दस्तावेजों की मांग पर उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया. तुषार गांधी ने कहा, आज़ाद भारत में पहली बार नागरिकों को अपने ही देश में वोट देने के लिए प्रमाण देना पड़ रहा है. यह साजिश है, लोगों के वोटिंग अधिकार को छीनने की. संविधान के खिलाफ है .

### मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मिले पप्पू यादव, कहा

# मुझे जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे एक सिपाही की तरह निभाऊंगा

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और इसके साथ ही सियासी हलचल भी तेज हो गई है. इसी कड़ी में दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई, जिसने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है. इस हाई-प्रोफाइल बैठक की सबसे चौंकाने वाली एंट्री रही पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की, जो पहली बार कांग्रेस की रणनीतिक बैठक में शामिल हुए.

पप्पू यादव की मौजूदगी ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि अब वह महज परिधि पर नहीं, बल्कि कांग्रेस के सियासी परिसर के भीतर हैं. बैठक के बाद उनका बयान और भी बड़ा राजनीतिक संकेत बन गया. उन्होंने खुलकर कहा, "राहुल गांधी हमारे नेता हैं. पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे एक सिपाही की तरह निभाऊंगा." यही नहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस के पास मौजूद विकल्पों का भी ज़िक्र किया और बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा वरिष्ठ नेता तारिक अनवर के नाम सामने रखे. बैठक में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी रही. इस दौरान चुनाव घोषणापत्र समिति के गठन, जल्द प्रचार अभियान शुरू करने और महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज़ करने पर आम सहमति बनी. राजेश राम ने स्पष्ट किया कि महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है और भ्रम की कोई स्थिति नहीं है. सूत्रों की मानें तो बैठक के बाद पप्पू यादव ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से अलग से लंबी बातचीत भी की. यह वही पप्पू यादव हैं जिन्हें कुछ समय पहले महागठबंधन की एक रैली में मंच पर जगह नहीं दी गई थी.

## न्यूज अपडेट

### महिला की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

**पटना।** एसके पुरी थाना क्षेत्र स्थित ज्योति पुंज अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई. मृतका के परिवार वालों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि प्रसव के समय डॉक्टर और स्टाफ ने इलाज में कोताही बरती और मरीज के साथ दुर्व्यवहार भी किया. परिजनों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. इसके बाद परिजनों ने एसके पुरी थाने में FIR दर्ज कराई है. पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है. फिलहाल महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा. इस बीच अस्पताल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है.

### आईएएस अधिकारी दिनेश राय ने लिया वीआरएस

**पटना।** बिहार की सियासत में एक नई हलचल ने पुराने समीकरणों को झकझोर दिया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार राय ने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर राजनीति में कदम रखने का संकेत दे दिया है. नीतीश सरकार ने उनकी वीआरएस की मंजूरी देते हुए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी. दिनेश राय का वीआरएस केवल प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़े राजनीतिक भूचाल की शुरुआत माना जा रहा है. वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी अधिकारी माने जाते रहे हैं और लंबे समय तक उनके आप्त सचिव भी रहे हैं. मूल रूप से रोहतास जिले के करगहर के निवासी दिनेश राय जब सचिव बनने के बाद हाल ही में अपने गृह जिले पहुंचे, तो उनका भव्य स्वागत किया गया.

### महापौर के बेटे ने प्रशासन को चेतावनी भरा संदेश दिया

**पटना।** महापौर सीता साहू के बेटे और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिशिर कुमार ने एक वीडियो जारी कर प्रशासन को खुली चुनौती दी. शिशिर ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि जिस युवक को लेकर पुलिस अब तक खोजबीन कर रही है, उस पर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा, मैं शहर में हूं, जब निष्पक्ष जांच होगी और पुलिस आग्रह करेगी, तब मैं हाजिर हो जाऊंगा. शिशिर ने आरोप लगाया कि केवल केस दर्ज करने से कोई दोषी नहीं माना जा सकता और सीसीटीवी फुटेज की जांच जरूरी है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की कि किसी के प्रभाव में आए बिना तथ्यपूर्ण और निष्पक्ष जांच की जाए. शिशिर की इस आत्मविश्वास भरी अपील ने पुलिस और प्रशासन के बीच तनाव बढ़ा दिया है.

### अक्षरा सिंह ने बेगूसराय कोर्ट में आत्मसमर्पण किया

**बेगूसराय।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित गायिका और अभिनेत्री अक्षरा ने बेगूसराय जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण करते हुए अपनी जमानत याचिका दायर की. कोर्ट परिसर में उनके प्रशंसकों की भीड़ उमड़ी, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्होंने अदालत में सरेंडर किया. अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 427 (आपराधिक क्षति) के तहत अक्षरा सिंह को आरोपी माना और 10,000 के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी. मामला लोकगायक शिवेश मिश्रा द्वारा दर्ज शिकायत से जुड़ा है.

### छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने पर शिक्षक की पिटाई

**सीतामढ़ी।** विद्यालय के एक शिक्षक रवींद्र प्रसाद साह पर दसवीं कक्षा की छात्रा को अश्लील और आपत्तिजनक मैसेज भेजने का आरोप लगा है. जब छात्रा ने यह बात अपने परिजनों को बताई, तो स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. गुस्साए अभिभावकों और ग्रामीणों ने स्कूल में घुसकर आरोपी शिक्षक की सरेआम पिटाई की. छात्रों ने भी शिक्षक के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए पथराव किया और स्कूल में तोड़फोड़ मचा दी. हालात इतने बिगड़ गए कि भीड़ को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस पर भी हमला हो गया, जिसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गए. स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को एक राउंड आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा. घटना के बाद विद्यालय में छात्र दो गुटों में बंट गए—एक पक्ष आरोपी शिक्षक का समर्थन कर रहा है, जबकि दूसरा छात्रा के परिजनों के साथ खड़ा है. इससे विद्यालय प्रशासन गहरे संकट में आ गया है.

## कारोबार


### दिल्ली में नवंबर से यमुना क्रूज सेवा की शुरुआत पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली।** दिल्लीवासियों के लिए एक खुशखबरी है. राजधानी की यमुना नदी में जल्द ही क्रूज सेवा शुरू होने जा रही है, जिससे लोगों को एक नया और रोमांचक अनुभव मिलेगा. अधिकारियों के अनुसार, इस क्रूज सेवा की शुरुआत नवंबर 2025 से होने की उम्मीद है. लगभग 8 किलोमीटर के दायरे में यह क्रूज चलेगा, जिससे यमुना के किनारे घूमने वालों को अब पानी में सैर का भी आनंद मिलेगा. इस पहल का उद्देश्य न केवल यमुना को एक नया जीवन देना है, बल्कि दिल्ली में पर्यटन को भी बढ़ावा देना है. इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए पांच प्रमुख एजेंसियों ने हाथ मिलाया है – भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग. इन सभी ने मिलकर एक एमओयू साइन किया है ताकि क्रूज सेवा को समय पर शुरू किया जा सके. सरकार की यह पहल दिल्ली को एक नई पहचान दे सकती है और यमुना नदी को साफ-सुथरी और जीवंत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है.

### डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत कॉपर टैरिफ से ग्लोबल बाजार में हलचल

# भारत पर सीमित असर पर जोखिम बरकरार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सभी रिफाइंड और सेमी-फिनिश्ड कॉपर आयात पर 50% टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक व्यापार जगत में हड़कंप मच गया है. ट्रंप ने इस फैसले को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और औद्योगिक आधार को पुनर्जीवित करने की जरूरत से जोड़ा है.

उन्होंने कहा कि कॉपर जैसे महत्वपूर्ण संसाधन सेमीकंडक्टर, विमानन, मिसाइल रक्षा प्रणाली और डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाते हैं. इस फैसले के बाद अमेरिकी कॉपर वायदा बाजार में तीव्र बढ़त देखी गई, जो पिछले दशकों का सबसे बड़ा उछाल है. इस फैसले को अमेरिका की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है, लेकिन इसके साथ ही यह ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यापक अस्थिरता का कारण बन सकता है.

अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े कॉपर उपभोक्ताओं में से एक है. ट्रंप के टैरिफ के चलते चिली, पेरू, मैक्सिको और कनाडा जैसे प्रमुख निर्यातक देशों को अमेरिकी बाजार से मांग में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है. इससे सरप्लस सप्लाई दूसरे बाजारों की ओर डायवर्ट होगी, जिससे वैश्विक कॉपर कीमतों पर दबाव बढ़ने की संभावना है. बाजार विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिकी कीमतें अब अंतरराष्ट्रीय कीमतों से अलग हो सकती हैं, जिससे मध्यस्थता के अवसर पैदा होंगे. हालांकि, इस नीति के चलते अल्पकालिक घरेलू उत्पादन में वृद्धि की संभावना कम है, लेकिन वैश्विक व्यापार साझेदारों से प्रतिरोध या जवाबी कार्रवाई की आशंका बढ़ गई है. भारतीय उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ट्रंप के टैरिफ का भारत पर सीधा असर सीमित रहेगा.

इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया के एमडी मयूर करमकर के अनुसार, भारत से अमेरिका को निर्यात बहुत कम (2024 में 13,003 टन, 2025 की पहली छमाही में 3,554 टन) होता है. इसका कुल मूल्य 30 करोड़ डॉलर से भी कम है. भारत कॉपर की कमी वाला देश है और उसका घरेलू बाजार रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहनों और निर्माण जैसे कॉपर-गहन क्षेत्रों के चलते मजबूत बना हुआ है. देश में सालाना लगभग 17 लाख टन कॉपर की खपत होती है. हालांकि, विशेषज्ञों ने इस बात की चेतावनी दी है कि अन्य देशों द्वारा अमेरिका में न बेच पाने वाले कॉपर की भारत समेत अन्य बाजारों में 'क्रॉस-डंपिंग' हो सकती है. इससे घरेलू कीमतें दबाव में आ सकती हैं और स्थानीय उत्पादकों की प्रॉफिटेबिलिटी पर असर पड़ सकता है. कॉपर इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का अहम कच्चा माल है. इसका इस्तेमाल प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, कैपेसिटर, रेसिस्टर, कनेक्टर, रिले और चिप पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में होता है. भारत सेमीकंडक्टर ग्रेड कॉपर के लिए आयात पर निर्भर है, क्योंकि घरेलू उत्पादक कंपनियां जैसे हिंदुस्तान कॉपर, स्टरलाइट और हिंडाल्को इस ग्रेड का उत्पादन बड़े पैमाने पर नहीं करती हैं.

ईवाई इंडिया के कुणाल चौधरी ने बताया कि भले ही सेमीकंडक्टर सीधे इस टैरिफ से प्रभावित नहीं हो रहे, लेकिन कॉपर की कीमतों में अस्थिरता और सप्लाई बाधाएं लागत बढ़ा रही हैं. इससे भारत की सेमीकंडक्टर परियोजनाएं धीमी हो सकती हैं.

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि सरकार इस फैसले के भारतीय उद्योग पर प्रभाव का मूल्यांकन कर रही है. उद्योग संगठनों का मानना है कि अगर क्रॉस-डंपिंग और सप्लाई चेन बाधाएं बढ़ती हैं, तो कुछ क्षेत्रों के लिए सरकार को राहत और नीति बदलाव की जरूरत पड़ सकती है. ट्रंप की यह संरक्षणवादी नीति वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संतुलन को प्रभावित कर रही है. भारत के लिए यह एक अवसर भी है कि वह घरेलू उत्पादन बढ़ाकर रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े, लेकिन इसके लिए जरूरी निवेश और नीति समर्थन की सख्त आवश्यकता है.

## अब घर के लिए पीएफ से निकाल सकेंगे 90 प्रतिशत तक अपनी रकम

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

नौकरी की न्यूनतम अवधि भी घटी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ निकालने के नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जो उन कर्मचारियों के लिए फायदेमंद साबित होगा जो अपना पहला घर खरीदने की योजना बना रहे हैं. अब ईपीएफ सदस्य अपने पहले घर की खरीद, निर्माण या होम लोन की ईएमआई चुकाने के लिए अपने पीएफ खाते से 90 प्रतिशत तक राशि निकाल सकते हैं.

नए नियम ईपीएफ स्कीम 1952 के पैरा 68-बीडी के तहत लागू किए गए हैं. पहले पीएफ से एडवांस निकालने के लिए कम से कम पांच साल तक लगातार नौकरी करना जरूरी था. लेकिन अब इस नियम में ढील दी गई है और कर्मचारी पीएफ खाता खुलने के सिर्फ तीन साल बाद ही यह राशि निकाल सकते हैं. इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा उन लोगों को मिलेगा जो अपना पहला घर जल्दी खरीदना चाहते हैं और डाउन पेमेंट या लोन की किश्त भरने के लिए बड़ी रकम की जरूरत है. हालांकि, यह सुविधा केवल एक बार के लिए उपलब्ध होगी. यानी कोई भी ईपीएफ सदस्य अपने जीवन में सिर्फ एक बार इस विकल्प का लाभ उठा सकता है. इस नए नियम से घर खरीदने की योजना बना रहे ईपीएफ सदस्यों को अब अधिक वित्तीय सुविधा मिलेगी और वे बिना लंबी नौकरी की शर्त के भी अपने सपनों का घर खरीद सकेंगे.

### आयात | अमेरिका की टैक्स छूट से जून में चीन के निर्यात में तेजी

# आयात में भी इस वर्ष पहली बार देखी गयी वृद्धि

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



अमेरिका द्वारा कुछ चीनी उत्पादों पर लगाए गए टैक्स में छूट देने के बाद जून में चीन का निर्यात तेज़ी से बढ़ा है. अमेरिकी कंपनियों और ग्राहकों ने आगामी टैक्स समय सीमा से पहले भारी मात्रा में ऑर्डर दिए, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिला. जून में चीन के निर्यात में सालाना आधार पर 5.8% की वृद्धि दर्ज की गई, जो मई में 4.8% थी. यही नहीं, इस वर्ष पहली बार चीन के आयात में भी वृद्धि देखने को मिली है, जो 1.1% रही. यह जानकारी चीन के कस्टम विभाग द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से सामने आई है. हालांकि अमेरिका को ... वाले कई उत्पादों पर 25% तक का भारी-भरकम टैक्स लगाया था. इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी सामानों पर टैक्स बढ़ा दिया था. इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव काफी बढ़ गया था.

बढ़ते टैरिफ के चलते एक समय पर अमेरिकी दुकानदारों और आयातकों ने चीन से जूते, कपड़े, खिलौने जैसे उत्पाद मंगाना लगभग बंद कर दिया ... अचानक बदलावों से कंपनियों को रणनीति बनाने में कठिनाई हो रही है. ट्रंप प्रशासन ने फिर से कुछ चीनी उत्पादों पर 30% तक टैक्स बढ़ा दिए हैं, जिससे स्थिति अनिश्चित बनी हुई है. इसके बावजूद चीन का कुल ट्रेड (निर्यात और आयात) 20 ट्रिलियन युआन (लगभग 2.8 ट्रिलियन डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. इसका श्रेय चीनी कंपनियों द्वारा अपने वैश्विक उत्पादन और निर्यात बाजारों में की गई विविधता को जाता है.

जनवरी से जून के बीच चीन का ग्लोबल ट्रेड सरप्लस 586 अरब डॉलर रहा. दक्षिण पूर्व एशिया को होने वाले निर्यात में 13% की वृद्धि देखी गई. इसमें थाईलैंड को भेजे गए सामान में 22%, वियतनाम को लगभग 20% और भारत को 18% से अधिक की बढ़ोतरी हुई. यूरोप के साथ व्यापार में भी 6.6% की वृद्धि दर्ज की गई. इस बीच, चीन की अर्थव्यवस्था की दूसरी तिमाही में विकास दर 5.2% रही, जो विश्लेषकों की 5.1% की उम्मीद से बेहतर है. पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 5.4% थी.

### एलन मस्क की दौलत में 21 हजार करोड़ की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** टेस्ला ने भारत में आधिकारिक तौर पर कदम रख दिया है और इसके साथ ही कंपनी के सीईओ एलन मस्क की किस्मत भी चमक उठी है. ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, टेस्ला के शेयरों में 1 फीसदी से अधिक की तेजी आई है, जिससे मस्क की नेटवर्थ में करीब 2.47 बिलियन डॉलर यानी 21 हजार करोड़ रुपए का इजाफा दर्ज किया गया है. इस बढ़ोतरी के साथ एलन मस्क की कुल संपत्ति 362 अरब डॉलर तक पहुंच गई है. हालांकि, 2025 में अब तक उनकी संपत्ति में 70 अरब डॉलर की गिरावट भी देखी गई थी. भारत में टेस्ला की मजबूत शुरुआत से निवेशकों में भरोसा लौटा है, जिसका असर सीधे मस्क की नेटवर्थ पर पड़ा है. विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जैसे बड़े बाजार में टेस्ला की मौजूदगी से कंपनी की बिक्री और ब्रांड वैल्यू दोनों में इजाफा होगा, जिससे आने वाले समय में एलन मस्क की संपत्ति में और भी तेजी देखी जा सकती है.

### नथिंग फ़ोन (3) और नथिंग हेडफ़ोन (1) भारत में लॉन्च

**नयी दिल्ली।** लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने आज भारत में अपने दो प्रमुख उत्पादों — नथिंग फ़ोन (3) और नथिंग हेडफ़ोन (1) की आधिकारिक बिक्री की घोषणा की है. ये दोनों उत्पाद दोपहर 12 बजे से देश भर में उपलब्ध होंगे. नथिंग फ़ोन (3) कंपनी का पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफोन है, जबकि नथिंग हेडफ़ोन (1) कंपनी का पहला ओवर-ईयर ऑडियो डिवाइस है. नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफोन उद्योग में कई नवाचार लेकर आया है. इसमें 1/1.3₹ मुख्य सेंसर वाला प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जो कम रोशनी में बेहतरीन तस्वीरें खींचता है. इसके अलावा, लॉसलेस ऑप्टिकल ज़ूम और सभी लेंसों पर सिनेमैटिक वीडियो कैप्चरिंग सुविधा उपलब्ध है. फोन में 6.67 इंच का वाइब्रेंट एमोलेड डिस्प्ले है, जिसमें अल्ट्रा-नैरो बेज़ेल्स हैं. यह डिवाइस स्नैपड्रैगन 8एस जेन 4 चिपसेट से लैस है और प्रीमियम मॉड्यूलर डिजाइन में उपलब्ध है.

### एंथम बायोसाइंसेस का आईपीओ पहले दिन 77% भरा

**नयी दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित दवा अनुसंधान और निर्माण क्षेत्र की कंपनी एंथम बायोसाइंसेस का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 14 जुलाई को खुल चुका है और निवेशक 16 जुलाई तक इसमें आवेदन कर सकते हैं. कंपनी सीआरडीएमओ मॉडल पर काम करती है, जिसमें वह दवाओं के अनुसंधान, विकास और निर्माण से जुड़ी सेवाएं देती है. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इस आईपीओ को पहले ही दिन शानदार प्रतिक्रिया मिली और यह करीब 77% सब्सक्राइब हो गया. कुल 33.83 मिलियन शेयरों के लिए बिड प्राप्त हुई हैं, जबकि इश्यू साइज केवल 4.4 मिलियन शेयरों का है. सब्सक्रिप्शन डिटेल्स के अनुसार एनआईआई (नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशक) कोटा 1166%, रिटेल निवेशक कोटा 0.61% और क्यूआईबी कोटा 37% है.

### केसीसी के तहत 5 लाख तक मिलेगा सस्ता कृषि लोन

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार की किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना किसानों के लिए खेती-किसानी को आसान और किफायती बनाने में मददगार साबित हो रही है. अब इस योजना के तहत किसान सिर्फ 4% सालाना ब्याज दर पर 5 लाख तक का कर्ज ले सकते हैं. सरकार इसमें 2% ब्याज सब्सिडी और 3% समय पर भुगतान पर बोनस देती है, जिससे कुल मिलाकर किसानों को भारी राहत मिलती है. केसीसी योजना की शुरुआत 1998 में हुई थी, जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर और आसान शर्तों पर कृषि कार्यों के लिए लोन मुहैया कराना था. किसान इस कार्ड का उपयोग बीज, खाद, कीटनाशक, उपकरण और अन्य खेती संबंधी जरूरतों के लिए कर सकते हैं.

### एनवीडिया को मिली चीन में एआई चिप्स बेचने की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एनवीडिया को चीन को एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) विकसित करने में इस्तेमाल होने वाले अपने उन्नत एच20 कंप्यूटर चिप्स बेचने की मंजूरी ट्रम्प प्रशासन से मिल गई है. यह जानकारी एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कंपनी के ब्लॉग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की. हुआंग ने चीन के सरकारी चैनल सीजीटीएन पर कहा कि "दुनिया के सबसे अधिक एआई शोधकर्ता चीन में हैं" और यह क्षेत्र इतना गतिशील है कि अमेरिकी कंपनियों को वहां प्रतिस्पर्धा करने और सेवा देने का अवसर मिलना चाहिए.

# देश-विदेश




## न्यूज अपडेट

### अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे में टोल टैक्स की वसूली स्थगित हुई

**गांधीनगर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे को लेकर विशेष घोषणा की है. भारतमाला प्रोजेक्ट अंतर्गत महत्वपूर्ण अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे (एनएच-754के) पर सांचौर-सांतलपुर सेक्शन के पैकेज-4 में हाल में मरम्मत कार्य के चलते यहां 28.71 किलोमीटर के स्ट्रेच में लागू टोल टैक्स (पथ कर) अल्पकाल के लिए स्थगित किया गया है. एनएचएआई की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 15 जुलाई की सुबह 8 बजे से यह लागू हो जाएगा. मरम्मत का निर्धारित कार्य पूर्ण होने तक 28.71 किलोमीटर के स्ट्रेच का टोल नागरिकों के लिए फ्री रहेगा.

### 34 भारतीय मछुआरों को बांग्लादेशी तटरक्षकों ने हिरासत में लिया

**दक्षिण 24 परगना।** बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने के दौरान गलती से बांग्लादेशी सीमा में प्रवेश करने के बाद 34 भारतीय मछुआरों को बांग्लादेश कोस्ट गार्ड ने हिरासत में ले लिया है. रविवार रात करीब 2 बजे ट्रॉलर में सवार 34 भारतीय मछुआरों को बांग्लादेश तटरक्षकों ने हिरासत में ले लिया. यह घटना मोंगला बंदरगाह से करीब 77 नॉटिकल मील दूर समुद्र में हुई. मछुआरा संगठनों से मिली जानकारी के अनुसार, ये सभी मछुआरे पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन क्षेत्र के निवासी हैं. रोजी-रोटी की तलाश में समुद्र में गए ये मछुआरे अंधेरा और खराब मौसम की वजह से रास्ता भटक गए और गलती से बांग्लादेश की समुद्री सीमा में प्रवेश कर गए. बांग्लादेशी तटरक्षकों ने मछुआरों के दोनों ट्रॉलरों और बाकी सामान भी जब्त कर लिए.

### दुर्ग में होटल कारोबारी विजय अग्रवाल के बंगले पर ईडी की छापेमारी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार सुबह दुर्ग जिले के दीपक नगर स्थित एक बड़े कारोबारी, होटल व्यवसायी और सागर होटल के मालिक विजय अग्रवाल के बंगले और कार्यालय पर छापा मारा है. विजय अग्रवाल का नाम दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के बड़े कारोबारियों में शुमार है. ईडी टीम के साथ सुरक्षा के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान साथ में तैनात हैं. यहां 3 गाड़ी में सुबह 6 बजे ईडी की टीम पहुंची, जिसमें सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं. सागर ग्रुप के अलग-अलग नाम से कई फर्म है. इस ग्रुप के परिवार से जुड़े लोगों ने छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार में मिड डे मील का एक बड़ा काम लिया था.

### सीरिया के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप अनुचितः असद

**ब्रुसेल्स।** सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शिबानी ने दक्षिणी सीरिया में इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) द्वारा किए गए टैंक हमलों पर परोक्ष रूप से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी को भी सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है. यह टिप्पणी उन्होंने बातचीत के दौरान की, जब वे बीते दिनों बेदुइन जनजातियों और ड्रूज़ लड़ाकों के बीच हुई हिंसक झड़पों पर बोल रहे थे. यहीं पर इजराइल ने आज टैंकों पर हमला किया था. विदेश मंत्री शिबानी ने कहा, हथियार उठाना सिर्फ राज्य की जिम्मेदारी है, किसी और की नहीं. सीरिया धीरे-धीरे फिर से अरब जगत और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्वाभाविक स्थिति में लौट रहा है.

### महासचिव गुटेरेस ने सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति पर जताई चिंता

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा है कि वैश्विक वकास से जुड़े केवल 35 प्रतिशत सतत विकास लक्ष्य ही तय समय तक हासिल होने की दिशा में हैं, जबकि शेष लक्ष्य या तो धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं या पीछे जा रहे हैं. उन्होंने इसे वैश्विक विकास का आपातकाल बताया. महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में 'सतत विकास लक्ष्य रिपोर्ट 2025' जारी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में उक्त बातें कहीं. उन्होंने बताया कि बीते दस वर्षों में शिक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल पहुंच और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. बाल विवाह में कमी आई है और महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है. 80 करोड़ से अधिक लोग अब भी अत्यधिक गरीबी में जीवन बिता रहे हैं.

### डॉ एस जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भेंट की

**बीजिंग।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से शिष्टाचार मंगलवार को भेंट की और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं. डॉ जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात की. उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुभकामना संदेश प्रेषित किये. इसके साथ ही द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति के बारे में अवगत कराया. विदेश मंत्री ने एक्स पर इससे जुड़ी तस्वीर भी साझा की. कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति शी को हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हाल ही में हुई प्रगति से अवगत कराया. इस संबंध में वे दोनों देशों नेताओं के मार्गदर्शन को महत्व देते हैं.

## 5000 से अधिक भारतीय तीर्थयात्री काठमांडू में फंसे

**काठमांडू।** काठमांडू स्थित चीनी दूतावास की ओर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए वीजा प्रक्रिया में देरी करने के कारण करीब 5000 से अधिक भारतीय श्रद्धालु काठमांडू में फंसे हुए हैं. नेपाल में कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराने वाले टूरिस्ट और ट्रैकिंग कंपनियों ने चीनी दूतावास से अनुरोध किया है कि वो वीजा प्रक्रिया में देरी किए बिना भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा को सहज बनाने में मदद करे. भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराने वाले टूर ऑपरेटरों के संगठन एसोसिएशन ऑफ कैलाश टूर ऑपरेटर्स नेपाल के महासचिव प्रदीप पंडित ने बताया कि चीनी दूतावास की तरफ से वीजा प्रक्रिया में विलंब किए जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. नेपाल और चीन को जोड़ने वाला तातोपानी नाका और रसुवा नाका दोनों ही इस बार बाढ़, बारिश तथा भूस्खलन के कारण बंद हो गए हैं. इस कारण से भी सड़क मार्ग से कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले भारतीय श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है. प्रमोद पंडित ने बताया कि इस समय पांच हजार से अधिक भारतीय तीर्थयात्री काठमांडू में ही फंसे हुए हैं. उन्होंने बताया कि नेपाल सरकार के माध्यम से तथा स्वयं टूर ऑपरेटर्स भी चीनी दूतावास के अधिकारियों से वीजा प्रक्रिया में देरी नहीं करने के लिए बार-बार आग्रह कर रहे हैं लेकिन चीनी दूतावास की तरफ से सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा है. नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से भी चीनी दूतावास से समन्वय का काम किए जाने की जानकारी दी गई है.

## अमेरिकी शिक्षा विभाग में छंटनी का रास्ता हुआ साफ

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से डोनाल्ड ट्रंप खुश

**एजेंसी। वाशिंगटन**

ट्रंप प्रशासन अब संयुक्त राज्य अमेरिका के शिक्षा विभाग में अपने हिसाब से छंटनी कर सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने फैसले में ट्रंप प्रशासन को शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर छंटनी की योजना को अनुमति प्रदान कर दी. इस योजना पर पहले एक संघीय न्यायाधीश ने रोक लगा दी थी. रूढ़िवादी बहुमत वाली शीर्ष अदालत ने बिना किसी स्पष्टीकरण के प्रशासन की आपातकालीन अर्जी को स्वीकार कर लिया. एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, शीर्ष अदालत के तीन उदारवादी सदस्यों ने इस फैसले पर आपत्ति जताई. न्यायमूर्ति सोनिया सोतोमयोर ने तो तीखी असहमति व्यक्त की. उन्होंने लिखा, ₹ कार्यपालिका ने सार्वजनिक रूप से कानून तोड़ने की अपनी मंशा की घोषणा की है. न्यायपालिका का कर्तव्य यह है कि उसे ऐसा करने से रोके ना कि मनमानी करने की छूट दे.₹ सोतोमयोर ने कहा, न्यायालय का बहुमत या तो जानबूझकर अपने फैसले के निहितार्थों के प्रति अंधा है या फिर नासमझ है. यह फैसला संविधान के शक्तियों के पृथक्करण के लिए गंभीर खतरा है. उन्होंने कहा कि यह फैसला संविधान की ₹स्पष्ट अवहेलना₹ करता है.

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शीर्ष अदालत के फैसले की सराहना की. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह घोषणा करके देश भर के अभिभावकों और छात्रों को एक बड़ी जीत दिलाई है. अब ट्रंप प्रशासन शिक्षा विभाग को राज्यों को सौंपने की दिशा में आगे बढ़ेगा. अब शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया की शुरू कर सकती हैं. सनद रहे, इस साल की शुरुआत में पदभार ग्रहण करने के बाद ट्रंप ने इस संबंध में कार्यकारी आदेश जारी किया था. इसमें कहा गया था कि प्रशासन शिक्षा विभाग को बंद करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा. इसके बाद लिंडा मैकमोहन ने बड़े पैमाने पर छंटनी का आदेश दिया था.




इसके बाद डेमोक्रेसी फॉरवर्ड की मुख्य कार्यकारी स्काई पेरीमैन के नेतृत्व में समूहों ने कानून की चौखट पर दस्तक दी. पैरीमैन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सार्वजनिक शिक्षा के लिए विनाशकारी बताया है. पेरीमैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने एक बार फिर बिना किसी तर्क के दो निचली अदालतों के फैसले को पलटा है. यह निराशाजनक है. कांग्रेस स्थापित शिक्षा विभाग को खत्म करने की ट्रंप-वेंस प्रशासन की कार्रवाई असंवैधानिक है. शिक्षा विभाग के इस मामले में मैसाचुसेट्स स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश म्योंग जॉन ने 22 मई के अपने फैसले में लिखा था कि सबूत यह दर्शाते हैं कि प्रतिवादियों का असली इरादा बिना किसी अधिकृत कानून के विभाग को प्रभावी ढंग से खत्म करना है. सॉलिसिटर जनरल डी. जॉन सॉयर ने इस पर कहा था कि जॉन की टिप्पणी राष्ट्रपति के अधिकारों पर अतिक्रमण करती है. न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने कहा कि चुनौती देने वालों ने दिखाया है कि ट्रंप का कदम मनमाना और असंवैधानिक था. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से इतना तो तय है कि शिक्षा विभाग के 1,400 कर्मचारियों को फिर से काम पर रखने का निचली अदालत का आदेश रद्दी हो चुका है. इस फैसले ने ट्रंप को शिक्षा विभाग को खत्म करने की खुली छूट दे दी है. उदारवादी जस्टिस सोनिया के साथ जस्टिस एलेना कागन ने इस फैसले को संविधान की शक्तियों के बंटवारे के लिए खतरा बताया है.

## न्यूज अपडेट

### मध्य प्रदेश में पुलिस ने शुरू किया नशे से दूरी है जरूरी अभियान

**भोपाल।** नशा कई जिंदगियों को बर्बाद करने का कारण बन रहा है. प्रदेश में आए कई मामलों को देखते हुए आज यानी कि 15 जुलाई ने मध्य प्रदेश पुलिस नशामुक्त राज्य बनाने की दिशा में एक वृहद जन-जागरूकता अभियान ₹नशे से दूरी – है जरूरी₹ की शुरुआत करने जा रही है. यह अभियान 30 जुलाई तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में यह अभियान पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स विंग द्वारा चलाया जाना है. इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) केपी वेंकटेश्वर राव का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है.

### नेपाल के सामान्य प्रशासन मंत्री राजकुमार गुप्ता ने इस्तीफा दिया

**काठमांडू।** नेपाल के संघीय मामलों एवं सामान्य प्रशासन मंत्री राजकुमार गुप्ता ने रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया है. उनका इस्तीफा एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद आया है जिसमें उनकी कथित तौर पर रिश्वत मांगने की आवाज सुनाई दे रही है. विपक्षी दल गुप्ता के तत्काल इस्तीफे और कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे थे. विपक्ष सरकार पर मंत्री को बचाने का आरोप लगा रहा था. पद छोड़ने से पहले गुप्ता ने सुबह प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की. बताया गया है कि प्रधानमंत्री ओली ने गुप्ता को पद छोड़ने का निर्देश दिया. गुप्ता ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कभी-कभी नहीं खाया हुआ विष का भी असर होता है.

### पंजाब व खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बरसात से तबाही, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मानसून की बारिश ने कहर बरपाया. आंधी-पानी और बाढ़ से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. अकेले पंजाब प्रांत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 62 घायल हो गए. खैबर पख्तूनख्वा में छह लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों का कहना है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, दोनों प्रांतों में सोमवार को काले बादलों ने आसमान को चीर दिया. मूसलाधार बारिश से अधिकांश इलाके जलमग्न हो गए. छतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं. पिछले 24 घंटों में अकेले पंजाब में कम से कम नौ लोगों की जान चली गई. राजनपुर और उसके आगे बाढ़ जैसा नजारा है.

### इजराइल ने ड्रूज समुदाय के समर्थन में किया सैन्य हस्तक्षेप

**तेलअवीव।** सीरिया के स्वीदा प्रांत में ड्रूज और सरकार समर्थक बेदोइन समुदाय के बीच भड़की सांप्रदायिक हिंसा में करीब 100 लोग मारे गए हैं. अप्रैल में भी ड्रूज लड़ाकों और सीरियाई सेना के बीच झड़पें हो चुकी हैं. ड्रूज, जो न तो मुस्लिम हैं और न ही ईसाई, अपने धार्मिक कार्य गुप्त तरीके से करते हैं और सीरिया में लगभग 7 लाख की आबादी में शामिल हैं. इस हिंसा को लेकर इजराइल ने ड्रूज समुदाय के समर्थन में सैन्य हस्तक्षेप किया है. इजराइली सेना ने स्वीदा प्रांत के अल-सामी गांव में कई टैंकों पर बमबारी की है और साफ कहा है कि वे ड्रूज को नुकसान पहुंचने नहीं देंगे. इजराइली रक्षा मंत्री इसरायल काट्ज़ ने चेतावनी दी कि अगर खतरा होगा तो वे ड्रूज की रक्षा के लिए आगे बढ़ेंगे.

## नक्सलियों ने अब स्वीकारा- एक साल में में मारे गए 357 साथी

**एजेंसी। बीजापुर**

सालभर में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 357 नक्सली मारे गए हैं. नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने मंगलवार को जारी प्रेसनोट और बुकलेट में यह स्वीकार किया है. जारी बुकलेट व प्रेसनोट को लेकर हिन्दुस्थान समाचार कोई आधिकारिक दावा नहीं करता है. नक्सलियों ने 24 पेज का गोंडी बोली और अंग्रेजी में बुकलेट भी जारी किया. जारी बुकलेट में लिखा है कि सालभर में नक्सलियों के पोलित ब्यूरो मेंबर और नक्सल संगठन के महासचिव बसवा राजू समेत सेंट्रल कमेटी के 4 सदस्य, स्टेट कमेटी के 16 सदस्य मारे गए हैं. इन 357 में 136 महिला नक्सली भी मारी गई हैं. सबसे ज्यादा दंडकारण्य में 281 नक्सली ढेर हुए हैं. वहीं, पुलिस के अनुसार पिछले डेढ़ साल में सिर्फ बस्तर में ही करीब 420 से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर किया है. नक्सलियों के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 बिहार-झारखंड, 23 तेलंगाना, 281 दंडकारण्य, 9 आंध्र-ओडिशा विशेष क्षेत्र/आंध्र प्रदेश, 8 महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमएमसी), 20 ओडिशा, 1 पश्चिमी घाट और 1 पंजाब से हैं. उनके 4 साथी खराब स्वास्थ्य और अनुचित उपचार के कारण, 1 दुर्घटना में, 80 फर्जी मुठभेड़ों में और 269 घेराबंदी हमलों में मारे गए. मारे गए नक्सलियों में बसवा राजू समेत राज्य समिति स्तर के 16, जिला समिति के 23, एसी/पीपीसी के 83, पार्टी के 138 सदस्य, पीएलजीए के 17 सदस्य, जन संगठनों के 6 सदस्य और 34 लोग शामिल हैं. 36 लोगों का विवरण उपलब्ध नहीं है. नक्सलियों का कहना है कि अधिकांश कगार युद्ध में मारे गए हैं.

## ताइवान के वायु क्षेत्र में घुसे चीन के 26 सैन्य विमान

**ताइपे।** चीन अपनी विस्तारवादी नीति से बाज नहीं आ रहा. आज सुबह चीन के सैन्य विमानों ने ताइवान में घुसपैठ की. ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि मंगलवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों, सात नौसैनिक जहाजों और एक आधिकारिक जहाज को सक्रिय होते देखा गया. ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चीन के 26 सैन्य विमानों में से 21 ने मध्य रेखा पार करके ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया. ताइवान के सशस्त्र बलों ने माकूल जवाब देने के लिए अपने विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय मिसाइल प्रणालियां तैनात कीं. एक अन्य एक्स पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सशस्त्र बलों ने रात्रिकालीन रन-वे मरम्मत अभ्यास किया था.

## न्यूयॉर्क व पांच उपनगरों में तूफान से तबाही, न्यू जर्सी में आपातकाल

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क और पांच उपनगरों में तूफान से भारी तबाही हुई है. सब-वे और राजमार्गों पर पानी भर गया है. प्रशासन ने भारी बारिश की सभी पांच उपनगरों में बाढ़ की चेतावनी जारी की. न्यू जर्सी के गवर्नर फिलिप डी. मर्फी ने हालात के मद्देनजर आपातकाल की घोषणा की. सोमवार रात न्यूयॉर्क शहर और उसके उपनगरों में भारी बारिश हुई है. इससे मेट्रो सिस्टम के कुछ हिस्सों में पानी भर गया. प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं. इसका असर विमानों के आगमन और प्रस्थान पर भी पड़ा. धीमी गति के इस तूफान ने मध्य-अटलांटिक के बड़े हिस्से को पानी-पानी कर दिया. इस वजह से मध्य वर्जीनिया से न्यूयॉर्क शहर तक अचानक बाढ़ आ गई. बाढ़ का पानी मेट्रो ट्रेन के डिब्बों में घुस गया. इस दौरान वाहन जलमग्न हो गए. बाढ़ के पानी ने एक पेट्रोल पंप के ईंधन पंपों को तहस-नहस कर दिया.

मौसम विज्ञानी जो वेगमैन ने बताया कि कुछ इलाकों में सात इंच तक बारिश हुई. सोमवार देर रात तूफान कमजोर पड़ गया. सोमवार रात राष्ट्रीय मौसम सेवा ने न्यूयॉर्क के सभी पांच उपनगरों में बाढ़ की चेतावनी जारी की. आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए आगाह किया.

**उपलब्धि** | डीआरडीओ ने नौसेना को सौंपी छह स्वदेशी डिजाइन व विकसित उत्पाद प्रणालियां

# भारत की समुद्री सेना की ताकत अब और बढ़ जाएगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय नौसेना को 6 रणनीतिक स्वदेशी रूप से विकसित प्रणालियां सौंपी हैं, जिससे समुद्री सेना की ताकत बढ़ेगी. इसके अलावा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया पहला भारत में निर्मित किफायती उन्नत कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस का तेलंगाना में अनावरण किया गया. आयातित कृत्रिम पैर की लागत लगभग दो लाख रुपये है, जबकि भारत में विकसित इस उत्पाद की कीमत 20 हजार रुपये से भी कम होगी. रक्षा अनुसंधान एवं विकास सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी. कामथ ने रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में नौसेना मुख्यालय के रियर एडमिरल श्रीराम



अमूर एसीएनएस (एसएसपी) को ये उत्पाद सौंपे. भारतीय नौसेना को सौंपे गए छह रणनीतिक स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित उत्पादों में गामा विकिरण हवाई निगरानी प्रणाली (ग्रास), पर्यावरण निगरानी वाहन (ईएसवी), वाहन रेडियोलॉजिकल संदूषण निगरानी प्रणाली (वीआरसीएमएस), जल के भीतर गामा विकिरण निगरानी प्रणाली (यूजीआरएमएस), डर्ट एक्सट्रैक्टर और क्रॉस संदूषण मॉनिटर (डेकॉम) और ऑर्गन रेडियोधर्मिता पहचान प्रणाली (ओआरडीएस) हैं.

मानव रहित गामा विकिरण हवाई निगरानी प्रणाली पर्यावरणीय निरंतर निरीक्षण और गंभीर दुर्घटनाओं में आपातकालीन निरीक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. गामा विकिरण डिटेक्टर एक विकिरण निगरानी प्रणाली का दिल बनाता है, इसलिए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के आसपास के क्षेत्र में इस तरह के डिटेक्टरों की तैनाती महत्वपूर्ण है. पर्यावरण निगरानी वाहन विभिन्न पर्यावरणीय मापदंडों को मापने और निगरानी करने के लिए सेंसर और उपकरणों से सुसज्जित होता है. यह वाहन वायु गुणवत्ता, जल गुणवत्ता, ध्वनि प्रदूषण और विकिरण स्तर जैसे विभिन्न कारकों की निगरानी करके डेटा को एकत्र करके विश्लेषण के लिए भेजता है. नौसेना को सौंपी गई वाहन रेडियोलॉजिकल संदूषण निगरानी प्रणाली वाहनों में रेडियोधर्मी संदूषण का पता लगाने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही प्रदूषण को फैलने से रोका जा सके. ये प्रणालियां आमतौर पर वाहनों के माध्यम से गुजरने वाले रेडियोधर्मी पदार्थों का पता लगाने के लिए डिटेक्टरों का उपयोग करके खतरे की स्थिति में अलर्ट जारी करती हैं. गामा विकिरण निगरानी प्रणाली पानी के अंदर गामा विकिरण के स्तर को मापने के लिए एक विशेष प्रणाली है. यह प्रणाली समुद्र, झीलों या अन्य जल निकायों में रेडियोधर्मी प्रदूषण या असामान्य विकिरण स्तरों का पता लगाने में मदद करती है. इस प्रणाली में आमतौर पर एक या एक से अधिक गामा किरण डिटेक्टर होते हैं, जो पानी के भीतर स्थापित किए.

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री होंगी यूलिया स्विरीडेन्को

**कीव।** यूक्रेन की अगली प्रधानमंत्री यूलिया अनातोलीवना स्विरीडेन्को होंगी. सोवियत संघ के चेर्निगोव में 25 दिसंबर, 1985 को जन्मीं यूलिया इस समय यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री (प्रथम) हैं. वो मौजूदा प्रधानमंत्री डेनिस श्म्यहाल का स्थान लेंगी. उनके जन्मस्थान का नाम बदलकर चेर्निहीव हो चुका है. चेर्निहीव अब यूक्रेन में है. यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने उनकी नई जिम्मेदारी तय की है. जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट में लिखा, मैंने प्रस्ताव दिया है कि यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन सरकार का नेतृत्व करें. वह प्रधानमंत्री कार्यालय के कामकाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाएं. मैं निकट भविष्य में नई सरकार की कार्ययोजना के प्रस्तुतीकरण की प्रतीक्षा कर रहा हूं.' जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने यूलिया स्विरीडेंको के साथ बैठक की.

## डॉ. मोहन यादव ने दुबई में भारत मार्ट का किया दौरा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी तीन दिवसीय दुबई यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के उद्योगपतियों से मुलाकात की और प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की. इस अवसर पर उन्होंने दुबई में स्थापित भारत मार्ट का दौरा भी किया, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार को गति देने वाला एक प्रमुख केंद्र है. उन्होंने इसे मध्य प्रदेश के लिए वैश्विक साझेदारी के एक सशक्त मंच के रूप में देखा. 13 से 15 जुलाई तक चले इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कई व्यापारिक बैठकों में भाग लिया और निवेश संवाद कार्यक्रमों में प्रदेश की नीतियों और औद्योगिक अवसरों को प्रस्तुत किया. दौरे के समापन पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने इस यात्रा को ₹विकास यात्रा की एक मजबूत नींव₹ बताते हुए इसे राज्य के आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया. मुख्यमंत्री ने कहा कि दुबई प्रवास के दौरान डीपी वर्ल्ड, जाएफजा (जेबेल अली फ्री जोन) और अन्य प्रमुख औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई. भारत मार्ट जैसी वैश्विक परियोजनाओं को लेकर सहमति बनी, जो मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने में सहायक होगी. उन्होंने पीएम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2015 से ही प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई की वैश्विक क्षमता को पहचाना है.

स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)